www.epaper.azadsipahi.com

* ओड़िशा संस्करण

01 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची

शनिवार, वर्ष 07, अंक 341

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## या देवी सर्वभूतेषु मां कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥



रांचीः आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का पट शुक्रवार को खुला।

### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव : नामांकन के आखिरी दिन तीन दावेदार

# सोनिया-राहुल गांधी की पसंद मल्लिकार्जुन चुनाव मैदान में कूदे

- शशि थरूर और केएन त्रिपाठी ने भी नामांकन दाखिल किया
- मल्लिकार्जुन खड़गे का जीतना तय, 30 पार्टी नेता बने प्रस्तावक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को आखिरी दिन तीन नामांकन हुए। पहला नामांकन शशि थरूर, दूसरा नामांकन झारखंड के केएन त्रिपाठी और तीसरा नॉमिनेशन मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। इसके साथ ही तय हो गया है कि अगला अध्यक्ष गैर-गांधी ही होगा। सोनिया और राहुल की पसंद मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। यह नामांकन के समय ही साफ हो गया। क्योंकि खड़गे के प्रस्तावकों की लिस्ट में 30 बड़े नेताओं के नाम हैं। इनमें जी-23 के बड़े चेहरे आनंद शर्मा और मनीष तिवारी भी शामिल हैं। वहीं, थरूर और त्रिपाठी के प्रस्तावकों में इक्का-दुक्का नेता थे।

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन गांधी परिवार के भरोसेमंद मल्लिकार्जुन खड़गे ने वाइल्ड कार्ड एंट्री मारी। गुरुवार देर रात तक सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के बीच नये अध्यक्ष को लेकर मीटिंग हुई, जिसके बाद शुक्रवार सुबह खड़गे को 10 जनपथ पर बुलाया गया था। मौजूदा स्थिति में हाइकमान और पार्टी के टॉप लीडर्स के सपोर्ट से खड़गे का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।



## खड़गे जीते तो कांग्रेस के दूसरे दलित अध्यक्ष होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गांधी परिवार के बैकडोर सपोर्ट की वजह से खड़गे का कांग्रेस अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। सब कुछ सही रहा तो मजदूर आंदोलन से करियर की शुरूआत करने वाले खड़गे देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की कमान संभाल सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो खड़गे बाबू जगजीवन राम के बाद दूसरे दलित अध्यक्ष बनेंगे। जगजीवन राम 1970-71 में कांग्रेस के अध्यक्ष थे। खड़गे 50 साल से ज्यादा समय से पॉलिटिक्स में सक्रिय हैं। उन्हें 1969 में कर्नाटक के गुलबर्गा शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली थी। खड़गे 1972 में पहली बार विधायक बने। इसके बाद वे 2008 तक लगातार विधायक चुने जाते रहे। साल 2009 में पार्टी ने उन्हें गुलबर्गा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया। इसके बाद वह लोकसभा पहुंचे। वह लगातार दो बार 2009 और 2014 में सांसद बने। खड़गे अपने राजनीतिक करियर में नौ बार विधायक रह चुके हैं। 2014 की नरेंद्र मोदी लहर में पार्टी के कई दिग्गज नेता चुनाव हार गये। ऐसे में कर्नाटक के गुलबर्ग से आने वाले खड़गे ने अपनी सीट बचा ली।

### वैध उम्मीदवारों के नाम का एलान आज

कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और केएन त्रिपाठी ने फॉर्म जमा किया है। फॉर्मों की जांच कर वैध उम्मीदवार की शनिवार को घोषणा होगी। उन्होंने कहा कि इन तीन में से कोई भी पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार नहीं है। वे अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पूरी प्रक्रिया में तटस्थ रहेगी और अगर कोई दावा करता है कि उनके पास उनका समर्थन है, तो यह गलत है।


### अहमदाबाद से गांधीनगर जा रहे थे प्रधानमंत्री

# काफिले को रुकवा कर नरेंद्र मोदी ने एंबुलेंस को दिया रास्ता

- पीएम ने वंदे भारत को दिखायी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गृह राज्य गुजरात में एक एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए अपना काफिला रुकवा दिया। पीएम मोदी शुक्रवार को अहमदाबाद से गांधीनगर जा रहे थे। मोदी को एक रोड पर एंबुलेंस रुकी नजर आयी। उन्होंने तुरंत सुरक्षा कर्मियों को अपना काफिला रोक कर एंबुलेंस को निकलने देने का निर्देश दिया। इस दौरान कुछ देर उनके काफिले के वाहन रुके रहे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मोदी अहमदाबाद में सभा के बाद गांधीनगर की ओर जा रहे थे। पीएम मोदी ने गांधीनगर से मुंबई के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखायी। वे इस ट्रेन में सवार होकर गांधीनगर से अहमदाबाद के कालूपुर स्टेशन तक गये।



हाईवे पर नजर आ रही एंबुलेंस (दायें), जिसके लिए पीएम मोदी ने अपना काफिला रोक दिया था, यह फोटो प्रधानमंत्री के काफिले की एक गाड़ी से लिया गया है।

**साढ़े पांच घंटे में मुंबई पहुंचेगी वंदे भारत :** प्रधानमंत्री ने कहा कि अहमदाबाद और मुंबई के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन देश के दो बड़े शहरों के बीच सफर को आरामदायक भी बनायेगी और दूरी को भी आठ घंटे से घटा कर साढ़े पांच घंटे कर देगी। शताब्दी ट्रेन भी छह से सात घंटे तक का समय लेती है, लेकिन वंदे भारत साढ़े पांच घंटे में अहमदाबाद से मुंबई पहुंचा देगी।

**अहमदाबाद मेट्रो में की सवारी :** पीएम मोदी ने थलतेज और वस्त्राल के बीच अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इसमें सफर भी किया। प्रधानमंत्री ने मेट्रो ट्रेन के पूर्वी-पश्चिमी गलियारे के कालूपुर स्टेशन पर परियोजना का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, सांसद सी आर पाटिल और किरीट सोलंकी भी उनके साथ थे।

### वैश्विक व्यापार मांग के अनुरूप नये शहरों का निर्माण कर रहे : मोदी

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने और अहमदाबाद मेट्रो रेल के पहले चरण के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि देश में ऐसे नये शहरों का निर्माण किया जा रहा है जो वैश्विक व्यापार मांग के अनुरूप हों। इसके साथ ही पुराने शहरों में सुधार और उनके विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने गांधीनगर-अहमदाबाद की तर्ज पर देश में जुड़वां नगर विकसित किये जाने पर जोर दिया। जुड़वां नगर कैसे विकसित किये जाते हैं, इसका बेहतर उदाहरण गांधीनगर और अहमदाबाद हैं। ऐसे शहरों में न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी की अक्सर चर्चा होती है, ऐसे में भारत कैसे पीछे रह सकता है।

## प्रधानमंत्री आज करेंगे 5जी लांच

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दिल्ली के प्रगति मैदान में 5जी सेवाओं की शुरुआत करेंगे। 1 अक्तूबर से चार दिवसीय इंडिया मोबाइल कांग्रेस कार्यक्रम की शुरुआत होने वाली है। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी 5जी सर्विस की लॉन्चिंग करेंगे। 5जी के लिए पहले फेज में 13 शहरों का चयन किया गया है। इनमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, गांधीनगर, गुरुग्राम, हैदराबाद, जामनगर, लखनऊ, और पुणे आदि शामिल है।

## झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे संजय कुमार मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा होंगे। उत्तराखंड से झारखंड हाइकोर्ट ट्रांसफर किये गये जस्टिस संजय कुमार मिश्रा झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन के बाद दूसरे सबसे वरीय न्यायाधीश होंगे। जस्टिस संजय कुमार मिश्रा का जन्म 29 दिसंबर, 1961 को हुआ था। उनके पिता का नाम मारकंडेय मिश्रा और माता का नाम ज्योतिर्मयी मिश्रा है। उन्होंने स्कूली शिक्षा टिकरा अपर प्राइमरी स्कूल में ग्रहण की।

वर्ष 1977 में पृथ्वीराज हाई स्कूल, बोलांगीर से हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण की। 1982 में बोलांगीर के राजेंद्र कॉलेज से बीकॉम (ऑनर्स) पूरा किया। एम कॉम 1984 में दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरा करने के बाद एलएलबी 1987 में विधि संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरा किया। मार्च, 1988 से वकालत के पेशे में शामिल हुए और अपने पिता मारकंडेय मिश्रा के मार्गदर्शन में बोलांगीर जिला न्यायालय में अभ्यास शुरू किया। स्वतंत्र रूप से कई मामलों, सिविल सूट, सिविल अपीलों में केस लड़ा। इसके बाद जिला न्यायाधीशों की भर्ती परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 16 फरवरी, 1999 को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जयपुर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।



जिला और सत्र न्यायाधीश, सुंदरगढ़, ढेंकनाल, विशेष न्यायाधीश (सीबीआइ), भुवनेश्वर के रूप में भी काम किया। ओड़िशा हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के पद पर भी रहे। वह 7 अक्टूबर, 2009 को ओड़िशा हाइकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत हुए।

# पलामू के सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनडी 50 हजार घूस लेते गिरफ्तार

### एसीबी ने सिविल सर्जन के निजी आवास से रंगे हाथ दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनडी को 50 हजार घूस लेते हुए एसीबी की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एसीबी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि न्यू एरिया औरंगाबाद के रहने वाले गोल्डन कुमार के द्वारा सिविल सर्जन के बारे में शिकायत किया गया था। एसीबी को शिकायत में लिखा था कि सिविल सर्जन पेमेंट करने के लिए एक लाख रुपये घूस मांग रहे हैं।

बता दें कि सदर अस्पताल के साथ गोल्डन कुमार की कंपनी रशियन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ 9 मई 2022 को एमओयू हुआ था। रशियन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पलामू जिले के विभिन्न अस्पतालों में परिवार नियोजन का ऑपरेशन किया गया था। परिवार नियोजन का ऑपरेशन कराये जाने के बाद 10 प्रतिशत केस की जांच डीक्यूएसी के द्वारा किया गया था। डीक्यूएसी के जांच में सही पाया गया था। इसके बाद भुगतान किया जाना था। इस संबंध में गोल्डन कुमार ने डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता से मिला था।



डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता ने गोल्डन कुमार को बताया कि सिविल सर्जन डॉ जॉन एफ कैनेडी एक लाख रुपये घुस मांग रहे हैं, तभी आपके बिल का भुगतान किया जायेगा। इस संबंध में गोल्डन कुमार ने 16 सितंबर को सुबह 9 बजे जॉन एफ कैनेडी सिविल सर्जन के आवास पर उनसे मिला। सिविल सर्जन ने कहा की एक लाख देने के बाद ही तुम्हारा बिल का भुगतान किया जायेगा। उसके बाद आदेश निर्गत कर दिया जायेगा, जो आदेश निर्गत किया जायेगा, उसको 2 वर्ष तक बदला नहीं जायेगा। गोल्डन कुमार ने इस संबंध में एसीबी से शिकायत की। एसीबी ने दिये गये आवेदन के बाद तथ्यों का सत्यापन किया। सत्यापन में लगाये गये आरोप को सही पाया गया। इसके बाद धावा दल का गठन किया गया। इसके बाद गोल्डन कुमार ने शुक्रवार को जैसे ही सिविल सर्जन जॉन एफ कैनेडी को 50 हजार रिश्वत दिया। वैसे ही एसीबी ने रंगे हाथ सिविल सर्जन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उनका मेडिकल चेकअप किया गया। मेडिकल चेक अप करने के बाद सिविल सर्जन जॉन एफ कैनडी को जेल भेज दिया गया। एसीबी ने 29 सितंबर कांड संख्या 10/2022 दर्ज किया गया।




गीतांजलि क्लब
दुर्गा पूजा समिति
।। जय मां अम्बे।। ।। जय मां अम्बे।।
स्थापित 1977
गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति
के पूजा पंडाल का उद्घाटन समारोह दिनांक 01-10-2022 (शनिवार) को 6 बजे आयोजित किया गया है। आप सादर आमांत्रित हैं।
मुख्य अतिथि : श्री किशोर कौशल (एस.एस.पी., रांची)
विशिष्ठ अतिथि : प्रभात पांडे, गौरव अग्रवाल, अमरेन्द्र सिन्हा, बिनोद प्रसाद, बुलू गोप डॉ. राजेश गुप्ता उदय प्रताप सिंह, बैजनाथ प्रसाद, महावीर उरांव, राजू पांडेय
निवेदक : गीतांजलि क्लब दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्यगण मोराबादी, रांची

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,600 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



# आलाकमान को कटप्पा से भी बड़ा झटका दिया था गहलोत ने

आजाद सिपाही विशेष

एक समय इस बात को लेकर देश भर में सस्पेंस था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा! लेकिन अब उससे भी ज्यादा सस्पेंस लेकर आया है कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव। मानो देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष पद का चुनाव न हुआ, किसी को पट्टा लिखने जैसा हो गया। गांधी परिवार ऐसी दुविधा में फंसा कि राजस्थान की पूरी राजनीतिक जमीन ही हिल गयी। बागी लॉबी एक्टिव होने लगी। मूकदर्शक बने रहे सचिन पायलट। इसके सिवा उनके पास कोई रास्ता भी नहीं था। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी में माहौल ऐसा बना मानो गांधी परिवार किसी को पार्टी चलाने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी लिखने जा रहा हो। नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के नाम फाइनल हो चुके हैं। आज से चार दिन पहले जिस अशोक गहलोत को गांधी परिवार 24 कैरेट गोल्ड मान रही थी और वह अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के रूप में एक नंबर पर ट्रेंड कर रहे थे, अंत में सीन से बाहर हैं। नायक की जगह अब उन्हें खलनायक माना जाने लगा है। गहलोत प्रकरण के बाद एक-एक कर तीन दावेदार सामने आये। उनमें पहला नाम था शशि थरूर का, दूसरे चेहरे के रूप में सामने आये दिग्विजय सिंह और अंत में सबसे बड़ा चेहरे के रूप में मैदान कूद पड़े सोनिया-राहुल के विश्वासी मल्लिकार्जुन खड़गे। खड़गे के आते ही दिग्विजय सिंह अपने आप मैदान से बाहर हो गये। कांग्रेस अध्यक्ष पद के नामांकन की घोषणा के साथ ही अशोक गहलोत का अध्यक्ष पद के लिए जब नाम सामने आया, तो एकबारगी लगा था कि ताज इनके सिर पर बंध जायेगा, लेकिन जब परीक्षा की घड़ी आयी, तो सबसे पहले गहलोत ने ही आलाकमान को आंख दिखानी शुरू की। राहुल गांधी के एक व्यक्ति एक पद के रूल को उन्होंने धता बता दिया। राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी को भी वह अपनी मुट्ठी में रखना चाह रहे थे और अपने सिर पर अध्यक्ष का ताज भी बंधवाना चाह रहे थे। इसीलिए वह बागियों जैसा बर्ताव करने लगे। नतीजा यह हुआ कि मुख्यमंत्री की कुर्सी भी उनके तशरीफ से फिसलती हुई दिख रही है। ऐसे तो कांग्रेस पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से अध्यक्ष पद के चुनावों का दावा कर रही है, लेकिन यह भी साफ है कि इस कुर्सी पर वही बैठेगा, जिसे सोनिया-राहुल चाहेंगे। अगर चुनाव पारदर्शी होता तो नॉमिनेशन से पहले इतना सस्पेंस ही न होता। यह तो चुनावी प्रक्रिया के बाद का विषय है। इस पूरे प्रकरण से एक बात साफ है कि अगर गांधी परिवार ने थोड़ी भी छूट अपने नेताओं को दी, तो वे आपस में ही लड़-कट लेंगे। फिलहाल मल्लिकार्जुन खड़गे का पलड़ा भारी दिखाई पड़ रहा है। हो भी क्यों नहीं, गांधी परिवार के नवरत्नों में से वह भी एक रत्न हैं। नॉमिनेशन के साथ ही तय हो गया है कि अगला अध्यक्ष गैर-गांधी ही होगा। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर आखिर इतना बड़ा सस्पेंस क्यों क्रिएट किया गया इस पर से पर्दा उठा रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

कहते हैं, जब राजा को किसी मजबूरी के तहत अपने परिवार से अलग किसी को विरासत सौंपनी होती है, तो वह अपने सबसे करीबी दरबारी को ही ढूंढ़ता है। क्योंकि उसे अपना खड़ाऊं पूजक ही चाहिए होता है। कांग्रेस के साथ भी यही हुआ। जब यह तय हुआ कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी अध्यक्ष पद की कमान नहीं संभालेंगे, तब सोनिया गांधी को यह डर सताने लगा कि इससे तो पार्टी पर पकड़ ढीली हो जायेगी। यह भी हो सकता है कि कहीं पार्टी के लोग बिखर नहीं जायें। ऐसे में सबसे सुरक्षित रास्ता यही था कि क्यों न अपने सबसे करीबी को ही कमान सौंप दी जाये। इसके लिए बहुत ही चालाकी से शुरू किया गया कौन बनेगा कांग्रेस अध्यक्ष का शो। इसमें सबसे पहले एंट्री हुई राजस्थान के मुख्यमंत्री और अब तक सोनिया गांधी के विश्वसनीय समझे जानेवाले अशोक गहलोत की। अशोक गहलोत ने साम, दाम, दंड और भेद हर तरह से दांव अपनाना शुरू किया। एक तरफ ऊपर-ऊपर वह सोनिया गांधी की आंखों के तारे भी बना रहना चाहते थे और दूसरी तरफ दबाव बनाने के लिए उन्होंने अपने करीबियों से आलाकमान को गीदड़भभकी भी दिलानी शुरू कर दी। उन्हें लगा कि उनके समर्थक विधायकों की धमकी के आगे कांग्रेस आलाकमान झुक जायेगा और राजस्थान में उनकी पसंद का कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री बन जायेगा। इस तरह परोक्ष रूप से सीएम पद भी उनके पास रहेगा और कांग्रेस अध्यक्ष का ताज भी उनके सिर पर सज जायेगा। सो वह बागी बन गये। उन्होंने अपना मसल पावर दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने अपने साथ बागी विधायकों की पूरी फौज गिनवानी शुरू कर दी और उनसे इस्तीफा तक दिलवा दिया। उन्होंने राजस्थान की राजनीतिक जमीन हिलानी शुरू कर दी। लेकिन अशोक गहलोत के इस कदम को राहुल गांधी ने अपने बनाये गये एक व्यक्ति एक पद के रूल की नाफरमानी मानी और मामला यहीं से उलट गया। दूसरी तरफ सचिन पायलट ने उस उक्ति को चरितार्थ किया कि जब भूकंप आये तो खाली मैदान में चुपके से बैठ जाना ही श्रेयस्कर होता है। सचिन पायलट ने वही किया। वह शांति से गहलोत के पोलिटिकल ड्रामे को वाच करने लगे। क्योंकि गहलोत अगर कांग्रेस अध्यक्ष बनते तो हो सकता था कि सचिन पायलट को राजस्थान के मुख्यमंत्री की कुर्सी नसीब हो जाती, लेकिन अशोक गहलोत यह कतई नहीं चाहते थे। इसमें उनका अपना पर्सनल इंटरेस्ट था। लेकिन सोनिया गांधी ने भी गहलोत के दांव को अच्छी तरह से भांप लिया और उन्होंने अशोक गहलोत को सबसे पहले अध्यक्ष पद की रेस से बाहर का रास्ता दिखा दिया। चर्चा तो यहां तक है कि भविष्य में कहीं गहलोत को मुख्यमंत्री की कुर्सी भी न गंवानी पड़े। अध्यक्ष पद को लेकर सोनिया गांधी बहुत फूंक-फूंक कर कदम रख रही थीं। राहुल के भारत जोड़ो यात्रा में होने के कारण उन्होंने गुरुवार को प्रियंका गांधी के साथ बैठक की और कहते हैं इसी बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर मुहर लगी। इधर अध्यक्ष पद के चुनाव में अचानक जी-23 भी एक्टिव हो गया। यह वही ग्रुप है, जिसने पार्टी लीडरशिप में बदलाव का मुद्दा उठाया था। गुरुवार देर रात तक मीटिंग चली। शुक्रवार को जो तस्वीर सामने आयी, उसमें खड़गे के नॉमिनेशन में इस ग्रुप के सबसे मजबूत नेता यानी आनंद शर्मा और मनीष तिवारी प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहे। फिलहाल कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को 3 नामांकन हुए। पहला नामांकन शशि थरूर, दूसरा नामांकन झारखंड के कांग्रेस लीडर केएन त्रिपाठी और तीसरा नॉमिनेशन मल्लिकार्जुन खड़गे ने किया। इसके साथ ही यह तय हो गया है कि कांग्रेस का अगला अध्यक्ष गैर-गांधी ही होगा और ताज खड़गे के सिर बंधेगा। शशि थरूर और केएन त्रिपाठी के प्रस्तावकों में इक्का-दुक्का ही राजनेता हैं, लेकिन गांधी परिवार की राइट चॉइस बताये जा रहे मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रस्तावकों की लिस्ट में 30 बड़े नेताओं के नाम हैं। इनमें जी-23 के कई बड़े चेहरे भी शामिल हैं। खड़गे के साथ नेताओं के हुजूम की तस्वीर यह साफ कर रही है कि नॉमिनेशन मात्र से ही सस्पेंस पर से पर्दा उठ गया है। आलाकमान और कांग्रेस के बड़े नेताओं के सपोर्ट से खड़गे का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। अगर ऐसा होता है तो मल्लिकार्जुन खड़गे, बाबू जगजीवन राम के बाद दूसरे दलित अध्यक्ष बनेंगे।

## सस्पेंस खत्म: फटा पोस्टर, निकले खड़गे



### अशोक गहलोत के बदले सुर, कहा- चुनाव अब फ्रेंडली मैच

मल्लिकार्जुन खड़गे को लेकर अशोक गहलोत कहते हैं कि वह एक अनुभवी नेता हैं। उनका चुनाव लड़ने का फैसला सही है। कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव अब फ्रेंडली मैच है। हम सभी लोग एकजुट हैं। सभी वरिष्ठ नेताओं ने खड़गे को चुनाव में उतारने का फैसला किया है। शशि थरूर ने भी कहा है कि यह एक फ्रेंडली मैच है और कांग्रेस इसमें जीतेगी।

### मल्लिकार्जुन खड़गे कॉन्फिडेंट कहा, उम्मीद है मैं जीतूंगा

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जिन्होंने मेरा समर्थन किया, मुझे प्रोत्साहित किया, उन सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, मंत्रियों का धन्यवाद। 17 अक्टूबर को देखते हैं, क्या नतीजा आता है। उम्मीद है मैं जीतूंगा। मैं कांग्रेस की आइडियोलॉजी से बचपन से जुड़ा हूं। 8वीं-9वीं से ही नेहरू-गांधी की विचारधारा के लिए कैंपेनिंग की है।

### कांग्रेस के लिए मेरे पास विजन है: शशि थरूर

शशि थरूर कहते हैं कि मैं भारत को मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के राष्ट्रों की सेवा में सबसे आगे रहने का सपना देखता हूं। मेरे पास कांग्रेस के लिए एक विजन है, जिसे मैं सभी प्रतिनिधियों के पास भेजूंगा। मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आवाज बनूंगा।

### मैं हूं खड़गे का प्रस्तावक: दिग्विजय

मैं गुरुवार को खड़गे जी के घर गया और पूछा कि अगर आप नॉमिनेशन कर रहे हो तो मैं चुनाव नहीं लड़ूंगा। शुक्रवार को जानकारी मिली कि वह अध्यक्ष पद के कैंडिडेट हैं। मैं फिर उनके घर गया और कहा कि आप वरिष्ठ नेता हैं, मैं आपके खिलाफ चुनाव लड़ने की बात सोच भी नहीं सकता। अब उनका इरादा चुनाव लड़ने का है तो मैं उनका प्रस्तावक बनना स्वीकार करता हूं।

### शुक्र है शुक्रवार है, फटा पोस्टर निकले खड़गे

शुक्रवार सुबह 10 बजे तक कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दो ही नाम चर्चा में थे। पहला दिग्विजिय सिंह और दूसरा शशि थरूर का। इस वक्त तक मल्लिकार्जुन खड़गे की कोई चर्चा भी नहीं थी। कहा जा रहा था कि दिग्विजय नामांकन भरेंगे। थरूर खुद ही नॉमिनेशन भरने का एलान कर चुके थे। नॉमिनेशन की चर्चा के बीच दिग्विजय सिंह अचानक मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने पहुंचे। मुलाकात चल ही रही थी कि कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि दिग्विजय सिंह तो चुनाव से बाहर हो गये हैं, लेकिन करीब आधे घंटे तक दिग्विजय सिंह के चुनाव लड़ने या न लड़ने पर सस्पेंस ही छाया रहा। उसके बाद जब खुद दिग्विजय सामने आये और चुनाव से बाहर होने की बात कही, तब उनके नाम को लेकर सस्पेंस खत्म हुआ। सुबह 11 से दोपहर 1 बजे के बीच नॉमिनेशन की शुरूआत हुई और शशि थरूर सबसे पहले पहुंचे। उनके साथ नौ प्रस्तावक भी पहुंचे। इसके बाद झारखंड के लीडर केएन त्रिपाठी ने नॉमिनेशन भरा। इसी समय खड़गे कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। इस दौरान वहां पायलट के समर्थन में नारेबाजी हो रही थी। दोपहर 2 बजे के करीब मल्लिकार्जुन खड़गे ने नॉमिनेशन दाखिल किया। उनके साथ कांग्रेस के 30 प्रस्तावकों का हुजूम था। कांग्रेस ने खड़गे को आगे करके भाजपा के आदिवासी कार्ड का माकूल जवाब दिया है। एक तरह से इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस अंदाज में राष्ट्रपति पद के लिए द्रौपदी मुर्मू को आगे लाकर देश के करीब दस फीसदी आदिवासियों को यह संदेश दिया था कि राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला को बिठाने का काम पहली बार उनकी अगुवाई में भाजपा ने किया है, कुछ उसी तरह राहुल गांधी ने कांग्रेस के शीर्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को आगे करके देश के 22 फीसदी दलितों को कांग्रेस के साथ जोड़ने की कोशिश की है। खड़गे को अध्यक्ष बना कर कांग्रेस दलितों के साथ-साथ दक्षिण भारत को भी साधेगी। सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि दिग्विजय सिंह को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष बना कर उत्तर दक्षिण का संतुलन कांग्रेस साध सकती है। फिलहाल कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिलने के बाद भी कांग्रेस में पॉलिटिकल ड्रामा अभी जारी रहेगा। आगे भी कांग्रेस की वेब सीरीज रहस्य, रोमांच और एंटरटेनमेंट से भरपूर होगी।

## कुजू कोयला रेलवे साइडिंग में हो रहा है कोयला हेराफेरी का बड़ा खेला

# कोल ट्रांसपोर्टरों को पैसों की भूख: चारकोल से पेट नहीं भरा, तो करने लगे बंगाल के बैंड पत्थर कोयले की मिक्सिंग

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुजू रेलवे साइडिंग कोयला हेराफेरी का एक बड़ा अड्डा बन गया है। यहां यार्ड बना कर गोरखधंधा हो रहा है। कोयला ट्रांस्पोर्टिंग में लगे कुछ ट्रांसपोर्टरों ने वैध कारोबार को अवैध बना दिया है, जिसके कारण पावर प्लांट को उच्च क्वालिटी के कोयले की जगह मिलावटी कोयला मिल रहा है। दूसरी तरफ मिलावटी कारोबार में शामिल लोग दिन-दूना रात चौगुना तरक्की कर रहे हैं। कुछ लोग तो कुछ दिन पहले ही इस कारोबार में उतरे हैं और आज करोड़ों में खेल रहे हैं।

### कोल ट्रांसपोर्टरों को पैसे की हवस

जिला के कुजू रेलवे साइडिंग में कोयले में चारकोल मिलावटी का खेल काफी पुराना है। यहां पर कोयले में चारकोल बेधड़क मिला कर पावर प्लांट में भेजा रहा है,

> जामुड़िया बंगाल से कुजू रेलवे साइडिंग पहुंच रहा बैंड पत्थर कोयला (ब्लैक स्टोन)

लेकिन कोल ट्रांस्पोर्टिंग में लगे ट्रांसपोर्टर के पैसों की भूख नहीं मिटी और उन्होंने अपने कारोबार का पूरा विस्तार कर दिया। कारोबार विस्तार होते ही उनकी कमाई पहले से चौगुनी बढ़ गयी।

### चारकोल की जगह कोयले में मिक्स होने लगा बंगाल के कोयले का बैंड पत्थर

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि साइडिंग में चारकोल के खेल को खत्म करने की एक अच्छी कहानी रची गयी। कहानी में चारकोल की जगह बैंड पत्थर को शामिल किया गया, जिसमें हुआ ये कि साइडिंग में चारकोल गिराने की परंपरा को कम किया गया। हालांकि चारकोल गिराने में कमी दिखा कर संबंधित लाभार्थियों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया गया है। कोल ट्रांसपोर्टर ने चारकोल की जगह बंगाल से कोयले का बैंड पत्थर मंगा कर उच्च क्वालिटी के कोयले में मिलावटी का खेल शुरू कर दिया, ताकि लोगों को लगे कि चारकोल का गोरखधंधा अब नहीं होता है और मेरा कारोबार चलते रहे।



### सौ दिन के चोर एक दिन...?

लेकिन किसी ने सच ही कहा है कि सौ दिन की चोरी एक दिन पकड़ी ही जाती है। हुआ भी यही। रामगढ़ एसपी ने बंगाल का बैंड पत्थरनुमा कोयला लदे सात ट्रकों को पकड़ कर कारोबारियों के मंसूबे पर पानी फेर कर उनकी काली करतूतों को सबके सामने ला दिया। इसके बाद कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### बंगाल से संदीप पहुंचा रहा बैंड पत्थर कोयला कुजू साइडिंग

इधर कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कुजू रेलवे साइडिंग में बैंड पत्थर कोयला खपाने का गोरखधंधा काफी दिनों से हो रहा है। बैंड पत्थर कोयला जामुड़िया बंगाल से कुजू रेलवे साइडिंग पहुंच रहा है। वहां से संदीप नामक व्यक्ति बैंड पत्थर कोयला को ट्रकों पर लदवा कर कुजू साइडिंग भेज रहा है। संदीप का स्थायी ठिकाना धनबाद है। यह व्यक्ति पिछले दिनों बोकारो जिला के महुआटांड़ में जमकर कोयले का अवैध कारोबार किया था।

### मिलावटी कोयला भेजा जा रहा पावर प्लांट

इधर बताया जाता है कि मिलावटी गोरखधंधा से कोल ट्रांस्पोर्टिंग में लगे कुछ ट्रांसपोर्टर बड़ी चालाकी से उस कोयले को राज्य के बाहर पावर प्लांटों में भेज रहे हैं। इससे वे पैसे की कमाई तो कर ले रहे हैं, लेकिन पावर उत्पादन में उसका विपरीत असर पड़ रहा है।

### कुजू रेलवे साइडिंग में मिलावटी धंधे का बेताज बादशाह है राहुल और प्रवीण!



कारोबार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उच्च क्वालिटी के कोयले में चारकोल से लेकर बैंड पत्थर कोयले की मिलावट करने में दो लोग काफी माहिर हैं। बताया कि रेलवे रैक लोडिंग में दोनों ने हाल ही में हाथ आजमाया है। पूरे धंधे का मास्टमाइंड प्रवीण और राहुल है। दोनों का कारोबार ट्रैक पहले दो नंबर का ही था, लेकिन उससे हट कर दोनों ने एक नंबर के धंधे में कदम रखा।

### चोर चोरी से जाये, पर हेराफेरी से...?

लेकिन किसी ने सच ही कहा है कि चोर चोरी से जाये पर हेराफेरी से न जाये, यह कहावत दोनों पर सटीक बैठती है। दोनों ने वैध कारोबार में भी अवैध का रास्ता निकाल लिया। नतीजतन आज इस कारोबार में बेताज बादशाह बन गये हैं।

### 15 सौ रुपये प्रति टन की दर से कुजू साइडिंग पहुंचता है बंगाल का बैंड पत्थर कोयला

इधर बताया जाता है कि कुजू रेलवे साइडिंग में पहुंचने वाले कोल बैंड पत्थर की कीमत 15 सौ रुपये प्रति प्रति टन है। 15 सौ रुपये प्रति टन मिलनेवाला बैंड पत्थर की कीमत साइडिंग में पड़े उच्च क्वालिटी के कोयले में मिलते ही उसकी कीमत 10 हजार रुपये प्रति टन हो जाती है, जिससे आसानी से समझा जा सकता है कि कारोबार में शामिल लोग किस मुकाम को हासिल करने में जुटे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.0 °c | 22.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.40 बजे |



## मां का जयकारा : पंडालों के पट खुले, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

# राजधानी में बिखरी दुर्गोत्सव की सतरंगी छटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र पंचमी तिथि को अस्त होते सूर्य की लालिमा के साथ दुर्गोत्सव की सतरंगी छटा चहुंओर छा गयी। शुक्रवार की शाम शहर के कई पूजा पंडालों के पट अनावरण के बाद आम भक्तों के लिए खोल दिये गये। विभिन्न प्रारूपों को जीवंत करते पंडालों से जैसे ही पर्दा हटा, मां का आदमकद स्वरूप साकार हो उठा। दर्शन को उमड़े श्रद्धालु मइया का दर्शन पा निहाल हुए। कोई जयकारा लगा तो कोई शीष झुंका कर शेरावाली से आशीष मांगा। जैसे-जैसे रात गहराती गयी, भीड़ भी बढ़ती गयी। भक्त आते पंडाल और विद्युत सज्जा की खुबसूरती को सराहते। मां का दर्शन कर भक्ति मेले में खो से जाते। देर रात तक शहर के लगभग पूजा पंडालों में कुछ ऐसा ही नजारा रहा। लोगों को एक तो दो साल बाद दुर्गोत्सव में शामिल होने का मौका मिल रहा, उसमें भी बारिश के खलल डालने की संभावना है। ऐसे में दर्शनार्थी पट खुलते ही सभी पंडालों का भ्रमण कर लेने को आतुर दिखे।


लुभा रहा अफ्रीका के फिश फेस्टिवल को दर्शाता चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति का पंडाल।

## सीएम हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सपरिवार आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल में मां दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की



## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का पट खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड के पूजा पंडाल का पट खुला। सांसद दीपक प्रकाश, संजय सेठ, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने पंडाल का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा नेता केके गुप्ता, ललितनारायण ओझा और समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यहां अफ्रीका के मछली उत्सव को दर्शाता इको फ्रेंडली पंडाल सबको लुभा रहा। देवी-देवताओं संग विराजमान मां की प्रतिमा मन मोह रही है।

## खूबसूरती ऐसी मानो धरा पर उतर आया हो स्वर्ग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अपने शहर में दो साल बाद दुर्गोत्सव की रौनक लौटी है। जगमग करते रंग-बिरंगी लाइटों के बीच आभा बिखेरते भव्य पंडालों की खुबसूरती की क्या कहने। प्रतीत हो रहा मानो धरा पर स्वर्ग उतर आया हो।

चौक-चौराहे पर लगाये गये बड़े-बड़े स्वागत द्वार और विद्युतचलित यंत्र मां के उत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हों। कह रहे हों कि चले आओ मां के उत्सव मेले में, जहां भक्ति के साथ आनंद ही आनंद है। नावरात्र की तिथि जैसे-जैसे बढ़ रही वैसे-वैसे भक्ति के उत्सव का रंग भी गहराता जा रहा। पंचमी को कई पंडालों से पर्दा हटा तो कुछ को छोड़ षष्ठी को लगभग पूजा पंडालों के पट खुल जायेंगे। बांग्ला मंडपों में भी भक्ति के साथ मस्ती का आलम विजयदशमी तक छाया रहेगा।


कोकर बाजार में आकर्षक लाइट सज्जा

## भारतीय युवक संघ बकरी बाजार : प बंगाल के मायापुर का इस्कॉन मंदिर


फोटो : प्रदीप ठाकुर।

## संग्राम क्लब कचहरी चौक में सजा मां का पंडाल



## बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति



**OM SADASHIVA COLLEGE OF PHARMACY**
(Approved by Pharmacy Council of India (P.C.I.))
**ADMISSION NOTICE**
Om Sadashiva College of Pharmacy, Jasidih Deoghar Invites Application for Admission in **B.Pharm.** First Year for the **Session 2022-2023**. Forms are available in the Office of College and last date of submission of the Filled Form is **8th October, 2022.**
Date : 27-09-2022 Principal
Sagdaha, kumaitha Stadium Road, Jasidih, Deoghar, Jharkhand, PIN-814142
Phone No. +91 6206876977 / 7070469755
E-mail : omsadashivacollege@gmail.com, omsscp@gmail.com
Web : omsadashivacollegeofpharmacy.com

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**
**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ईएससी-एएमसी-आर08-22, दिनांक: 30.9.2022**
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ डीईई(जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा सूचना संख्या: **ईएल-जी-आरएनसी-ईएससी-एएमसी-आर 08-22**, दिनांक 30.09.2022 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं, जिसे 21.10.2022 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जायेगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम:** 03 वर्षों की अवधि के लिए हटिया रेलवे स्टेशन पर 02 अदद एस्केलेटर (निर्माता- मेसर्स जॉनसन लिफ्ट प्राइवेट लिमिटेड) की वार्षिक रखरखाव ठेका। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹17,91,201.06। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 35,800। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 21.10.2022 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण : https://www.ireps.gov.in**। निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाता / बोलीदाताओं के पास क्लास-I I I डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।
(PR-657)

**पूर्व तट रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं.ETCECONIBBS2022105
दिनांक : 20.09.2022
**कार्य का नाम:** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अधीन हरिशंकर रोड-तुरेकेला-कंटाबान्जी तीसरी एवं चौथी लाइन (23.00 कि.मी.) के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण निष्पादन।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 40.30 लाख
EMD (रुपये में) :80,600/-
कार्य पूरा होने की अवधि: 03(तीन) महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 12.10.2022 को 1200 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/ बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।
निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(निर्माण)/ भुवनेश्वर
PR-117/CF/22-23

**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सूचना सं. SBP-ELECT-2022-T-145
**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मंडल के बलांगीर, केसिंगा, बरगढ़ एवं कंटाबान्जी स्टेशन में (प्रत्येक स्टेशनों में 02 संख्यक) लिफ्ट (Lift) का प्रावधान।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में):** 3,69,41,036.46 (इलेक्ट्रिकल और सिविल संयुक्त), EMD(रुपये में): 3,34,700/-, पूरा होने की अवधि: स्वीकृति पत्र (LOA) जारी होने की तिथि से 12 महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 14.10.2022 को 1630 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), सम्बलपुर
PR-561/N/22-23

## डीम्ड यूनिवर्सिटी किट का 18वां दीक्षांत समारोह


प्रो डॉ अच्युत सामंत

अतीत के दो साल काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। साथ ही अनिश्चितताओं का माहौल इस कदर हावी था कि भविष्य काल के गाल में समाते हुए नजर आ रहा था। कोरोना महामारी के प्रकोप के दौरान खास कर सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को उठानी पड़ी। पूरे दो साल छात्रों को घर पर ही पढ़ाई-लिखाई करनी पड़ी। ऑनलाइन के जरिए कक्षाएं लेना और बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ परीक्षाएं करवाना एक बहुत बड़ा चुनौती भरा काम था। लेकिन शिक्षकों ने इस चुनौती को बखूवी निभाया। इस चुनौती भरा काम के लिए शिक्षकों की जितनी तारीफ की जाए, वह नाकाफी है। तनाव से भरे माहौल को पीछे छोड़ते हुए छात्र और छात्राएं कोरोना मुक्त और तनाव मुक्त माहौल का स्वागत करते हुए 2022 में प्रवेश कर चुके हैं। 2022 बैच के छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई के प्रति लगन और बुलंद हौसलों के साथ सभी परिस्थितियों का मुकावला करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

**शैक्षणिक उत्कृष्टता के 25 वर्ष :**

किट अपने अदम्य साहस और अथक प्रयास के साथ आगे बढ़ रहा है। किट एक साधारण शिक्षा संस्थान से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में एक सम्मानजनक स्तर पर पहुंचने के साथ इस वर्ष शैक्षणिक उत्कृष्टता का 25 वां वर्ष मना रहा है। किट ने असमानताओं को कम करने में प्रभावशाली भूमिका निभाते हुए प्रगति के लिए प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग 2022 में दुनिया के 8वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय में बहुत ही कम अवधि में वैश्विक प्रशंसा और प्रतिष्ठा अर्जित की है। किट को 2022 के लिए एशिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय की टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग द्वारा एशियाई विश्वविद्यालयों की 201250 श्रेणी में रखा गया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रैंकिंग फ्रेमवर्क में पूरे भारत में किट विश्वविद्यालय ने 20वां स्थान हासिल करने का गौरव प्राप्त किया है। हाल ही में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के लिए प्रतिष्ठित प्रत्यायन बोर्ड (एबीइटी), यूएसए ने किट विश्वविद्यालय के छह इंजीनियरिंग कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है। इस गोल्ड स्टैंडर्ड' के साथ, किट देश का एकलौता संस्थान बन गया है, जिसे भारत सरकार के सभी वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त होने के अलावा सभी छह इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में एबीइटी (यूएसए) से मान्यता प्राप्त है। यह मान्यता हासिल करनेवाला पहला भारतीय विश्वविद्यालय है।

**किस के प्रयास को समर्थन और सहयोग करना :**

किट विश्वविद्यालय किस को 25 वर्षों से पूरी तरह से सहयोग दे रहा है। किस 70,000 स्वदेशी बच्चों (30,000 पूर्व छात्र और 30,000 वर्तमान में परिसर में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और शाखा परिसर में 10,000 छात्र) के लिए एक घर है, जिन्हें आवास, पोषण, समग्र शिक्षा, कौशल और खेल जैसी सुविधाएं पूरी तरह से मुफ्त प्रदान की जाती हैं। यह उच्च शिक्षा का घटक है, किस डीम्ड विश्वविद्यालय, दुनिया का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो विशेष रूप से जनजातीय बच्चों के लिए है। किट के समर्थन की वदौलत किस को साक्षरता के क्षेत्र में प्रतिष्ठित 2022 यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता पुरस्कार प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। अगर आज किट विश्वविद्यालय किस के पीछे नहीं खड़ा रहता, तो किस के लिए ऐसी अद्भुत उपलब्धि प्राप्त करना संभव नहीं होता।

**किट का खेल के प्रति योगदान :**

किट ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सतत विकास, साहित्य, संस्कृति और विशेष रूप से खेलकूद में भरपूर योगदान दिया है। किट और किस फीफा के फुटबॉल फार स्कूल फॉर ओड़िशा, भारत और दक्षिण एशिया का नॉलेज एंड लॉजिस्टिक हब बन गया है। यह दुनिया के किसी भी शैक्षणिक संस्थान के साथ फ्टीफा का अपनी तरह का पहला सहयोग है। किट और किस का खेल के क्षेत्र में जबरदस्त योगदान है। किट ने सात ओलंपियनों का पोषण और निर्माण किया है। किट में उनके लिए निःशुल्क शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उनके सभी प्रयासों में तहे दिल से समर्थन किया जा रहा है। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि किट और किस ने विभिन्न जोनल, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले 500 से अधिक खिलाड़ियों को बनाया है।

**किट-एक वैश्विक गांव :**

किट डीम्ड विश्वविद्यालय छात्र और माता-पिता के अनुकूल विश्वविद्यालय है। इसकी शानी शायद ही कहीं देखने को मिले। किट में पूरे भारत से 35 हजार छात्र-छात्राओं के समेत 65 देश के 1500 छात्रा-छात्राएं पढ़ रहे हैं। यहां विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के बच्चों को एक साथ रहते हुए देखा जा सकता है। किट विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं का मिलन स्थल है। यहां वसुधैव कुटुम्बकम का प्रतिबिंब देखा जा सकता है। किट वास्तव में एक वैश्विक गांव है। किट अपने आसपास के क्षेत्रों को विकसित करके ओड़िशा के आर्थिक और शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

**रिकॉर्ड प्लेसमेंट :**

किट अपनी स्थापना के बाद से प्लेसमेंट के अपने उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जान जाता है। महामारी अपने चरम पर होने के बावजूद हम 2019-20 और 2020-21 बैचों के लिए उत्कृष्ट प्लेसमेंट करवाने में सफल रहे है। हमारे पिछले रुझान को ध्यान में रखते हुए, किट हमारे प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग के समर्पित प्रयासों के कारण 2022 और 2023 स्नातक बैचों के लिए रिकार्ड प्लेसमेंट हासिल करने की राह पर है। हमारे छात्रों को 5000 नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें 52 लाख का उच्चतम सीटीसी और औसतन 6.05 लाख हैं। कंपनी के आकार और छंटनी की परिस्थितियों को देखते हुए इसे पूरा करना आसान काम नहीं है।

**18 वां दीक्षांत समारोह :**

2022 में स्नातक होने वाले बैच भाग्यशाली हैं, क्योंकि वे इस दीक्षांत समारोह में व्यक्तिगत रूप से भाग ले रहे हैं। हमने किट डीम्ड विश्वविद्यालय के इस दीक्षांत समारोह में उन बच्चों के लिए प्रौद्योगिकी और संवर्धित वास्तविकता के उपयोग के माध्यम से सबसे व्यक्तिगत स्पर्श प्रदान करने की कोशिश की है, जो व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते हैं। किट विश्वविद्यालय के 18वां दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओड़िशा के दूरदर्शी और दयालु मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शामिल होंगे। डॉ रिगोवर्टा मेंचु तुम, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता 1992, इस अवसर पर दीक्षांत व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में श्री जॉन डेसमंड फोर्ब्स एंडरसन (लॉर्ड वेवर्ली) माननीय ब्रिटिश संसद सदस्य, नरवे सांसद हिमांशु गुलाटी, जर्मन वरिष्ठ विदेश नीति सलाहकार एन्ड्रेस जॉन शामिल होंगे। 2022 के उत्तीर्ण छात्र की भावनाओं को समझ सकता हूं कि वे अब किट के सुंदर और हरे भरे परिसर में नहीं रह सकते। मुझे आशा और विश्वास है कि आप सभी अपने लक्ष्यों और अपेक्षाओं को पूरा करेंगे और समाज और देश के निर्माण में आपकी अपनी जिम्मेदारी होगी। आप लोगों को पहले एक अच्छा इंसान बनने की कोशिश करनी चाहिए और अपने रास्ते पर चलना चाहिए।

**संस्थापक**
**किट और किस**

## लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन पर रांची में प्रतिनिधि सम्मेलन होगा

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठनी चाहिए: सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिन 11 अक्टूबर को भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिनिधि सम्मेलन में सिस्टम को बदलने का शंखनाद करेंगे। शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री राय ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठनी चाहिए। पक्ष हो या विपक्ष इस मुद्दे पर सभी शिथिल हो गये हैं। इसलिए प्रयास होना चाहिए, कोशिश होनी चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर प्रतिनिधि सम्मेलन बुलाया गया है।

उन्होंने कहा कि सत्ता शीर्ष पर भ्रष्टाचार चरम पर है। इसे रोकने के लिए जनांदोलन की जरूरत है। रांची में पुरानी विधानसभा के सामने स्थित गाला बैंक्वेट हॉल में सुबह 11 बजे से सम्मेलन शुरू होगा। कोशिश है कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा से पांच प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हों। इसमें शामिल होने के लिए इच्छुक व्यक्ति को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। राजनीतिक और सामाजिक संगठन के कोई भी इच्छुक व्यक्ति 8 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए 8877537777 पर मिस्ड कॉल करना है या फिर व्हाट्सएप मैसेज भेजना है। उनसे संपर्क करके रजिस्ट्रेशन की सूचना दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अब तक 35 विधानसभा क्षेत्र से 253 प्रतिनिधियों ने मिस्ड कॉल या मैसेज करके सम्मेलन में शामिल होने की इच्छा जतायी है। सरयू ने कहा कि आंधी में एक दीया की लौ जलाने जा रहे है। इस सम्मेलन में क्या कुछ निर्णय और विचार आते हैं, इसके बाद आगे की मुहिम और कार्यक्रम तय किये जायेंगे। सरयू राय ने कहा कि जेपी ने आंदोलन का लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन रखा था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के पहले पड़ाव में ही व्यवस्था परिवर्तन के आंदोलन ने दम तोड़ दिया। सत्तारूढ़ हुए अधिकांश आंदोलनकारी नेताओं की जमात ने व्यवस्था तो नहीं बदली, हां अपना चरित्र जरूर बदल लिया। व्यवस्था परिवर्तन के संदर्भ में ये मुद्दे आज भी प्रासंगिक हैं। सत्ता शीर्ष पर भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए युवाओं को भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम से जोड़ने की जरूरत महसूस हो रही है।



### भ्रष्टाचार के संस्थागत स्वरूप का एक्सटेंशन रघुवर सरकार से हेमंत सरकार में हुआ है: राय

श्री राय ने कहा कि 2012 से 2022 तक 10 साल में राज्य में बड़े पैमाने पर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर के भ्रष्टाचार हुए हैं। भ्रष्टाचार के संस्थागत स्वरूप का एक्सटेंशन रघुवर सरकार से हेमंत सरकार में हुआ है। भ्रष्टाचार के नये किरदार नहीं खड़े हुए, प्रेम प्रकाश, पंकज मिश्रा जैसे पुराने किरदारों को ही इस सरकार ने अपना लिया। झामुमो और भाजपा दोनों को बताना चाहिए कि सरकार के घोषित और अघोषित वसूली एजेंटों को आखिर पावर कहां से मिलती है। उन्होंने झामुमो के आरोपों पर कहा कि मौजूदा सरकार के भ्रष्टाचार पर भी लगभग 150 पेज की किताब हो जायेगी। तब पता चल जायेगा कि सत्ता की मलाई कौन खा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने के बावजूद मैंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायी। यह लिखित रूप से पब्लिक डोमेन में भी है। उन्होंने प्रधानमंत्री से भी आग्रह किया कि जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं तो इसे अमल में भी लाना चाहिए। पार्टी का कोई सदस्य अगर भ्रष्टाचार में शामिल है, तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com


# बकचोमा जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोली बरामद

## भाकपा माओवादी के रिजनल कमांडर दीपक यादव की निशानदेही पर हुई बरामदगी

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग पुलिस ने सर्च अभियान चला कर केरेडारी थाना के बकचोमा जंगल से भारी मात्रा में हथियार एवम् गोली बरामद किया है। बरामद हुए हथियारों में से कुछ हथियार पुलिस से लूटे हुए हथियार भी हैं। उक्त सफलता पर जिला के पुलिस कप्तान मनोज रतन चौथे ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया की कुछ दिन पर्व मुंबई से प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दुर्दांत रिजनल कमांडर दीपक यादव उर्फ कारू यादव को गिरफ्तार किया गया था और





हजारीबाग लाया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर केरेडारी थाना कांड संख्या 90/20 में दीपक यादव उर्फ कारू यादव को दो दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुछताछ के लिए बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह और सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुछताछ में दीपक यादव उर्फ कारू यादव ने बताया की केरेडारी थाना क्षेत्र के बकचोमा जंगल में भारी मात्रा में हथियार और गोली छुपा कर रखने की बात स्वीकार किया। तत्पश्चात सिआरपीएफ 22 बटालियन के ब्रेवो कंपनी एवम हजारीबाग पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चला कर हथियारों को बरामद किया।

### बरामद हथियारों में

5.56 एमएम का इंसास राइफल दो पीस, 5.56 एमएम का इंसास राइफल का मैगजीन 4 पीस, 5.56 एमएम का जिंदा गोली 200 पीस, देशी सेमी कारवाईन्न 1 पीस, देशी सेमी कारवाइन्न का मैगजीन 1 पीस, 9 एमएम का पिस्टल 1 पीस, 9 एमएम पिस्टल का मैगजीन 1 पीस, और गोली रखने वाला पाउच दो पीस बरामद किया गया।

### छापामारी दल में

सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 22 बटालियन के दुर्गेश कुमार, पुलिस निरीक्षक बड़का गांव श्यामचंद्र सिंह, केरेडारी थाना प्रभारी साधन चंद्र गोराई, कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी, मुफ्फसिल प्रभारी बजरंग महतो, कटकमसांडी थाना प्रभारी आनंद आजाद के अलावे नक्सल शाखा के पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

## बुढ़वा महादेव जागरण समिति के द्वारा माता रानी का किया जायेगा जागरण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर के प्रांगण में षष्ठी तिथि को दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर माता जी का भक्ति जागरण आयोजित किया जा रहा है । यह जागरण बुढ़वा महादेव जागरण समिति के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, सदर विधायक मनीष जायसवाल, सदर थाना प्रभारी गणेश सिंह सहित शहर के अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे ।यह माता रानी का भव्य जागरण में हजारीबाग एवं धनबाद के कलाकार लोगों को झुमाएंगे ।बुढ़वा महादेव जागरण समिति के संयोजक व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी दुर्गा पूजा का पावन त्यौहार चल रहा है और चारों ओर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। सभी लोग हर्षोल्लास के साथ इस त्यौहार को बड़े धूमधाम से मना रहे हैं इस निमित्त षष्ठी तिथि को प्राचीन मंदिर बुढ़वा महादेव के प्रांगण में माता का भक्ति जागरण का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है ।यह कार्यक्रम संध्या में 7:30 बजे से प्रारंभ होगी।भक्ति जागरण के दौरान माता के महाभोग प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से राजीव कुमार, गणेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, हिमांशु शेखर, सुधाकर सेठी, गौरव मिश्रा, विक्रम, चंदन, मनोज गुप्ता, प्रवीण कुमार सिंह, अनिल सिंह, सोनम मिश्रा आदि अपने अपने स्तर से योगदान दे रहे हैं ।

## धरना प्रदर्शन का 17वां दिन, समर्थन में पहुंच रहे हैं ग्रामीण



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** तेरह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर आज सत्रहवाँ दिन भी आंदोलनकारी साथियों के साथ पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव धरना स्थल पर बैठे हैं।इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में चलकुशा प्रखण्ड सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र से लोगों का समर्थन मिल रहा है।आन्दोलनकारियों ने कहा कि विजय दशमी तक यदि हमारी मागों पर विचार कर पुरा नहीं किया जाता है तो जिला प्रशासन औ? सरकार की ईट से ईंट बजा देंगे।आज अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में जयनगर प्रखंड़ के रूपायडीह पंचायत से दर्जनो ग्रामीण धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुँचकर आंदोलनकारियों का समर्थन कर कहा कि आपलोगों की मांग पर सरकार विचार नहीं कर रही यह दुर्भाग्यपूर्ण है।क्योंकि आपलोग यह आन्दोलन जनता के लिए कर रहे हैं। सरकार को तत्काल इस पर विचार कर आंदोलन को समाप्त करना चाहिए।मौके पर पर मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया कुमार अंशू, मुखिया सुखदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि केदार पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक साव, प्रयाग भगत, शिवशंकर यादव, पंसंस रूपायडीह धनेश्वर राणा, बाबूलाल यादव, रामजतन यादव, दिनेश यादव, सुखदेव यादव, ओमप्रकाश यादव, नाब्बा महतो, सरयू यादव, शम्भू यादव, थानू महतो, गंगाधर यादव, महेंद्र ठाकुर, अर्जुन राणा, श्यामसुंदर यादव, मनोहर यादव, पवन दास, सीताराम यादव, बालेश्वर यादव, अनिल यादव, रामबोल यादव, रहमान अंसारी,विकाश मंडल, सूरज मंडल,बंधु मंडल, प्यारी साव, महेश यादव, लक्ष्मण यादव तथा सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## तीन बोरा ब्लूस्टोन बरामद, तीन गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना पुलिस को मिली सूचना के आधार पर उदय कुमार सिंह दुधीमाटी निवासी के घर से भारी मात्रा में ब्लूस्टोन बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सूचना पर पुलिस उदय कुमार सिंह के घर छापेमारी करने पहुंची।वहां प्लास्टिक के बाल्टी में ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किया गया।इस बाबत तीन लोग गिरफ्तार किए गए हैं।पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि जहांगीर अली, झरीटांड एवं रामजीत सरदार तथा अन्य व्यक्ति इस काम में संलिप्त हैं और लोकाई जंगल से अवैध उत्खनन कर ट्रक में लोड कर जयपुर एवं अन्य राज्यों में बिक्री करते हैं।पकड़े गए लोगों में उदय कुमार सिंह (52 वर्ष, पिता स्व रामप्रसाद सिंह, दुधीमाटी), जहांगीर अली (झरीटांड़) और रामजीत सरदार एवं अन्य व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस अवर निरीक्षक सलीम लुगुन के बयान पर कोडरमा थाना में मामला (कांड संख्या 235/22) दर्ज किया गया है।

## बाल गृह की केयर टेकर पर हुआ हमला

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना अंतर्गत बाल सुधार गृह की केयर टेकर अंजनी देवी को एक युवती ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं बाल गृह की केयर टेकर को सदर अस्पताल में इलाज कराने के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया।इस बाबत एएनएम सह बाल गृह प्रभारी पूजा कुमारी के द्वारा कोडरमा थाना में एक आवेदन देकर मामले की जानकारी दी गयी हैं। आवेदन में बताया गया है कि बाल सुधार गृह में कार्यरत केयर टेकर अंजनी देवी अपनी ड्यूटी के बाद सो रही थी।इस दौरान देर रात पार्वती कुमारी जो किड्स फैसिलिटी के तहत विगत 26 सितंबर से वहां रह रही थी।सोती हुई केयर टेकर के सर पर ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिस कारण वह बेहोश हो गई। बाल गृह में रह रही आया व दूसरे बच्चों को भी वह कमरे में बंद कर फरार हो गई।सुबह बाल गृह के कर्मियों के द्वारा केयर टेकर महिला को कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उसे रांची रिम्स रेफर किया गया।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आवास योजना के लाभुकों का हुआ गृह प्रवेश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (शहरी) के बोनाकाली किफायती आवास परियोजना अंतर्गत बोनाकाली वार्ड संख्या 1 के नवनिर्मित फ्लेटौं में लाभुकों का गृह प्रवेश जितेंद्र कुमार जैसल, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अध्यक्षता में कराया गया।गृह प्रवेश के कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन निदेशालय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कराया गया।नगरीय प्रशासन निदेशालय रांची झारखंड से मुकेश कुमार झा एवं फिरोज आलम मौजूद थे।गृह प्रवेश कार्यक्रम बोनाकाली किफायती आवास परियोजना के लाभुकों का कराया गया, जिसमें अनीता देवी, माधुरी वर्णवाल, मो. आदिल, छाया देवी, प्रतिमा देवी लाभुकों का गृह प्रवेश कराकर नवनिर्मित आवासों की चाभी सौंपी गई।मौके पर नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, अभिषेक सिंह, विभुति कुमार, उत्तम कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## बेडम में पानी भरे खेत के गड्ढे में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

**▸▸ नवनिर्मित पुल में मिट्टी भराव के लिए खेत में गड्ढा कर ठेकेदार ने छोड़ दिया था**



**टाटीझरिया/चुरचू (आजाद सिपाही )।** टाटीझरिया प्रखंड और आंगो थाना क्षेत्र के बेडम में शुक्रवार की दोपहर पानी भरे खेत के गड्ढे में डूबने से पांच वर्षीय बालक कृष्ण कुमार पिता नीलकंठ महतो की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार कृष्ण अपने एक और साथी के साथ उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेडम स्कूल से करीब 200 मीटर दूर खेत में शौच के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह गड्डे में गिर गया। उसका साथी स्कूल जाकर इसकी सूचना दी। लोग जुटते तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बच्चे का शव निकालकर सडक पर प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। बच्चे का पिता नीलकंठ महतो फिलहाल दुबई में है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलाकांत प्रसाद ने कहा कि वह आज स्कूल में नहीं थे, बीआरसी होलंग में प्रशिक्षण लेने के लिए गए हुए थे। कृष्ण का नामांकन विद्यालय में है या नहीं यह कंफर्म नहीं बता सकते। स्कूल पहुंचकर रजिस्टर देखने के बाद ही पता चल सकेगा। कृष्ण की बहन विद्यालय के दूसरी कक्षा में पढती है। आंगो थाना प्रभारी धरमवीर कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। स्थानीय लोग पुल बना रहे ठेकेदार के प्रति आक्रोशित थे। ग्रामीणों का कहना था कि नवनिर्मित पुल में मिट्टी भराव के लिए खेत में गड्डा कर के छोड दिया गया। ठेकेदार के लापरवाही से इतना बड़ा हादसा हुआ है।

## दो ऑटो की टक्कर, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत बजरंगबली मंदिर के समीप शुक्रवार सुबह करीब दस बजे ऑटो की टक्कर में एक ऑटो चालक एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सतगावां, ग्राम बाद निवासी 38 वर्षीय बजरंगी प्रसाद पिता स्व मनिंदर सिंह के रूप में हुई जो वर्तमान में कोडरमा कालटेक्स के पास रहते हैं। सुबह ऑटो से डोमचांच बीआरसी जाने के लिए ऑटो पकड़े थे। डोमचांच जाने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। जिसमें उक्त व्यक्ति व एक ऑटो चालक करमा निवासी आशीष सिंह पिता उपेंद्र सिंह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां बजरंगी प्रसाद का प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

## श्री महेश एकेडमी में शारदीय नवरात्र उत्सव धूमधाम से मना

**डोमचांच(आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्री महेश एकेडमी, डोमचांच में वर्ग षष्ठ से दशम की छात्राओं ने डांडिया नृत्य के साथ-साथ अनेक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में अंबा माई उतरी है बाग में... गीत पर वर्ग दशम की छात्राएं पम्मी, प्रीति, रूपा, प्रिया एवं मधु ने भाव नृत्य प्रस्तुत किया। वर्ग नवम की छात्राएं विद्या भारती, रानी कांत, रौशनी, शिवानी, नेहा एवं मानसी ने मां शेरावाली तेरा बेटा आ गया.. गीत पर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। वर्ग षष्ठ की छात्राएं जागृति, निधि, सिद्धि, रिया, प्रियांशु एवं नंदिनी ने शंकर चौरा रे... गीत पर शिव- शक्ति की आराधना से संबंधित गीत पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली दर्जनों गीत-नृत्य आकर्षक ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों की काफी वाहवाही प्राप्त की। कार्यक्रमों का निर्देशन प्राचार्या रीना दाराद ने किया और संचालन शिक्षक मुकुल कुमार ने किया। इस अवसर पर एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, शिक्षक शुभम कुमार, श्रवण कुमार, संजय कुमार, प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षिका सोफाली कुमारी, सपना गुप्ता, पूजा कुमारी, श्रेया, करिश्मा, जासमिन, करीना, सोनम, पूनम, पल्लवी, नैना, पूजा सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनो से मिली एवं उनकी समस्याओं को जाना। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग 02 दर्जन से अधिक आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में बीपीएल, धान का



समर्थन मूल्य, एएनएम नियुक्ति, जमीन, पीएम आवास, अधिग्रहण, रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, रजिस्ट्री, राष्ट्रीय राजमार्ग के मुआवजा, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय की पुस्तक यात्रा का हुआ समापन

# कवियों ने कविताओं से लोगों को खूब झुमाया

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की ओर से रविंद्रनाथ टैगोर विश्वकला एवं संस्कृति केंद्र तथा वनमाली सृजन पीठ की पहल पर आयोजित विश्वरंग पुस्तक यात्रा का समापन स्थानीय नगर भवन में शुक्रवार को समापन समारोह आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआर रथ के हाथों दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद आईसेक्ट विश्वविद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गीत, गजल और नृत्य से समां बांध दिया। साथ ही इस मौके पर झारखंड के साथ साथ देश के विभिन्न लोकनृत्य की भी झलकियां देखने




को मिली। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि पुस्तक यात्रा हजारीबाग सहित गिरीडीह, कोडरमा, चतरा समेत अन्य जिलों के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में भ्रमण कर किताबों के प्रति जागरूक करने के प्रयास को चारों ओर सराहा गया और इसे देश हित में उठाया गया कदम बताया गया। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने समापन समारोह के मौके पर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर इसे यादगार बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद आयोजित कवि सम्मेलन एवं रचना पाठ का संचालन वनमाली सृजन पीठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोहर लाल बाथम ने किया। डॉ कविता सिन्हा, डॉ सुबोध कुमार सिंह शिवभीत, डॉ प्रमिला गुप्ता, विवेक प्रियदर्शी, गणेश चंद राटी, डॉ कमला प्रसाद, पुस्तक यात्रा समन्वयक विक्रांत भट्ट समेत कई नामचीन कवियों ने अपनी कविताओं से मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। मौके पर रचना पाठ सत्र के मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मश्री बुलु इमाम ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को लेकर पद्मश्री बुलु इमाम ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय की पुस्तक यात्रा जैसी पहल की सराहना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। किताबों के प्रति विश्वविद्यालय ने जो अभियान चलाया है, वह वाकई आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर पद्मश्री बुलू इमाम की पुस्तक दामोदर वैली सिविलाइजेशन का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन के पूर्व पुस्तक यात्रा के दौरान विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों के चित्रकला, निबंध, स्वरचित कविता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में विशेष प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ आईसेक्ट विश्वविद्यालय में हाल ही में आयोजित विश्वविद्यालय कर्मियों के कुकिंग प्रतियोगिता में वेज कैटेगरी में नीतू कुमारी को प्रथम, ललित मालवीय को द्वितीय, डॉ रूद्र नारायण तृतीय पुरस्कार जीतने में कामयाब रहे। वहीं ऋचा चौथे व आरती कुमारी पांचवें पायदान पर रहे। जबकि नॉनवेज कैटेगरी में बीते वर्ष के विजेता रितेश कुमार दूसरी बार कुकिंग प्रतियोगिता के विजेता का खिताब अपने नाम किया। जबकि सौरभ सरकार दूसरे, बबीता राय तीसरे, कैलाश प्रसाद चौथे और रोहित मिंज पांचवें पायदान पर रहे। मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं, कर्मियों व विद्यार्थियों के साथ साथ बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को कराया गया गृहप्रवेश



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 3 कोलघट्टी (परियोजना) के 18 लाभुकों को हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त एवं महापौर द्वारा सभी को निर्मित आवास की चाबी वितरण का कार्यक्रम किया गया। विदित हो आवास की लागत 6.14 लाख रुपये है।प्रथम चरण में कुल 18 लाभुको को चाभी दी गयी जिन लाभुको द्वारा अंशदान 3.64 लाख रुपये दे दिए गए। जिसमे केनरा बैंक हजारीबाग द्वारा 14 लाभुको को लोन दिए गए है।उपरोक्त कार्यक्रम में नगर विकास विभाग के डीएमए से एम आई एस स्पेशलिस्ट मीतू भारती उपस्थित हुए।साथ में नगर निगम हजारीबाग के पीएमएवाई आवास योजना के नोडल पदाधिकारी आलोक नारायण, राजेन्द्र कुमार साथ मे निगम के पी एम सी प्रियरंजन, मुकेश, अविनाश कुमार, मुकुल, सहायक मनोज आदि उपस्थित थे।नगर आयुक्त ने बाकी बचे काम जैसे पानी,बिजली आदि उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा नोडल पदाधिकारी आलोक नारायण को जुडको के साथ बैठक रखने को कहा। बाकी बचे लाभुको को लोन दिलाने में नगर निगम द्वारा बैंको से सम्पर्क कर सहयोग किया जा रहा है।नगर आयुक्त ने इससे संबंधित बैठक रखने को नोडल पदाधिकारी को कहा।

## जीप अध्यक्ष उमेश मेहता ने किया होटल और सीए ऑफिस का उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शुक्रवार को दीपू गढ़ा में रवि कुमार मेहता एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट के ऑफिस और हवाई अड्डा में हवाला नाइस होटल का उद्घाटन फीता काट और नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान अध्यक्ष श्री मेहता ने कहा की अभी के दौर में लोग व्यवसाय से जुड़ रहे हैं जो अच्छा संकेत है। अधिक से अधिक लोग व्यवसाय के क्षेत्र में जुड़ अपना और परिवार का आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं।भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की अभी लोग कई तरह के व्यवसाय से जुड़ रहे है जिनसे आम लोगों को भी सहूलियत होगी।मौके पर सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, पूर्व मुखिया संतोष मेहता, नंदलाल मेहता, ज्ञानी मेहता, दीपक मेहता, बद्री मेहता, सरोज मेहता, रंजीत मेहता, पूर्व मुखिया मनोज मेहता, संजय मेहता, रविकांत मेहता, आर्यकांत मेहता, अशोक यादव, कई लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक सभागार में सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे।समारोह का संचालन रणविजय विश्वकर्मा ने किया।समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारी रसमय मजुमदार व राम प्रवेश सिंह को श्रीफल व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान कंपनी के द्वारा जारी प्रमाणपत्र भेंट किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कंपनी के हरेक कर्मचारी व पदाधिकारी को सेवानिवृत होना होता है।उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ व उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त के उपरांत मिलने वाली राशी को सही जगह निवेश करने की सलाह दी।सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कंपनी व पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया।मौके पर उपस्थित केंद्रीय कर्मशाला के पदाधिकारियों सहित यूनियन प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखी।

## उद्घाटन मैच शिवाडीह व होरम के बीच खेला गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सांढ़- छ्पेरवा के युवा विकास खेल मैदान में क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी एवं पूर्व उप मुखिया कैलाश महतो ने किया गया।उद्घाटन के पूर्व खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी व पूर्व उपमुखिया कैलाश महतो ने कहा कि गांव के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इसे सही प्लेटफार्म देने की जरूरत है।आगे उन्होंने कहा कि खेल में जीत और हार एक सिक्का का दो पहलू है कभी हार कभी जीत लगा रहता है।आगे उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद अति आवश्यक है क्योंकि खेल-कूद करने से शारीरिक व बौद्धिक विकास होती है। उद्घाटन मैच होरम बनाम शिवाडीह के बीच खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए होरम की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 102 रन का लक्ष्य दिया।जवाबी दूसरी पारी खेलते हुए शिवाडीह की टीम ने 10.3 ओवर में ही 103 रन बनाकर मैच जीत लिया।मैच का आंखों देखा हाल वार्ड सदस्य संजय राणा सुना रहे थे, एवं खिलाड़ियों को टी-शर्ट देकर सम्मानित किया।मैच के अंपायरिंग शिवनाथ कुमार प्रसाद एंव विकाश कुमार ने किया।मौके पर टूनार्मेंट के आयोजक शिवनाथ प्रसाद दांगी, संजय राणा इसके अलावा अजय कुमार, शनि कुमार, बिनोद प्रसाद,शंकर महतो, हिरामन कुमार, अरबिंद राणा, अजित प्रसाद,बिकेंद्र प्रसाद,मोहित कुमार,शिशुपाल कुमार,अरुण कुमार, अभय कुमार सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के पोषण माह समापन समारोह का आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय आंगनबाड़ी केंद्र सभागार भवन में पोषण माह समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालन सुपरवाइजर प्रेरणा नारायण एवं रुखसाना परवीन ने की, इस दौरान पोषण माह कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा हरे-भरे सब्जी बैगन भिंडी करेला पालक साग सब्जियों का रंगोली बनाकर पोषण माह कार्यक्रम का समापन किया।एवं गर्भवती व धात्री महिलाओं को हरे भरे सब्जी खाने के लिए पोषक तत्व खाद पदार्थ पर अपील किया।मौके पर मुख्य रूप से सुपरवाइजर प्रेरणा नारायण, रुखसाना परवीन, आंगनबाड़ी सेविका मीना कुमारी ,कौशल्या कुमारी, सालको कुमारी, श्रद्धा कुमारी, राजेश खातून ,संगीता माला, शकुंतला कुमारी, राजा कुमारी, पूनम कुमारी ,आरती कुमारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोडरमा पुलिस ने दो जुआरियों को किया गिरफ्तार

कोडरमा। कोडरमा थाना अंतर्गत बेकोबार के समीप बीती देर रात दो जुआरियों को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा गया है।जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी की बेकोबार में जुआ खेला जाता है।सूचना मिलते ही कोडरमा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जुआ खेलते कामदेव मंडल पिता बुधन और सिकंदर सिंह पिता स्वर्गीय जमुना सिंह दोनों बेकोबार निवासी के पास दो तास की गड्डी, नगद 5 हजार और मौके से उक्त जुआरियों को गिरफ्तार किया गया।वहीं कोडरमा थाना में उक्त जुआरियों के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## नवरात्र का पांचवां दिन: मां स्कंदमाता की आराधना



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के पांचवें दिन मां के पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता की पूजा- अर्चना पूरे प्रखंड के विभिन्न देवी मंडप के साथ साथ नावाडीह पंचायत स्थित दुर्गा मंडप में पंडित श्रीकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया।मां अपने भक्तों पर पुत्र के समान स्नेह लुटाती हैं।मां की उपासना से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है।मां का स्मरण करने से ही असंभव कार्य संभव हो जाते हैं।स्कंदमाता कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसी कारण उन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है।मां स्कंदमाता को पार्वती एवं उमा नाम से भी जाना जाता है।मां का वाहन सिंह है।मां स्कंदमाता सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं।नवरात्र के पांचवे दिन ललिता पंचमी व्रत भी रखा जाता है।इस व्रत को करने से जीवन में आने वाली हर तरह की समस्या से मुक्ति मिल जाती है।मां स्कंदमाता की चार भुजाएं हैं।दाएं भुजा से भगवान स्कंद को पकड़ा हुआ है।नीचे वाली भुजा में कमल का फूल हैं और बाई वाली भुजा वरदमुद्रा में है।गौण वर्ण के कारण मईया को गौरी भी कहते हैं।

## वज्रपात से एक की मौत, गांव में पसरा मातम

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के रकुवा गांव में गुरुवार शाम में तेज बारिश के साथ बज्रपात की घटना से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया कि रकुवा जारा गांव निवासी शिवलाल मांझी 32 वर्ष शाम को बैल चराने पास के जंगल गया था। इसी दौरान तेज बारिश के साथ बज्रपात हुई। जिससे उसकी मौत हो गई। देर रात घर नहीं आने पर परिजनों से उसकी खोजबीन शुरू की। जंगल में उसका शव मिला। घटना की जानकारी के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पूरे गांव में गम का माहौल है। सूचना पर पूर्व मुखिया सुरेश कुमार रजक ,जीप सदस्य सरस्वती देवी ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मदद करने की बात कही है। बताया गया कि मृतक अपने पीछे पत्नी,दो बेटी व एक बेटा छोड़ गया है।

## रैयतों ने विधायक से मुलाकात की



**गोला (आजाद सिपाही)।** बयांग गांव के दर्जनों रैयत शुक्रवार को विधायक ममता देवी के आवास में मुलाकात किया। विधायक को आवगत कराया कि भारत माला परियोजना अन्तर्गत जैना मोड़ गोला ओरमांझी सेक्शन पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 320 बी के किमी 55.650 से किमी 71.323 जैना मोड़ गोला सेक्शन तक चौड़ीकरण चार लेन पथ निर्माण किया जाना है। रैयतों ने बताया की मुआवजा के रूप में चार हजार रुपए प्रति डी ० दिया जा रहा है। रैयतों ने कहा कि दूसरे गांव के अपेक्षा जो वर्तमान में विक्री रेट है ,वही दिया जाए विधायक ने बताया की इस मामले में जल्द ही उपायुक्त से मिल कर बात करेंगे। इस पर उचित निष्कर्ष निकाला जाएगा। साथ ही जो वर्तमान चल रही रेट के आधार पर ही रैयतों को मुआवजा भुगतान कर सड़क की कार्य शुरू की जाए। मौके पर रितेश महतो ,,ईश्वर कुमार महतो, प्यारेलाल महतो, बसंत कुमार, बागे भूदेव महतो ,सुखदेव महतो, जलेश्वर महतो ,उतम कुमार महतो ,जलेश्वर महतो, विरेंद्र कुमार सिंह आदि रैयत थे।

## संग्रामपुर पंचायत आजसू महिला कमेटी का गठन



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के संग्रामपुर गांव में आजसू महिला कमिटी के गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता महिला प्रखंड अध्यक्ष मंजू देवी एवं संचालन सरस्वती देवी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो प्रखंड सचिव नित्यानन्द महतो मौजूद थे। बैठक में सर्व सम्मति से पंचायत अध्यक्ष सावत्री देवी , सचिव बंसती कुमारी, कोषाध्यक्ष मंजू देवी को बनाया गया। मौके पर नमिता देवी ,सुशीला देवी, प्रमिला देवी, सविता महतो, गायत्री देवी, हेमानी देवी, सुधा देवी, गंगा मुनी देवी ,रेशमी देवी, फुल कुमारी, नेहा देवी, भारती देवी, सुगिया देवी, सुमती देवी सहित दर्जनों महिला मौजूद थी।

## कैमूर बिहार से अपहृत बच्ची कुजू पुलिस की सक्रियता से बरामद



गिरफ्तार अपहरणकर्ता बिट्टू सिंह

**कुजू (आजाद सिपाही)।** गत गुरुवार कैमूर (बिहार) जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र से अपहृत बच्ची गोल्डी कुमारी (3 वर्ष) को रामगढ़ थाना पुलिस की सक्रियता एवं कुजू पुलिस के सहयोग से गुरुवार देर रात नयामोड़ कुजू से सकुशल बरामद कर लिया गया। वहीं, मौके से प्रयुक्त इंडिका कार जेएच05बी-0166 सहित एक अपहरणकर्ता पुलिस के हत्थे चढ़ा। जबकि दूसरा मौका देखकर फरार होने में सफल रहा। बाद में कुजू पुलिस द्वारा इसकी सूचना बिहार कैमूर रामगढ़ थाना पुलिस को देते हुए अपहरण में प्रयुक्त कार व बच्ची के परिजन को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार कैमूर जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र निवासी लकड़ी व्यवसायी अनिल सिंह की पुत्री गोल्डी कुमारी गुरुवार दिन 10 बजे अपने स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर पढ़ने गई थी। इसी बीच पहले से घात लगाये बैठे अपहरणकर्ता विद्यालय के पास से ही गोल्डी का अपहरण कर लिया। जब काफी देर तक गोल्डी घर नहीं पहुंची तो, परिजनों द्वारा विद्यालय प्राचार्य से पूछताछ किया तो उनके द्वारा बताया गया कि गोल्डी स्कूल पहुंची ही नहीं। इसके बाद गोल्डी की आस-पास काफी खोजबीन की गयी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शाम में अपहरणकर्ताओं द्वारा गोल्डी की माता के मोबाइल में फोन कर गोल्डी के अपहरण होने की बात कही। अपहरण होने की बात पर गोल्डी के पिता अरविंद कुमार सिंह ने कैमूर रामगढ़ थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया। वहीं, से गोरा मोहनिया निवासी भोलानाथ सिंह उर्फ बिट्टू सिंह यादव ( 25 वर्ष ) ने अपने एक सहयोगी की सहायता से अगवा कर बच्ची को लेकर कार से रांची की ओर ले भागा। इसी दौरान अपहृत बच्ची के पिता ने फौरन रामगढ़ थाना को अपहरण की सूचना दी। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी राम कल्याण यादव ने टेक्निकल सेल इंचार्ज संतोष कुमार वर्मा को फोन ट्रेस करने का निर्देश दिया। फोन ट्रेसिंग के क्रम में अपहरणकर्ता का लोकेशन कुजू ओपी के नयामोड़ का मिला। इसी को ध्यान में रखते हुए रामगढ़ थाना पुलिस टीम ने कुजू पुलिस के सहयोग से नयामोड़ स्थित एक झोपड़ी होटल के सामने खड़ी कार में सो रही बच्ची को बरामद किया। साथ ही, मौके से एक अपहरणकर्ता बिट्टू यादव को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। बाद में कैमूर पुलिस टीम बच्ची के साथ वापस कैमूर बिहार लौट गई। इस संबंध में रामगढ़ कैमूर थाना प्रभारी राम कल्याण यादव ने बताया कि बच्ची का अपहरण किस कारण से हुआ है उसका खुलासा गिरफ्तार अपहरणकर्ता से पूछताछ के बाद ही बताया जा सकता है।

## दुर्गा पूजा में शांति व सद्भाव को लेकर एसडीओ व एसडीपीओ ने शहर में किया फ्लैग मार्च



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा में शांति व सद्भाव को लेकर एसडीओ मो जावेद हुसैन और एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में शुक्रवार को रामगढ़ थाना से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च रामगढ़ थाना से आरंभ होकर थाना चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, बाजार टांड़, लोहार टोला, शिवाजी रोड होते हुए शुभाष चौक पहुंचा। इस दौरान एसडीओ ने सड़क किनारे दुकानें लगाई गई लोगों को हटा लेने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हर आदेशों पालन करे। इसके अलावा उन्होंने ट्रैफिक समस्याओं को अतिक्रमण हटा हटाने का निर्देश दिया। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो। फ्लैग मार्च में रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर एच एन सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

## तीन बाइक की टक्कर में दो घायल

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर मुख्य सड़क पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप भुरकुंडा के समीप तीन बाईक की टक्कर हो गई। इसमें एक बाईक पर सवार भुरकुंडा बाजार निवासी सह कपड़ा व्यवसायी बिजु अग्रवाल घायल हो गये। बिजु को हाथ व पैर में चोट लगी है। वहीं घटना में पटेलनगर उपर खटाल निवासी 18 वर्षीय विपिन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। विपिन के सर व मुंह में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से इन्हें भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विपिन कुमार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# कुंदरू फुटबॉल मैदान में भव्य स्टेडियम और शेड का निर्माण किया जायेगा: विधायक

### फुटबॉल फाइनल मैच में फुसरी ने 3-0 से जीत हासिल की, उपविजेता बना लइयो

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला पंचायत अंतर्गत महथा बगीचा में फुटबॉल का फाइनल मैच खेला गया जिसमें लइयो लाल जर्सी में और फूसरी चरही टीम काला जर्सी में मैदान में फुटबॉल फाइनल मैच का मुकाबला हुआ। जिसमें 30 से फुसरी की टीम जीत हासिल की इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं विशिष्ट अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो शामिल हुए विधायक के पहुंचने पर खेल आयोजन समिति के लोगों द्वारा बैंड बाजे के साथ एवं आतिशबाजी करते हुए विधायक ममता का भव्य स्वागत किया गया ।फुटबॉल खेल मैदान में अतिथि द्वारा खेल शुभारंभ के पूर्व दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते



हुए फुटबॉल का किक मारकर फाइनल मैच का विधिवत रूप से उद्घाटन किया तत्पश्चात उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से गांव के युवा वर्ग को आगे बढ़ने का मौका मिलता है तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने लाने की आवश्यकता है तभी उसकी पहचान बन सकती है और उसका भाव भविष्य उज्जवल हो सकता है देश का बहुत ही लोकप्रिय खेल है, फुटबॉल खेल से शरीर तन मन चुस्त-दुरुस्त भी रहता है । विशिष्ट अतिथि चित्रगुप्त ने कहा कि झारखंड सरकार खेल के प्रति काफी चिंतित है और खेल का प्रचार प्रसार और बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर सहयोग करने का काम कर रही है कल समाप्ति के दौरान विजेता टीम फुसरी को प्रथम पुरस्कार दिया गया जबकि उपविजेता लइयो की खिलाड़ियों को द्वितीय पुरस्कार दिया गया इस फाइनल मैच खेल का अंतिम अंजाम देने में निर्णायक मंडली की टीम संतोष महतो, दीपक कुमार, गंगाधर महतो, उत्तम कुमार, लक्ष्मण महतो द्वारा खेल का बेहतरीन तरीके से संचालन किया इस मौके पर समाजसेवी बजरंग महतो, भरत महतो ,महिला समाज सेवी जोया प्रवीण, रामगढ़ प्रमुख करुणा देवी, उप प्रमुख पुनीता देवी ,मुखिया रेखा देवी ,पंचायत समिति सदस्य, निशा देवी, रामगढ़ 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली गोला 20 सूत्री अध्यक्ष राम विनय महतो, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, चितरपुर 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण महतो खेल संयोजक हीरालाल महतो,इनायत अंसारी, रामु महतो, कौसर अंसारी, कमलेश बेदिया, त्रिभुवन महतो, रंजीत करमाली, पवन महतो, राकेश सिंहा, महताब राही, सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## लूट की घटनाओं में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने हथियार के साथ पकड़ा

**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित काली मंदिर के समीप एक भाड़े के मकान में रह रहे चार अपराधियों को एसपी द्वारा गठित टीम ने शुक्रवार की सुबह हथियार के साथ पकड लिया ।उक्त कार्रवाई तिलैया कोडरमा में पकड़ाए दो अपराधी के निशानदेही पर हुआ है ।बताया जाता है कि चारो अपराधी डेढ़ महीने से एक किराए के मकान पर रहकर कई लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे ।टीम में शामिल एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार चारो अपराधियों का संबंध राज्यस्तरीय गिरोह के साथ है ।वे सभी अलग अलग जगह पर रहकर लूट की रणनीति तैयार करते थे ।जैसे ही अपराधियों के पकड़े जाने की सूचना लोगो को मिली लोगो की भीड़ उमड़ने लगी ।पकड़े गए सभी अपराधियों को टीम द्वारा रजरप्पा थाना ले जाकर पूछताछ की जा रही हैं। अपराधियों के पकड़े जाने के बाद किराए में मकान लगाने वालों में हड़कंप है। टीम में थाना प्रभारी सिद्धान्त, दारोगा सुमित सिंह, अमर शुक्ला, मंजीत सिंह, नरेंद्र कुमार, एसआई सुजीत सिंह सहित रजरप्पा, मांडू, रामगढ, गोला थाना की पुलिस शामिल थे।

## चतरा-गया रेल लाइन को मिली अंतिम स्वीकृति, जल्द होगा शिलान्यास

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा का चिर परिचित अति महत्वकांक्षी चतरा-गया रेल लाइन योजना को अंतिम मंजूरी मिली। जिले में रेल कनेक्टिविटी का रास्ता साफ हुआ। सांसद सुनील कुमार सिंह व डीसी अबु इमरान को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वीकृति पत्र भेजा। 5452 करोड़ रुपए की लागत से 99.345 किलोमीटर लंबा रेल लाइन का होगा निर्माण गया से झारखंड के चतरा को जोड़ेगा स्वीकृत रेल लाइन। कूल 197 ब्रिज, आरओबी व टैनल का लाइन में होगा निर्माण। गया-चतरा-टोरी इस्टम उपयोग अंतिम स्थान निर्धारण योजना को भी मिला अनुमोदन। भूमि अधिग्रहण को ले राज्य सरकार को मिला 926 करोड, भूमि अधिग्रहण में जुटा जिला प्रशासन। चतरा-टोरी रेल लाइन को अंतिम मंजूरी मिलने पर कार्यकताओं ने सांसद का किया जोरदार स्वागत। जमकर हुई आतिशबाजी, बटी मिठाईयां। सांसद ने जनप्रतिनिधियों, जिले वासियों और मीडिया कर्मियों का जताया आभार। कहा सभी के सहयोग से होने जा रहा है सपना साकार। जल्द होगा शिलान्यास। सांसद व विधायक किशुन दास को माला साथ स्वागत किया गया।

# किसानों को फसल बीमा क्षतिपूर्ति का जल्द भुगतान हो : सांसद

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सांसद सह जिला विकास समन्वय निगरानी समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक की गई। पूर्व बैठक में लिए गये निर्णय का उन्होने समीक्षा करते आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**▸▸ फसल बीमा क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान जल्द हो**

फसल बीमा क्षतिपूर्ति की समीक्षा करते हुए उन्होने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान ससमय करें।

**▸▸ पोषाहार वितरण में पारदर्शिता बरतें**

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उन्होने निर्देश दिया कि पोषाहार वितरण में पारदर्शिता हो। उन्होने जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी केन्द्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था हो।

**▸▸ बीएसएनएल 4जी सेवा के लिए कार्य में तेजी लाएं**

दूर संचार के मोबाइल प्रदाता बीएसएनएल को उन्होने निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द 4ऋ सेवा प्रारंभ करने की कार्रवाई करें। साथ ही वरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर वे




भूमि संबंधी चयन प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

**▸▸ शौचालय निर्माण की उपयोगिता प्रमाणपत्र दें**

स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के क्रम में उन्होने बनाये गये शौचालय का उपयोगिता प्रमाण पत्र दुरूस्त करने का निदेश दिया।

भू अभिलेख कम्प्यूटरीकृत और अपडेट हो

अपर समाहर्ता को निदेश दिया गया कि वे भू अभिलेख के कम्प्यूटरीकरण एवं अपडेशन के कार्य में तेजी लायें।

**▸▸ विद्यालयों के ऊपर से हाई वोल्टेज तार हटवाएं**

शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधीक्षक को उन्होने निदेश दिया कि वे यह सुनिश्चत करें कि सभी शिक्षकों का ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज हो। साथ ही विद्यालयों के उपर में हाई वोल्टेज तार को भी हटाने का निदेश दिया गया ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। प्रतापपुर से अवैध भूमि अतिक्रमण मुक्त हो प्रतापपुर में अवैध भूमि कब्जा की बात बैठक में उठी सांसद ने इस पर अविलम्ब उचित कार्रवाई करने की बात कही। पर्व त्योहारों को देखते हुए खाद्यान्न वितरण ससमय हो आपूर्ति विभाग को निदेश दिया गया कि धान क्रय का भुगतान लाभुकों को ससमय हो ताकि किसानों को जरूरत के अनुसार लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही निदेश दिया गया कि खाद्यान का वितरण आगामी पर्व त्योहारों को देखते हुए सभी लाभुकों को ससमय हो जाय। अयोग्य कार्डधारियों को भी चिन्हित कर उचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**▸▸ पेंशन की देयराशि लंबित न रहे**

सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को निदेश दिया गया कि गरीबों को पेंशन के तहत दी जाने वाली राशि के लंबित मामले किसी भी हाल में न हो। अग्रणी बैंक प्रबंधक को उन्होने निदेश दिया कि वे यह सुनिश्चत करें कि बैंकों के माध्यम से दी जानेवाली राशि में पारदर्शिता हो यह वास्तविक खाताधारी के खाता में ही जाय।

# 4 लाख के ब्राउन शुगर के साथ दो ड्रग पैडलर गिरफ्तार, कारोबार करते चढ़े पुलिस के हत्थे

### नशे के विरुद्ध चतरा पुलिस की लगातार कार्रवाई से तस्करों की टूटी कमर

**अजय चौरसिया**

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा में ड्रग पैडलरों के विरुद्ध पुलिस पूरी तरह एक्शन में नजर आ रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले की विभिन्न थानों की पुलिस लगातार ड्रग पैडलरों के अलावे नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इसी का नतीजा है कि लगातार पुलिस को सफलताएं भी मिल रही है। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 4 लाख रुपये के ब्राउन सुगर के खेप के साथ अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के



आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी धनजंय राम व थाना प्रभारी मनोहर करमाली के संयुक्त नेतृत्व सदर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार तस्करों के पास से 37 ग्राम तैयार ब्राउन सुगर, तस्करी में प्रयुक्त हीरो पैशन प्रो बाईक व विभिन्न कंपनियों का दो स्मार्टफोन जप्त किया गया है। पैडलरों की गिरफ्तारी सैम्पलिंग के दौरान पुलिस ने की है। शुक्रवार को एसडीपीओ अविनाश कुमार ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि चतरा-ईटखोरी मुख्यमार्ग पर स्थित गंधरिया मस्जिद के पास से दोनो को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले में सक्रिय नशे के सौदागरों के द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री को लेकर सैम्पलिंग किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करी से पूर्व सैंपल लेकर जा रहे दोनों तस्करों को पकड़ लिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि तस्करों के विरुद्ध पुलिस लगातार अभियान चला रही है। प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय कुमार के साथ छापेमारी अभियान में सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली, एएसआई शशिकान्त ठाकुर समेत जिला सशस्त्र बल मौजूद थे।

## ओपी जिंदल स्कूल में छात्र-संसद का गठन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपीएल कैंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में शुक्रवार को छात्र-संसद का गठन किया गया। जिसके तहत छात्र-संसद के सभी सदस्यों को विद्यालय के हेड ब्याय सिद्दार्थ गौतम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवायी। मौके पर प्लांट हेड संजय सिन्हा ने कहा कि आप सभी इस विद्यालय के अंग हैं। आपके सहयोग से ही विद्यालय की प्रत्येक गतिविधियां संचालित होती हैं। आपसभी पर विशेष दायित्व है कि विद्यालय को विधिवत और सुचारू ढंग से चलाने में अपना योगदान दें और इससे सीख ले, जीवन में आगे बढ़ते रहें। मौके पर प्लांट हेड संजय सिन्हा, कार्यकारी प्राचार्य पीके डे, उप प्राचार्या संतोष चैधरी आदि ने छात्र-संसद के सभी सदस्यों को सैसे और बैच प्रदान किया गया। छात्र-संसद के सदस्यों में हेड बॉय सिद्धार्थ गौतम, हेड गर्ल पृषा वर्मा, डिप्टी हेड बॉय नमन विवेक, डिप्टी हेड गर्ल सुहानी साहू, अनुशासन प्रमुख गौरव कुमार वशिष्ठ, उप प्रमुख यशराज, खेलकूद प्रमुख आदर्श राज और आकांक्षा कुमारी, सांस्कृतिक प्रमुख प्रणीत एवं श्रावणी दास, विज्ञान प्रमुख प्रशंसा प्रिया, उप प्रमुख कृशराज शामिल हैं। मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थें।

## लायंस क्लब भुरकुंडा ने राज नर्सिंग होम में लगाया नि:शुल्क बीएमडी जांच शिविर



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में शुक्रवार को नि:शुल्क हड्डी घनत्व जांच (बीएमडी) शिविर लगाया गया। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ कुमार अभिजीत की देखरेख में कोरोना रेमेडीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रेम कुमार और सलील अंसारी ने 120 लोगों का हड्डी का घनत्व जांच मशीन से किया। इसमें 80 प्रतिशत मरीजों में हड्डी का घनत्व कम पाया गया। इस दौरान कम घनत्व वाले मरीजों को दवा उपलब्ध कराई गई। साथ ही मरीजों को डॉ. अभिजीत द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यायाम करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के प्रभारी सह लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार व कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि आगे भी क्लब द्वारा शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा, उपाध्यक्ष माला शर्मा, विजय प्रसाद वर्णवाल, राजेश अग्रवाल, संजय कुमार सिंह, मो. मुमताज, अखिलेश टोप्पो, संजय कुमार, अखिलेश कुमार शर्मा, रमेश कुमार अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, आशा अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, सूबेदार ह्दयानंद यादव, सीमा यादव, राज आनंद, रेखा वर्णवाल, अंजू देवी, सरिता देवी, शीला देवी, बिना देवी, अमित कुमार, सोना राम मांझी, विमल प्रसाद, विभा रानी, शोभा राय, हेमंत कुमार शरण, नीलम शरण, प्रमोद शर्मा, अजय कुमार सिंह, प्रेमलता सिन्हा, रेवती रमण शर्मा सहित राज नर्सिंग होम अर्चना, नीतू, संगीता, नैना, डब्लू, चाहत, अदि कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न होटलों में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने की छापामारी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी जावेद हुसैन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने भुरकुंडा के शालीमार होटल सहित आसपास क्षेत्र की मिठाई दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान कोयलांचल के विभिन्न होटलो में जांच करते हुए मिठाईयों, खोआ व पनीर का नमूना लिया गया। साथ ही होटल संचालकों को दुकान में साफ-सफाई रखने व खाद्य सामग्री में मिलावट न करने की हिदायत दी गई। टीम ने बताया कि पूजा के दौरान मिठाईयों में मिलावट की काफी शिकायत मिलती है। इसी उद्देश्य से छापामारी की गई है। जिनके सैंपल में मिलावट पाई जायेगी उसपर कार्रवाई भी होगी। अभियान में संदीप कुमार, निखिल यादव आदि शामिल थे।

## भुरकुंडा में दुर्गा वाहिनी का शस्त्र पूजन संपन्न, अस्त्र-शस्त्र का किया प्रदर्शन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** दुर्गा वाहिनी के तत्वावधान में शुक्रवार को भुरकुंडा में शस्त्र पूजन व शौर्य संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भुरकुंडा काली मंदिर में दुर्गा वाहिनी की सदस्यों ने शस्त्र पूजन कर किया। इसके बाद दुर्गा वाहिनी की संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव के नेतृत्व में शौर्य संचलन प्रारंभ हुआ। भुरकुंडा काली मंदिर प्रांगण से शौर्य संचलन अस्त्र-शस्त्र के साथ शुरू हुई जो बिरसा चैक तक पहुंची। इस दौरान दुर्गा वाहिनी बहनों ने अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय शामिल होकर दुर्गा वाहिनी सदस्यों का हौसला बढ़ाया। मौके पर मुखिया अजय पासवान, मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अवितेश कुमार सिंह, योगेश दांगी, भाजपा की महिला नेत्री इला रानी पाठक, छावनी परिषद नामित सदस्य कीर्ति गौरव, जवाहर नगर पंसस सीमा मुखर्जी, रेणुका देवी, स्मृति सौरव, अंजू ठाकुर, बजरंग दल के अध्यक्ष सुनील कुमार, संगठन मंत्री मनीष पांडेय, उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी सहित दुर्गा वाहिनी की दर्जनों बहनें मौजूद थीं।

## त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आगामी त्योहारों के दौरान जिले वासियों को मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचाने के मद्देनजर अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दिपश्री ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत बरकाकाना एवं भुरकुंडा क्षेत्र में राजेंद्र होटल, ठाकुर होटल, बासल होटल भदानी नगर, शालीमार स्वीट्स भुरकुंडा, खीर सागर भुरकुंडा, कैलाश मिस्ठान भंडार भुरकुंडा बाजार, राजेंद्र मिष्ठान भंडार में खाद्य पदार्थों की जांच की गई। वहीं, विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयों व अन्य खाद्य सामग्रियों का सैंपल भी लिया गया जिसके उपरांत सैंपलों को जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला में भेजा गया ।मौके पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी जिले वासियों से त्यौहार के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने एवं इससे संबंधित उपायों के प्रति सभी को जानकारी दी। वहीं जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने खाद्य प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस व पंजीकरण की भी जांच करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

**बरकाकाना के होटल में छापामारी :** रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी जावेद हुसैन के निर्देश पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री व उनके टीम ने बरकाकाना,घुटुवा क्षेत्र के बिभिन्न होटलों में छापेमारी की ।छापेमारी के



दौरान होटल में रखी मिठाइयां व अन्य चीजों का सेंपल लिया गया। छापेमारी के दौरान होटल संचालकों को दुकान में साफ-सफाई रखने एवम मिलावट न करने की हिदायत दी ।खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री ने बताया आम लोगों द्वारा लगातार शिकायत मिलती है कि दुर्गा पूजा व दीपावली के दौरान मिठाईयों में मिलावट की जाती हैं जिसके उपरांत ये कारवाई की गई है।

# मुफ्त अनाज का तोहफा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को एक बार फिर तीन महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। यह योजना समाप्त हो रही थी, लेकिन अब 31 दिसंबर तक जारी रहेगी। यह इस योजना का सातवां विस्तार है। ध्यान रहे, इसकी शुरुआत अप्रैल 2020 में तब की गयी थी, जब कोरोना को बेकाबू होने से रोकने की कोशिशों के तहत देशव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की गयी थी। उस दौरान अचानक सारा कामकाज ठप हो जाने और आजीविका के साधन समाप्त हो जाने की वजह से देश में कमजोर तबकों के सामने जीवन निर्वाह की समस्या पैदा हो गयी थी। उस कठिन दौर में जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार ने दो महीने के लिए यह योजना घोषित की, जिसके तहत 80 करोड़ गरीबों को पांच किलो गेहूं और चावल मुफ्त मुहैया कराये गये। चूंकि कोरोना की समस्या जारी रही, इसलिए सरकार ने अप्रैल 2021 में फिर से यह योजना घोषित की। इस बार भी यह दो महीने के लिए थी, लेकिन इसे पांच महीने के लिए बढ़ा दिया गया, तब से इसे लगातार बढ़ाया जाता रहा है। चूंकि अब कोरोना के वैसे हालात नहीं रहे, जन जीवन सामान्य हो चुका है, काम धंधे शुरू हो चुके हैं, इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि इस योजना को और विस्तार नहीं दिया जायेगा। यूक्रेन युद्ध के कारण जहां दुनिया में सप्लाई चेन बाधित हुई, वहीं अनाज की आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। बढ़ी हुई महंगाई दर और रुपये की कमजोरी के चलते देश की वित्तीय स्थिति भी कमजोर हुई है। इसलिए वित्त मंत्रालय इस योजना को मिलने वाले विस्तार की वजह से करीब 45000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ बर्दाश्त करने के मूड में नहीं था। खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय का सुझाव था कि अगर योजना को विस्तार देना ही है, तो भी उसमें अनाज की मात्रा कम की जानी चाहिए। मगर कैबिनेट के फैसले के मुताबिक योजना अपने पुराने स्वरूप में ही जारी रहेगी। ध्यान रहे, साल के अंत में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। स्वाभाविक ही आरोप लग रहे हैं कि सरकार के इस फैसले के पीछे चुनावी हित हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले की वजह से गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आयेगी और उनके घर में चूल्हे जलते रहेंगे। निश्चित रूप से किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को देश की आबादी के कमजोर हिस्सों की चिंता होनी चाहिए, लेकिन उसी चिंता का एक रूप यह भी है कि देश की वित्तीय संरचना पर हद से ज्यादा बोझ न पड़े। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री ने मुफ्त घोषणाओं को मुद्दा बनाया था और राजनीतिक दलों को इससे बचने की जरूरत बतायी थी। ऐसे में इस योजना को मिला विस्तार खुद सरकार की प्राथमिकताओं पर कुछ असुविधाजनक सवाल तो खड़े कर ही गया है।

**केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसले की जानकारी देते हुए बताया कि इस फैसले की वजह से गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आयेगी और उनके घर में चूल्हे जलते रहेंगे। निश्चित रूप से किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार को देश की आबादी के कमजोर हिस्सों की चिंता होनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दुनिया में सबसे बड़े व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम के रूप में माना जाने वाले स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) ने प्रत्येक भारतीय गांव को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया और महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती यानि 2 अक्टूबर 2019 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत ने श्रद्धांजलि के रूप में सभी के लिए शौचालय-सुविधा के साथ खुद को ओडीएफ घोषित किया।**

# भारत में स्वच्छता क्रांति की निरंतरता-ओडीएफ से ओडीएफ प्लस तक



विनी महाजन

भारत ने 2014 में अपनी अभूतपूर्व स्वच्छता यात्रा शुरू की, क्योंकि खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) राष्ट्र बनाने के लिए सुसंगत और ठोस प्रयास शुरू किये गये। दुनिया में सबसे बड़े व्यवहार परिवर्तन कार्यक्रम के रूप में माना जाने वाले स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) ने प्रत्येक भारतीय गांव को एक बड़ी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रेरित किया और महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती यानि 2 अक्टूबर 2019 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत ने श्रद्धांजलि के रूप में सभी के लिए शौचालय-सुविधा के साथ खुद को ओडीएफ घोषित किया। इसका प्रभाव सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों, आर्थिक और सामाजिक लाभों तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में दिखायी पड़ता है, जिनके माध्यम से बेहतर जीवन स्तर, महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों में वृद्धि और स्कूल में लड़कियों की बेहतर उपस्थिति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। स्वतंत्र अध्ययनों से पता चलता है कि ओडीएफ क्षेत्रों में डायरिया रोग से पीड़ित बच्चों की संख्या काफी कम थी और गैर-ओडीएफ क्षेत्रों की तुलना में ओडीएफ क्षेत्रों के बच्चों में पोषण की स्थिति भी बेहतर थी।

**अब तक, 77,141 गांवों और 90 ब्लॉकों ने 71 प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों का निर्माण किया है।**

इस वर्ष हम एसबीएम के 8 वर्ष पूरे कर रहे हैं; तो प्रश्न उठता है कि ग्रामीण भारत में स्वच्छता आंदोलन के लिए आगे की योजना क्या है? प्रधानमंत्री ने 2019 में ही स्पष्ट कर दिया था कि हम केवल अपनी प्रशंसा पर खुश नहीं हो सकते। हमें, एक देश के रूप में, मानव विकास के हर क्षेत्र में हमेशा सर्वश्रेष्ठ और अग्रणी बनने का प्रयास करना चाहिए। इसलिए, ओडीएफ की उपलब्धि के बाद भारत सरकार ने ओडीएफ प्लस की यात्रा शुरू की, यानी ओडीएफ स्थिति को बनाये रखना, यह सुनिश्चित करना कि कोई पीछे न छूट गया हो और ठोस व तरल कचरे के प्रबंधन की एक पर्यावरण-अनुकूल प्रणाली स्थापित करना। स्वस्थ व्यवहार को लेकर एक बड़ा कदम उठाते हुए, हम अब 'संपूर्ण स्वच्छता' के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।



**ओडीएफ प्लस इंडिया का उद्देश्य कठिन प्रतीत होता है तथा स्वच्छता एवं स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमेशा एक सतत गतिविधि बनी रहेगी। लेकिन, यदि इसे एक सामूहिक राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में लिया जाता है, तो भारत संपूर्ण स्वच्छता के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है।**

ओडीएफ प्लस क्या है? यह गांवों की ओडीएफ स्थिति को बनाये रखने और इससे पैदा हुए ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के बारे में है। मुख्य रूप से तीन घटक हैं, अर्थात ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम), हितधारकों का क्षमता-निर्माण और सभी के लिए व्यवहार परिवर्तन संबंधी संचार। 2020 की शुरूआत में शुरू किये गये एसबीएम (जी) चरण।। का प्रमुख लक्ष्य 'ओडीएफ प्लस' का दर्जा हासिल करना है। पिछले 2.5 वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, क्योंकि 1.14 लाख से अधिक गांवों ने अलग-अलग स्तरों पर खुद को ओडीएफ प्लस घोषित किया है और ओडीएफ प्लस बनने की अपनी यात्रा शुरू करने के क्रम में लगभग 3 लाख गांवों ने एसएलडब्ल्यूएम कार्य शुरू किये हैं।

शौचालय निर्माण और उनके उपयोग से अलग, एसबीएम (जी) चरण।। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की एसएलडब्ल्यूएम से जुड़ी परिसंपत्तियों के निर्माण में सहायता कर रहा है, जैसे सामुदायिक खाद गड्ढे का निर्माण, सामुदायिक बायो-गैस संयंत्र, प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह और छंटाई स्थान, गंदले पानी की सफाई के लिए जल सोखने वाले गड्ढे और इसका पुनः उपयोग, अपशिष्ट संग्रह और परिवहन वाहनों सहित मल प्रबंधन प्रणाली। अब तक, 77,141 गांवों और 90 ब्लॉकों ने 71 प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाइयों का निर्माण किया है। एक विशेष अभियान - सुजलम, को गंदले पानी के प्रबंधन के लिए लागू किया गया और पूरे ग्रामीण भारत में 22 लाख से अधिक जल सोखने वाले गड्ढों (सामुदायिक और घरेलू गड्ढे) का निर्माण किया गया।

मल अपशिष्ट के प्रबंधन में एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, सीवरों और सेप्टिक टैंकों की हाथ से सफाई। इस दिशा में, एसबीएम-जी ने आवश्यक तकनीकी तरीकों का पता लगाया है और वर्तमान में 137 जिलों में 368 मल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्थाएं स्थापित की गयी हैं। इसके अलावा, हमने ग्रामीण क्षेत्रों में मशीन आधारित मल अपशिष्ट प्रबंधन और एसएलडब्ल्यूएम के अन्य पहलुओं में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए, स्टार्ट-अप को शामिल करने से जुड़े दायरे का विस्तार किया। लोगों से संसाधन जुटाने (क्राउड-सोर्सिंग) पर आधारित प्रौद्योगिकियों के लिए एक स्टार्ट-अप ग्रैंड चैलेंज का आयोजन किया गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों की एसएलडब्ल्यूएम चुनौतियों के लिए स्थायी, किफायती, हासिल करने योग्य और उत्तरदायी समाधान प्रस्तुत कर सकता है।

पशु अपशिष्ट के प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण चुनौती का समाधान 'कचरे से कंचन' पहल के माध्यम से किया जा रहा है- गोवर्धन (जैविक जैव-कृषि संसाधनों से निर्माण)। इस योजना का उद्देश्य गांवों में पैदा होने वाले पशु अपशिष्ट और जैविक रूप से अपघटित होने वाले कचरे का उपयोग बायो-गैस/सीबीजी के साथ-साथ जैव-गाद/जैव-उर्वरक के उत्पादन के लिए करना है, जिससे न केवल ग्रामीण भारत में आय सृजन के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि इनसे जुड़ी वस्तुओं के आयात पर हमारी निर्भरता भी कम होगी।

गांवों को ओडीएफ प्लस बनाने के लिए इन परिसंपत्तियों (एसएलडब्ल्यूएम के तहत) का निर्माण किया जा रहा है तथा इन्हें संचालन योग्य बनाया जा रहा है। ये परिसंपत्तियों न केवल स्वच्छता सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि आय पैदा कर रही हैं, इसमें शामिल लोगों विशेष रूप से महिलाओं (व्यक्तिगत और स्वयं सहायता समूह) को सशक्त बना रहीं हैं, कृषि कचरे के उत्पादक उपयोग से प्रदूषण को कम कर रहीं हैं, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार कर रही हैं और जलवायु में सुधार करते हुए भूजल-स्तर को बढ़ाने में योगदान दे रहीं हैं। मनरेगा के तहत उपलब्ध धनराशि, 15वें वित्त आयोग से जुड़े जल और स्वच्छता अनुदान (5 वर्षों के लिए 1,40,000 करोड़ रुपये) के साथ-साथ एसबीएम (जी) निधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संयोजित करके अच्छे परिणाम के लिए इनका उपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीण स्वच्छता के प्रयासों में तेजी लाने की दिशा में व्यवहार परिवर्तन और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, 2014 से प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे देश में एक समर्पित भागीदारी स्वच्छता अभियान है। इस वर्ष, गांवों के प्राकृतिक परिदृश्य को साफ-सुथरा बनाने और पुराने कचरे की सफाई में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। लोगों की भागीदारी में अत्यधिक उत्साह देखा गया है और एसएचएस की विभिन्न गतिविधियों में 9 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया है।

प्रयासों को मान्य बनाने और प्रतिस्पर्धी संघवाद में राज्यों को शामिल करने के लिए, प्रतिवर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण (एसएसजी) का आयोजन किया जाता है। एक स्वतंत्र सर्वेक्षण एजेंसी, संख्या और गुण आधारित ओडीएफ प्लस मानदंडों के अनुसार भारत के सभी राज्यों और जिलों का मूल्यांकन करती है और इनकी श्रेणी निर्धारित करती है।

ओडीएफ प्लस के मानदंड हैं - स्वच्छता सार्वजनिक स्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन, मोबाइल ऐप के जरिये नागरिकों की प्रतिक्रिया, ग्राम स्तर पर प्रभावशाली व्यक्तियों से संग्रहित की गई फीडबैक और स्वच्छता मानदंडों पर सेवा स्तर की प्रगति। यह एसएसजी 2022 का तीसरा दौर है और इसकी रिपोर्ट 2 अक्टूबर 2022 को आयोजित होने वाले स्वच्छ भारत दिवस (एसबीडी) कार्यक्रम में जारी की जायेगी एवं इसके विजेताओं का सम्मान भी किया जायेगा।

ओडीएफ प्लस इंडिया का उद्देश्य कठिन प्रतीत होता है तथा स्वच्छता एवं स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमेशा एक सतत गतिविधि बनी रहेगी। लेकिन, यदि इसे एक सामूहिक राष्ट्रीय जिम्मेदारी के रूप में लिया जाता है, तो भारत संपूर्ण स्वच्छता के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ओडीएफ-प्लस का दर्जा प्राप्त करने और इसे बनाए रखने के लिए आइए इस 'जन-आंदोलन' को अब फिर से सशक्त व लोकप्रिय बनायें।

**(लेखक : सचिव, पेयजल और स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार है।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला स्क्वाड टीम रवाना

### महिलाएं और युवतियां निर्भय होकर देखें दुर्गा पूजा : प्रभात कुमार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौह नगरी जमशेदपुर में दुर्गा पूजा हर्षउल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शहर के अलग अलग क्षेत्र में पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया। सड़क पर अभी से ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। शुक्रवार को कल पंडालों का उद्घाटन मंत्री विधायक, सांसद व शहर के गणमान्य लोगों के द्वारा किया जा रहा है।

वहीं दुर्गा पूजा को लेकर जिले के पुलिस कप्तान प्रभात कुमार ने लोगों की सुरक्षा के लिए समुचित व्यवस्था कर रखी है। शहर में महिलाओं और युवतियों के सुरक्षा के लिए स्क्वाड टीम की गठन की गयी। सभी पंडालों में सादे लिवास पर पुलिस पदाधिकारी तैनात की गयी है। शहर के 10 चौक चौराहे में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस वल की तैनाती की गयी है। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रोन से निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को पीसीआर से फ्लैग मार्च निकालकर पूरे शहर का भ्रमण किया गया।

वहीं एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी के विजय शंकर,एडीएम लॉ एंड ऑर्डर एनके लाल और एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने सीसीआर कार्यालय से हरी झंडी दिखा कर स्क्वाड को रवाना किया। मौके पर एसएसपी ने बताया महिला स्क्वाड में कुल 50 महिला जवान मौजूद रहेगी, जो 25 स्कूटी में पूरे शहर का भ्रमण करेगी। स्क्वाड टीम के द्वारा शहर में दुगार्पूजा घूमने के दौरान महिलाओं की सुरक्षा की जायेगी। उन्होंने साफ तौर पर कह दिया दुर्गापूजा में उपद्रव करने वाले रहे सावधान। पकड़े जाने पर कड़ी करवाई की जायेगी। उन्होंने शहर वासियों से शांति पूर्वक दुर्गापूजा मनाने की अपील की। उन्होंने कहा इस टीम के द्वारा मनचलों पर नजर रखा जायेगा। उन्होंने बताया टीम को अगर किसी पर शक होता है, तो वह सीधे 100 डायल कर या फिर डीएसपी सीसीआर, एसएसपी या सिटी एसपी को फोन कर जानकारी देगी। इसके बाद उक्त लोकेशन पर कार्रवाई के लिए अन्य जवानों को भेजा जायेगा। उन्होंने बताया यह टीम 1 से 4 अक्टूबर तक शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक शहर में मौजूद रहेगी। शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए दुर्गा पूजा के पूर्व जिला प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। शुक्रवार शाम फ्लैग मार्च की शुरुआत सीसीआर कार्यालय से की गयी, जो की साकची गोलचक्कर, काशीडीह रामलीला मैदान, मानगो ओल्ड पुरुलिया रोड, डिमना रोड, धातकीडीह से होते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी के विजय शंकर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर एनके लाल, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एएसपी सिटी सुधांशु जैन, डीएसपी सीसीआर अनिमेष गुप्ता के अलावा सभी पीसीआर वाहन में पुलिस बल तैनात रहे।

# बारीगोड़ा दुर्गापूजा पंडालों का विधायक मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने बारीगोड़ा में काल्पनिक मंदिर की थीम पर बना सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के पूजा पंडाल, दुर्गा बाड़ी क्लब छोटा गोविंदपुर और विद्यासागर पल्ली परसुडीह, टेल्को स्वरजनिक पूजा कमेटी के पूजा पंडाल का फीता काट कर उद्घाटन किया। शुक्रवार को उद्घाटन के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि बारीगोड़ा दुगार्पूजा पंडाल पूरे जमशेदपुर में प्रसिद्ध है। विधायक ने मां दुर्गा के पूजा अर्चना कर जमशेदपुर की जनता के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि सारा जहां है, जिसकी शरण में, नमन है, उस मां के चरण में। मौके पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी बारीगोड़ा अध्यक्ष दुबराज नाग, झामुमो नेता बब्बल राय, सुनीता नाग, मनोज यादव, नितेश सिंह, कोषाध्यक्ष आनंद चौधरी, सुनिल कुमार उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के पूर्व जिला प्रशासन की टीम ने नदी घाटों का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रतिमा विसर्जन के पूर्व जिला प्रशासन ने नदी घाटों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एडीएम नंदकिशोर लाल ने शहर के बागबेड़ा का बड़ौदा घाट, बेलीबोधनवाला घाट, सती घाट, पांडेय घाट, भुंईयाडीह घाट, स्वर्णरेखा घाट, दोमुहानी घाट, ग्रीन पार्क नदी घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रशासन के साथ जुस्को के प्रतिनिधि निर्मल सिंह, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष सिंह एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव शामिल रहे। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने घाटों एवं प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और लाइट की व्यवस्था एवं प्रतिमा विसर्जन स्थल पर गोताखोरों एवं पूजा कमेटी के वॉलंटियर्स द्वारा सर्तक दृष्टि रखे जाने के लिए कई निर्देश दिया। उन्होंने बारिश को देखते हुए वाटरप्रूफ पंडाल बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को अपने स्तर से वॉलंटियर्स को जरूरी दिशा निर्देश देने को कहा।

# बागबेड़ा दुर्गा पूजा पंडाल का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शुक्रवार शाम 6 बजे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बागबेड़ा के पंडाल का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ अमरप्रीत सिंह काले, पूर्व विधायक मेनका सरदार, कुणाल षाड़ंगी, पार्षद डॉ कविता परमार, विनोद सिंह मौजूद थे. विदित हो कि यह पूजा 1962 से ही मनायी जा रही है। इस वर्ष यह पूजा नारी शक्ति को परिलक्षित करती हुई उन्ही के नेतृत्व में की जा रही है।

पूर्व विधायक मेनका सरदार ने नारी सशक्तिकरण की तारीफ की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, यह पूजा उसी का प्रतिनिधित्व कर रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने ग्रामीण संस्कृति को समर्पित कुटीर उद्योग को बढ़ावा देते हुए पंडाल बनाने को सराहा। कहा कि नारी सशक्तिकरण पर इन दिनों जोर दिया जा रहा है। यह केंद्र सरकार की भी पहल है। कोरोना काल के बाद यह अच्छा मौका है कि फिर से जीवन पटरी पर लौट रही है, कारीगरों को रोजगार मिल है। यह पंडाल बंगाल के कारीगरों द्वारा बनाया गया है. उन्होंने सभी के इस प्रयास को सराहा। स्वागत भाषण डॉ कविता परमार ने किया। मंच संचालन डॉ अनिता शर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रतिमा मुंडा ने किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष मंजू सिंह के साथ -साथ विभिन्न सदस्य उपस्थित थे।

# सड़क और पानी सप्लाई को लेकर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गोविंदपुर जलापूर्ति योजना का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। मध्य गधड़ा पंचायत राहडगोड़ा पोस्ट ऑफिस से राहरगोडा चौक तक बीते एक सप्ताह से सप्लाई पानी नहीं मिलने पर ग्रामीण का आक्रोश देखने को मिला। सभी मजदूर वर्ग के लोग है। रोजाना मजदूरी कर शाम को घर पहुचने पर सप्लाई पानी नही मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मजदूरो के अनुसार सप्लाई पानी की परेशानी लंबे समय से बरकरार है। कभी ठीक मिलता है तो कभी नही मिलता है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने समाजिक सेवा संघ अध्यक्ष राजेश सामंत व गांव के जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी। एक प्रतिनिधि मंडल मजदूरों के साथ गधड़ा पानी टंकी के पास पहुचकर जम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष राजेश सामंत ने पेयजल विभाग के एसडीओ से इस संबंध में टेलीफोन से वार्ता की। एसडीओ ने कहा दो दिनों के अंदर समाधान कर सुचारू रूप से पानी सप्लाई किया जाएगा। वही राजेश सामंत ने कहा गदड़ा, बामन गोड़ा, सोपोडेरा, टुपुडांग, परसुडीह, मखदुमपुर, बारीगोरा राहरगोडा एवं अन्य क्षेत्रों में पानी का लीकेज की समस्या जब से पानी सप्लाई हो रहा तब से बरकरार है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गढ़वा टाउन हॉल मैदान में 20 दिवसीय राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर में एक बार फिर राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट कंज्यूमर का आयोजन टाउन हॉल के मैदान में किया गया है। इसका उद्घाटन मुख्य अथिति श्रीमती पिंकी केशरी, नगर परिषद अध्यक्ष गढ़वा के द्वारा फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर 20 दिवसीय राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला का भव्य उद्घाटन किया गया है। राष्ट्रीय हस्त शिल्प मेला में भारत वर्ष के हस्त शिल्पकारों द्वारा 15 से 20 राज्यों द्वारा 55 से 60 स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश मेरठ के खादी के कपड़े, पानीपत का पर्दा, किचन वेयर, कोलकाता हैंडलूम के कपड़े, बनारसी साड़ी, भागलपुर सूट, ड्रेस मैटेरियल, राजस्थानी अचार, उत्तर प्रदेश भदोई के कारपेट, डॉर्मेट कालीन, लेडीज पर्स, लुधियाना कॉटन सॉक्स, ज्वाला खादी ग्रामोउद्योग की दवाइयां, खुर्जा की क्रॉकरी ब्रांडेड पैंट-सर्ट, बॉम्बे बाजार की लेडीज चप्पल, फिरोजाबाद की कांच की चूड़ियां, जयपुर माउथ फ्रेशनर, बच्चों के लिए अनेक प्रकार के खिलौने, महिलाओं के लिए सौन्दर्य प्रसाधन के सामान आदि घरेलु उपयोग में आने वाले सामानों की खरीदारी एक ही छत के नीचे कर सकेंगे। बाजार सुबह 11 बजे से रात्रि 09 बजे तक खुला रहेगा।

### आरपी नर्सिंग स्कूल में वर्ल्ड हार्ट डे पर 47 लोगों की हुई नि:शुल्क मधुमेह और रक्तचाप की जांच




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के टंडवा स्थित आरपी नर्सिंग स्कूल में वर्ल्ड हार्ट डे मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रिंसिपल मनु जेम्स, डॉ. सोनाली केसरी, डॉ. अंजना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर 47 लोगों की निःशुल्क मधुमेह और रक्तचाप जांच की गयी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. सोनाली केसरी ने कहा कि वर्ल्ड हार्ट डे हर वर्ष 29 सितंबर को मनाया जाता है। हार्ट डिजीज का मुख्य कारण खानपान, तंबाकू का सेवन, शराब, मोटापा, धूम्रपान, फास्ट फूड है। आजकल के युवा लोगों में भी सडन कार्डियक अरेस्ट और एक्यूट हार्ट अटैक ज्यादा देखने को मिल रहा है। सही समय पर इलाज नहीं हो पाने के कारण मौत भी हो सकती है। स्कूल के प्राचार्य मनु जेम्स ने कहा की पर्यावरण को बचाना भी हमलोगों का दायित्व है। उन्होंने हृदय रोग से किस तरह खुद को बचाया जा सकता है, इस संबंध में छात्र-छात्राओं और युवाओं को विस्तार पूर्वक बताया। डॉ. अंजना कुमारी ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली में सुधार करके हृदय को मजबूत बनायें। मौके पर सेजल केसरी, संगीता देवी, मनोज कुमार, अशोक प्रसाद केसरी और अन्य लोग उपस्थित थे।

### नवरात्र पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन



**केतार (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या पूजन का कार्यक्रम भक्ति भाव एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। कक्षा अरुण, उदय एवं प्रथम की बहनों का कन्या पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक बहनों का पैर प्रक्षालन का कार्य विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, सभी दीदीजी एवं आचार्य जी के द्वारा किया गया। उनका विधिवत आरती तिलक कर पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में माता दुर्गा के नौ रूपों की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी। माता के नौ स्वरूपों का विधिवत आरती एवं पूजन किया गया। विद्यालय के सभी भैया- बहनों ने भी आरती पूजन में भाग लिया एवं मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कार्यक्रम :** जिला भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा

# मोदी सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है

**मोदी सरकार के आठ वर्ष का कार्यकाल गरीबों के हित में रहा है : संतोष दुबे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा गढ़वा जिला द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला उपाध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में मां नगीना शाही कालेज श्री बंशीधर नगर में मोदी @20 मोदी सरकार के आठ वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रधामंत्री मोदी भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। कल तक जो देश भारत को कमजोर समझते थे वे लोग भारत के सामने मस्तक झुकाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में अनेकों योजनाएं बनायी, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। पूर्व की सरकार में गरीबों को लूटा जाता था। लेकिन वर्तमान में मोदी सरकार की हर योजना का लाभ सौ प्रतिशत जनता को मिल रहा है। आवास योजना, उज्जवला योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन बनाकर भारत ने विश्व पर अपना दबदबा कायम किया है।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि मोदी सरकार के आठ वर्ष का कार्यकाल गरीबों के हित में रहा है। पूर्व की कांग्रेस सरकार में कुछ योजना चलती थी। लेकिन वह दलालों के बीच रह जाती थी। उसका लाभ जनता को नहीं मिल पाता था, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है। कोरोना महामारी में किसी भी व्यक्ति की मौत भूख से नहीं हुई। मोदी सरकार ने अन्न योजना चलाकर सबको अनाज देने का काम किया और यह योजना लगातार चल रही है। इससे गरीबों को काफी फायदा हुआ है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला उपाध्यक्ष उमेन्द्र यादव, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य लवली आनंद, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, श्री बंशीधर नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्ठ, विभुति चौबे, मथुरा पासवान, इंद्रमणि जायसवाल, प्रताप जायसवाल, अवध बिहारी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय यादव सहित अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विधायक ने पूजा पंडालों के सदस्यों को अंगवस्त्र, तलवार व सहयोग राशि देकर किया सम्मानित



सगमा (आजाद सिपाही)। विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड के मध्य विद्यालय पुतूर के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों के अध्यक्ष व सचिव तथा सदस्यों को अंगवस्त्र, तलवार एवं सहयोग राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक भानु को माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं कमेटी के कोषाध्यक्ष आलोक कांत यादव ने मां दुर्गा की तस्वीर भेंटकर व अंगवस्त्र देकर समानित किया। मौके पर सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हम सभी सनातन धर्म के लोगों को एकजुट होकर अपने धर्म के प्रति जागरूक होना होगा। विधायक ने पूजा कमेटी के सदस्यों एवं ग्रामीणों को नवरात्रि एवं दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। कार्यक्रम में भगत दयानंद लक्ष्मण राम, अनिल चौबे, मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव, विधायक प्रतिनिधि बबब्लू ठाकुर, धर्मजीत यादव, राजेश बैठा, रविरंजन यादव, पारसनाथ यादव, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, सोनडीहा मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बंशीधरनगर में मुर्गी फार्म से पीडीएस का 80 बोरा गेहूं जब्त



**ग्रामीणों की सूचना पर एसडीओ के निर्देश पर की गयी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के भोजपुर पंचायत स्थित टीकुलडीहा ग्राम में प्रभु साह के मुर्गी फार्म में पीडीएस का 80 बोरा गेहूं ग्रामीणों ने पकड़कर प्रशासन को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 5 बजे एक ट्रैक्टर पर पीडीएस का गेहूं लदा हुआ भोजपुर के पश्चिम टोला स्थित स्वीटी जागृति समूह में आया था। फिर वहां से वापस आकर प्रभु साह के मुर्गी फार्म में गेहूं को उतारा गया। ग्रामीणों को शक होने पर प्रभु शाह के मुर्गी फॉर्म में देखा गया तो वहां पर भारी मात्रा में गेहूं पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी एसडीओ आलोक कुमार एवं थाना प्रभारी को दूरभाष के माध्यम से दी।

एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर मजिस्ट्रेट अजय तिर्की एवं पुअनि सुनील दास प्रभु साह के मुर्गी फार्म में पहुंचकर गेहूं को जब्त कर थाना ले आये हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पीडीएस का गेहूं उतारकर ट्रैक्टर फरार हो गया है। पीडीएस का गेहूं प्रभु साह के मुर्गी फार्म में बोरा बदलने के लिये रखा गया था। पीडीएस का बोरा को भी बदल लिया गया था। सभी पीडीएस के बोरा को बगल के स्कूल के नजदीक झाड़ी में छुपा दिया गया था। ग्रामीणों के द्वारा खोजबीन कर प्रशासन को बोरा भी सौंप दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि गेहूं किसका है, इसकी जांच कर प्रशासन पीडीएस का गेहूं कालाबाजारी करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे। पीडीएस का बोरा में जो मुहर लगा हुआ है वह मध्य प्रदेश का है। पीडीएस के गेहूं की कालाबाजारी मध्य प्रदेश से झारखंड तक की जा रही है।

अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि सुबह में लोगों के द्वारा दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गयी कि भोजपुर में पीडीएस के गेहूं का ट्रांसपोर्ट हो रहा है। जानकारी मिलते ही मजिस्ट्रेट भेजकर जांच की गयी। प्रथम दृष्टया 70-80 बोरा गेहूं मध्य प्रदेश पीडीएफ का है। उन्होंने कहा कि हम लोगों द्वारा गहनता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं लोग जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहीं किसी को भी कुछ सूचना मिलती है तो हमें जानकारी दें कालाबाजारी करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीआरपीएफ एसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में किया सामग्री का वितरण

**सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** जिला मुख्यालय से लगभग 80 किलोमीटर दूर अति नक्सल प्रभावित बूढ़ा पहाड़ के तलहट्टी में अवस्थित तुमएरा गांव में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में तुमएरा, तरेर, खपरी महुआ के करीब 400 ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों के बीच पुलिस अधीक्षक सीआरपीएफ 172 कमांडेंट आशीष कुमार झा ने कम्बल, धोती, साड़ी, कॉपी, कलम, फुटबॉल इत्यादि का वितरण किया गया।

बूढ़ा पहाड़ में कैम्प स्थापित किये जाने के पश्चात पहली बार यहां सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान ग्रामीणों से उनकी समस्याओं से भी अवगत हुआ गया। ग्रामीणों की ओर से मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी जैसी समस्याएं बतायी गयीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्रामीणों को विश्वास दिलाया गया कि समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग के साथ मिल कर करवाया जाएगा।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सीआरपीएफ कमांडेंट अपर पुलिस अधीक्षक अभियान एवं टेहरी पंचायत की मुखिया उपस्थित थीं।

### मंत्री मिथिलेश ने कर्बला के सुंदरीकरण के लिए दी एक लाख रुपये की राशि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा छतरपुर स्थित कर्बला के सुंदरीकरण के लिए एक लाख रुपये का सहयोग किया गया। मोहर्रम के मौके पर यहां पर चिरौंजिया, छतरपुर, झलुआ, और अरंगी के लोगों का मिलन होता है। मौके पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, विधायक प्रतिनिधि मासूम खान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष, आलमगीर अंसारी, कर्बला कमिटी के सदर, एजाज अंसारी, छतरपुर पंचायत अध्यक्ष जमील अंसारी के साथ मोहर्रम कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### प्रभारी प्रधानाध्यापिका विद्यानी बाखला ने लिया प्रभार

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय कांडी में शुक्रवार को प्रभारी प्रधानाध्यापिका के रूप में विद्यानी बाखला ने प्रभार लिया। इससे पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार को विद्यालय के शैक्षणिक माहौल प्रभावित करने के आरोप में जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के आदेशानुसार प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से मुक्त कर दिया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेशानुसार अरविंद कुमार ने अपना प्रभार टीजीटी शिक्षिका विद्यानी बाखला को दिया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने प्रभार लेने के बाद कहा कि मुझे गर्व है कि विद्यालय की सारी जवाबदेही व जिम्मेवारी एक महिला को सौंपी गयी है। मैं अपना हर दायित्व का पालन ईमानदारी पूर्वक करूंगी। विद्यालय का शैक्षणिक माहौल में सुधार सभी शिक्षकों व कर्मियों के सहयोग से कर पाऊंगी ऐसी उम्मीद करती हूं। इस विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक कोई भी महिला को प्रधान अध्यापिका के रूप में प्रभार नहीं दिया गया था। जिसको लेकर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने किया पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा स्थानीय बंधन मैरेज हॉल नवादा मोड़ में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन क्लब के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में बीएसकेडी स्कूल के 50 बच्चो ने भाग लिया। मौके पर बच्चों के द्वारा बहुत ही मनमोहक पेंटिंग बनायी गई। मौके पर अध्यक्ष लायन विजय कुमार सोनी ने बताया कि ये पीस पोस्टर प्रतियोगिता हर वर्ष लायंस इंटरनेशनल के द्वारा करवायी जाती है और इसी कड़ी में आज लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा करायी जा रही है। कार्यक्रम में लायन उमेश अग्रवाल, सचिव लायन हर्ष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, लायन डॉ पतंजलि केशरी, लायन आशुतोष अग्रवाल, लायन चन्दन मेहता, लायन नीरज कुमार, लायन पवन अग्रवाल, लियो अनूप कुमार, लियो अतुल दुबे आदि उपस्थित थे।

### भरत की गद्दी पर भरत जैसा राजा आसीन हो जाये तो स्वत: रामराज आ जायेगा : नीलम शास्त्री



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में नवरात्र के चौथे दिन गढ़वा सदर प्रखंड के मध्या पंचायत के झुरा गांव में ग्राम विकास समिति के बैनर तले 16वें दुर्गा पूजा महोत्सव में चल रहे राम चरित्र मानस का प्रवचन करते हुए व्यासपीठ से आयीं कथा वाचिका मानस कोकिला सुश्री नीलम शास्त्री ने भरत चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भरत त्याग की प्रतिमूर्ति थे। त्याग का दूसरा नाम ही भरत है। रामचरित्र मानस में तो भरत जी का चरित्र आराध्य राम से भी बड़ा बताया गया है। स्वयं प्रभु श्रीराम ने भरत की प्रशंसा की है। आगे भरत चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यदि भरत की गद्दी पर भरत जैसा राजा आसीन हो जाए तो स्वतः रामराज्य आ जाएगा, उसके लिए अलग से प्रयास करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आगे उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि आज समय की मांग है, कि हर भाई अपने भाई से प्यार करें, प्रेम करें। और यदि ऐसा होता है तो वह दिन दूर नहीं जब हम अपने रामराज्य की कल्पना को साकार होते देख पाएंगे। आज भरत के समान त्याग और प्रेम रखने की जरूरत है, तभी हमारे घर का, समाज का, राज्य का, देश का और आगे विश्व का कल्याण हो सकता है।

### पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने पूजा समितियों को दिया आर्थिक सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह ने पूजा पंडालों का भ्रमण कर आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने रंका अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों के दौरा के क्रम में बताया कि उन्होंने ग्राम कुद्रुम, भलुआनी, खुरी, बाईस प्लौट, भंवरी, बाराडीह, बेलवादामर, बांदू आदि गांवों में दुर्गा पूजा समितियों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से मिलकर सहयोग राशि प्रदान की। श्री सिंह ने क्षेत्र के लोगों के लिए मां दुर्गा से कृपा बनाये रखने की प्रार्थना की।

**परेशानी :** अमहरखास पंचायत में रमना-विशुनपुरा मुख्य पथ हुआ कीचड़ में तब्दील

# कीचड़युक्त सड़क पर हाथों में चप्पल लेकर स्कूल जाने को विवश हैं शिक्षक

**इसी सड़क पर उपस्वास्थ्य केंद्र भी पड़ता है, जहां लोग मरीजों को इलाज कराने के लिए ले जाने से भी घबड़ाते हैं**

राजू सिंह





**विशुनपुरा।** थाना अंतर्गत अमहर गांव की विकास की पहचान वहां की सड़कों से होती है। अमहरखास पंचायत अंतर्गत पचफेड़ी टोला की सड़कों को देख कर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार सिर्फ विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है। लेकिन जमीनी हकीकत सरकार के विकास के दावे को खोखला साबित कर रही है।

अमहरखास पंचायत में रमना-विशुनपुरा मुख्य पथ से उपस्वास्थ्य केंद्र होते हुए नवप्राथमिक विद्यालय पचफेड़ी टोला अमहर तक जाने वाली कच्ची सड़क कीचड़ में तब्दील हो गयी है। इस विद्यालय के शिक्षक कीचड़युक्त सड़क पर हाथों में चप्पल लिए एक किलोमीटर दूरी तय कर पैदल विद्यालय जाने को मजबूर है। कीचड़युक्त सड़क पर शिक्षक एवं बच्चे विद्यालय जाने के दौरान फिसल कर गिर भी जाते हैं। इस विद्यालय में 45 बच्चे व दो शिक्षक बरसात में कीचड़ से सनी सड़क होते हुए भी विद्यालय जाते हैं। इस विद्यालय तक आने जाने वाली सड़क की हालत खराब है। इस बात को लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं। वहीं विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्याक अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय जाने वाली सड़क हल्की बारिश में कीचड़ में तब्दील हो गयी है। उन्होंने बताया कि हमारे साथ एक सहयोगी शिक्षक सतेंद्र यादव नियुक्त हैं। जो इस कीचड़ से सने रास्ते से विद्यालय जाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय जाने के लिए एकमात्र यही सड़क है। कई बार इस सड़क से आवागमन करने पर कीचड़ में गिर कर घायल भी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक इस मामले की जानकारी दी है, लेकिन आज तक किसी ने पहल नहीं की। विद्यालय के छात्र-छात्राएं जिलाधिकारी से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। वे कहते हैं कि सरकार एक ओर आबादी वाले टोलों को सड़क उपलब्ध कराने की बात करती है, तो दूसरी ओर विद्यालय में प्रतिदिन आने-जाने वाले विद्यार्थियों को एक अदद अच्छी सड़क भी उपलब्ध नहीं करायी है। इस विद्यालय के पास टोले पर लगभग 60 घर के चार सौ लोग रहते हैं। यहां के लोगों का मुख्य बाजार विशुनपुरा है। जो इसी रास्ते से होते हुए विशुनपुरा आना पड़ता है।

सूबे की हेमन्त सरकार ने सरकारी स्कूलों को शिक्षा स्तर सुधारने के लिए काफी प्रयास कर रही है। जिसके तहत बच्चों को निशुल्क पुस्तक, साइकिल, ड्रेस और भोजन तथा बच्चियों को सुकन्या योजना तक का लाभ दे रही है। वहीं बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए सड़क निर्माण करने के निर्देश भी दिये हैं। फिर भी कई स्कूलों में बच्चों को आने जाने के लिए रास्ते का निर्माण नहीं होना चिंतनीय है।

वहीं इस रास्ते में उपस्वास्थ्य केंद्र अमहर भी पड़ता है। उपस्वास्थ्य केंद्र आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीमार व्यक्ति को इलाज कराने के लिए उपस्वास्थ्य केंद्र जाना काफी दुर्लभ हो गया है। बरसात के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाने से बीमार व्यक्ति बिना इलाज कराये ही रह जाते हैं। इस संबंध में मुखिया ललित नारायण सिंह ने बताया कि अभी कोई फंड नहीं है। सड़क बनना बहुत जरूरी है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या




**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिले एवं आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गयी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में कुल 08 मामले आए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, कस्तुरबा गांधी में नामांकन संबंधित, राशन कार्ड संबंधित, आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन संबंधित, जमीन विवाद, विद्युत पोल से तार खिंचवाने संबंधित, रोजगार, आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे विभिन्न शिकायतों का निष्पादन उपायुक्त द्वारा मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को बुलाकर किया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## लोहरदगा जिला के विकास को लेकर झारखंड चैंबर गंभीर: राजेश महतो

**लोहरदगा।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, दक्षिणी छोटानागपुर राजेश महतो ने बतलाया कि लोहरदगा जिला में लघु उद्योग व पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इस संदर्भ में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री से लोहरदगा चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार के साथ मिलकर गंभीरता के साथ बात हुई। जिसके बाद फेडरेशन अध्यक्ष किशोर मंत्री जी ने मुद्दे को गम्भीरता के साथ लेते हुए पर्यटन सचिव के साथ त्वरित पत्राचार कर उन्हें याद दिलवाया कि स्थानीय बक्शीडिपा, सेन्हा प्रखंड में सरकार द्वारा चिन्हित 64 एकड़ जमीन को विकसित कर पार्क, गेस्ट हाउस एवं रिसोर्ट बनाने की योजना थी, जिसे पूरा करना चाहिए। अतः फेडरेशन उपरोक्त योजना को पूर्ण करने हेतु सरकार से गम्भीरता पूर्वक विचार कर योजना को मूल रूप देने की मांग करती है। क्योंकि लोहरदगा जिला सटे गुमला व लातेहारजिला में विश्व प्रशिद्ध आंजन धाम, नेतरहाट, बेतला अभ्यारण्य पार्क तो है हीं, लोहरदगा जिला में भी विभिन्न पुरातन ऐतिहासिक धरोहर है। अतः लोहरदगा जिला में पर्यटन विकास की असीम संभवनाएं है।

## करंट लगने से युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के अमरवाडीह ग्राम मे आज एक बिजली के पोल पर चढ़ कर रहे बिजली की काम कर रहे एक बिजली मिस्त्री को करंट लगने से बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक विजय गंझु 25 वर्ष पिता स्व महावीर गंझु अमरवाडीह बालूमाथ का रहने वाला बताया जा रहा है। जिसे परिजनों के सहायता से बालूमाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।जहा बुरी तरह घायल युवक को डॉक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं उनकी टीम द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स भेज दिया गया है।

## बारियातु में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोग हुए घायल, एक रिम्स रेफर

बारियातु। टीओपी अंतर्गत टोंटी पंचायत के सरहचवा टोला स्थित ग्रामीण पक्की सड़क पर बाईक सवार माँ बेटा गिर कर हुआ घायल। वहीं अमरवाडीह ग्राम में बिजली के खंभे से एक युवक गिर कर घायल हो गया।आस पास के ग्रामीणों के सहयोग से बालुमाथ सिएचसी में लाया गया जहाँ इलाज के बाद खंभा से गिरा युवक को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। पहली घटना बारियातु ग्राम निवासी बिनोद साव के पुत्र राहुल कुमार अपनी माँ के साथ टीवीएस लुना जे एच 19 बी 9854 से टंडवा अपने नानी के घर जा रहा था कि टोंटी पंचायत के सरहचवा टेला स्थित ग्रामीण पक्की सड़क पर पुलिया के कोर से असंतुलित होकर गिर गया। जिससे माँ दशनी देवी गिर गई और सर व शरीर में गंभीर चोट आई और अचेत हो गई। घटना की सुचना आस पास के ग्रामीणों ने समाज सेवी सह टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा को दिया। सुचना पाते ही पंसस होजैफा घटना स्थल पर पहुंचा और अचेत पड़े देवी को ग्रामीणों के सहयोग से घरेलू उपचार कर होश में लाया और निजी वाहन से बालुमाथ अस्पताल भेज दिया।

## थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

हेरहंज-(लातेहार)। भारत सरकार द्वारा पीएफआई संगठन पर प्रतिबंध लगाए जाने पर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता-बसंत गंझू व संतोष यादव ने संयुक्त रूप से किया। संचालन-थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने किया। इस थाना परिसर की बैठक में पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ साथ बुद्धिजीवी गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने सभी लोगों से अपील किया कि सरकार द्वारा लिए गए फैसले को किसी तरह का व्हाट्सएप, फेसबुक, यूजर अन्यथा किसी प्रकार की टिप्पणी न करेंगे। बसंत गंझू ने कहा कि इस प्रखण्ड क्षेत्र में कितने तरह के संगठन आये लेकिन सरकार जो भी निर्णय ली है उसका जनता किसी तरह का कोई विरोध नहीं किया। उसी तरह आज पीएफआई एक नया संगठन का नाम आया है इसमें भी सरकार द्वारा प्रतिबंधित साबित किया है इससे भी हम सभी को बचने की आवश्यकता है। मौके पर-एसआई-कैलाश कुमार मंडल, उप-प्रमुख-विजय उरांव, पंचायत समिति सदस्य-निर्मला कच्छप (हेरहंज पश्चिमी) बिससूत्री-उपाध्यक्ष-पुरषोतम प्रसाद गुप्ता, मुखिया-फुलदेव सिंह (सेरनदाग) अनिल उरांव, ऐनुल अंसारी, साहिद खान, महेंद्र उरांव, रॉकी कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मनिका विधायक ने स्टार सिटी मॉल का फीता काट कर शुभारंभ किया



**लातेहार/बरवाडीह।** बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह बाजार स्थित स्टार सिटी मॉल में द प्लांट्स मेंसवेयर नामक रेडीमेड कपड़ा दुकान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बरवाडीह जैसे छोटे इलाके में इस तरह का दुकान खोलना सराहनीय और अच्छी पहल है हमारे बरवाडीह शहर में मनचाहा वस्त्र मिल पायेगा। अब दूर जाने की जरूरत नहीं बल्कि हमारे क्षेत्र यह सारी सुविधा उपलब्ध है।

### दुर्गोत्सव को लेकर लोहरदगा पुलिस को कार्रवाई में मिली सफलता

# पीएलएफआइ के नाम पर रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा उत्सव को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा पूरे लोहरदगा जिले में अवैध शराब, जुआ अड्डे, अवैध हथियार की बरामदगी एवं अपराधियो के विरूद्ध विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में एक फरार पीएलएफआई संगठन के नाम से लेवी वसूली करने का फरार आरोपी हरिनाथ उरांव उर्फ हरि उरांव, उम्र 30 वर्ष पिता स्व. रामचन्द्र उरांव, ग्राम-एकागुडी, थाना-सेन्हा, को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में एसडीपीओ बीएन सिंह ने शुक्रवार को सदर थाना परिसर में पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अपराधी हरिनाथ महली की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। दो माह पूर्व बगडू थाना क्षेत्र में पीएलएफआई के नाम पर संगठन तैयार कर विकास कार्य में लगे संवेदक से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का उद्भेदन किया गया था। जिसमें कुल तीन दशी रायफल, एक देशी सिक्सर (रिवॉल्वर), चौदह जोड़ा चितकबरा वर्दी, नक्सल पर्चा आदि बरामद की गयी थी। इस मामले में बगडू थाना कांड सं.-22/22. दिनाक 04.08.2022 धारा-384/387 भादवि एव 25 (1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज है। जिसमे फरार सकिय अपराधकर्मी हरिनाथ उरांव की गिरफ्तारी थाना प्रभारी बगडू थाना विश्वजीत कुमार सिंह के नेतृत्व वाली टीम के द्वारा की गयी है।

**लोहरदगा में देशी लोडेड पिस्टल के साथ एक अपराधकर्मी गिरफ्तार :** लोहरदगा। दुर्गोत्सव को लेकर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बगडू थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी सुजीत उरांव के घर से पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्टल, एक जीवित कारतूस जब्त किया है। इस मामले में बगडू थाना में आरोपी सुजीत उरांव के विरुद्ध बगडू थाना कांड सं.-27/22, दिनांक-29.09.2022 धारा-25 (1-बी) ए / 26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पुलिस टीम लोहरदगा जिले में अवैध हथियारों से जुड़े गिरोह के विरुद्ध लगातार पड़ताल कर रही है। पुलिस के समक्ष इस संदर्भ में आरोपी सुजीत उरांव ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया है। पुलिस टीम इस पर छापामारी कर रही है। इस संदर्भ में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलग अलग टीम बनाकर दागी, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रख रही है। जुआ शराब अड्डो पर भी छापेमारी की जा रही है। लोहरदगा सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, बगडू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी, टीनू साव, कुलदीप कुमार राम, अब्राहम अलमा मुर्मू, संजय कुमार समेत अन्य शामिल थे।

## चोरी की तीन बाइक बरामद, एक गिरफ्तार



**लोहरदगा शहरी क्षेत्र वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का उद्भभेदन किया गया। जिसमें अलग अलग इलाको से कुल तीन मोटरसाइकिल की बरामदगी किया गया है जबकि इस मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार अपराधी की पहचान रविन्द्र उरांव उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-जउवा उरांव, ग्राम - मुर्की तोड़ार सेन्हा के रूप में किया गया है। उसकी निशानदेही पर अलग अलग क्षेत्रों से तीन बाइक बरामद किया गया है। एक मोटरसाईकिल मांडर थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है तथा दो मोटरसाईकिल को लोहरदगा थाना क्षेत्र से एक राजा बंगला उर्सलाईन टीचर ट्रेनिंग सेन्टर के पास से एवं एक राजा बंगला के पीछे झाडीनुमा क्षेत्र में छुपा कर रखे गये मोटरसाईकिल बरामद किया गया। इस मामले में लोहरदगा सदर थाना कांड सं.-234 / 22, दर्ज किया गया है। पुलिस कार्रवाई में लोडेड पिस्टल एक, कारतूस एक, तीन पल्सर बाइक जिसमे एक बाइक का नंबर जेएच 08 एफ 8674 है जबकि दो का सिर्फ चेसिस नंबर उपलब्ध है।**

### खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिष्ठान्न नहीं बनाने वाली पांच दुकानों पर कार्रवाई

# खाद्य सामग्री में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जायेगी: एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** दशहरा एवं दुर्गा पुजा को देखते हुए उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के मिष्ठान दुकानों की जांच की गयी। जांच के क्रम में कुल 15 दुकानों में बने मिष्ठानों एवं चार फास्ट फूड की दुकानों की जांच ऑन स्पॉट रांची से आऐं फूड वाहन की टीम के द्वारा की गयी। जांच के क्रम में मनपंसद मिष्ठान, आयुष्मा स्वीट्स, पलामू स्वीट्स, स्मापाइसी विलेज एवं होटल मनोज चौरसिया में खाद्य सुरक्षा के नियम के विरूद्ध सामग्री बनाए जाने पर जुर्माना लगाया गया। वही अंतिम चेतावनी देते हुए अगली बार खाद्य सामग्री में मिलावट पाये जाने पर लाइसेंस रद करने की बात कही। जांच के क्रम में एसडीओ शेखर कुमार ने स्पष्ट कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, खाद्य सुरक्षा के तहत ही दुकानदार मिष्ठान एवं अन्य सामग्री बनाये अन्या नियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने दुकानदारों से कहा कि खाद्य सामग्री गुणवतापूर्ण नहीं होने से इसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है, ऐसे में आपसभी खाद्य सुरक्षा द्वारा बनाये गये गाइडलाइन का पालन करें, ताकि लोगों के स्वास्थ्य पर इसका कोई असर नहीं पड़े।

## स्वच्छता से शारीरिक और मानसिक विकास होता है: शशि शेखर

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती और घोर नक्सल प्रभावित जोबांग थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने कहा कि स्वच्छता से मनुष्य के जीवन में बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करती है। साथ ही स्वच्छता से मानसिक और शारीरिक विकास भी होता है। थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि लोग स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में अपनाएं और स्वस्थ समाज का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि क्यों कूडा कचरा को कूड़ेदान में डालें और अपने घर के आसपास साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें ताकि बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिल सके।

# भयमुक्त वतावरण को ले पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध : एसपी

**दुर्गा पूजा और अन्य त्यौहारों के मद्देनजर चुस्त दुरुस्त पेट्रोलिंग करने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शुक्रवार को एसपी आर रामकुमार ने भंडरा थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने में विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फरार वारंटियों की पंजी, विभिन्न कांडों की समीक्षा की। साथ ही गिरफ्तारी पंजी, चौकीदार पंजी, स्थाई वारंट पंजी सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। दुर्गापूजा एवं अन्य त्यौहारों के मद्देनजर चुस्त दुरुस्त पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना के सभी अभिलेख अपराध संचिका, डकैती, लूट पंजी, दागी रजिस्टर, मालखाना पंजी, थाना खतियान, रोकड़ बही, फरारी पंजी, दागी पंजी, गुंडा रजिस्टर, लंबित कांडो की समीक्षा आदि का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। पायी गयी त्रुटि को सुधार करने एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के थानों में सक्रिय अपराधियों को चिन्हित करते हुए करवाई करने का निर्देश दिया गया है। थाना भवन, पुलिस कर्मियों के रहने के अवसान, थाना हाजत, मोर्चा, मालखाना आदि का भौतिक निरीक्षण भी किया गया।

### विद्यालय में साप्ताहिक को- कैरिकुलर एक्टिविटी के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# बीएस डीएवी के बच्चों ने रामायण प्रसंग नाटक का मंचन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** शहर के जलता स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीसीए कार्यक्रम के अंतर्गत डांडिया डे मनाया। साथ ही साथ बच्चों ने रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत कर सभी को दशहरा पर्व के बारे में भी बतलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के कक्षा एक और दो के बच्चों ने दुर्गा पूजा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता और कक्षा तीन और 4 के विद्यार्थियों ने हाउस बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता में भाग लिया। सीनियर में कक्षा पांच, छह, सात और आठ के बच्चों ने रामायण के प्रसंग को नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों ने भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, राजा दशरथ, हनुमान, सुग्रीव, वानर सेना, मां दुर्गा, रावण और अयोध्या वासी बनकर प्रस्तुति दी। मंच पर उतरे छोटे छोटे बच्चों को इस मनमोहक रूप में देखकर दर्शक दीर्घा में उपस्थित विद्यालय परिवार जोरदार तालियों से इनका स्वागत किया । सभी बच्चों में अपने अपने चरित्र-पात्र प्रस्तुति को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक में तीन दृश्यों को दर्शाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम का अपने पिता राजा दशरथ के वचन का पालन करते हुए 14 वर्षों का वनवास दिखाया गया। फिर सरयू नदी के दृश्य को दिखाया गया। वन में लंकापति रावण के द्वारा माता सीता का हरण तत्पश्चात प्रभु श्री राम के द्वारा अपने सेवक हनुमान और उनकी वानर सेना की मदद से लंका में जाकर लंकापति रावण का वध कर के माता सीता को छुड़ाना दिखाया गया। दूसरे दृश्य में प्रभु श्रीराम अपने अनुज भ्राता लक्ष्मण, भार्या माता सीता, सेवक हनुमान और वानर सेनाओं के साथ अयोध्या नगरी में आगमन और अयोध्यावासियों में खुशी की लहर एवम उनके द्वारा घी के दिये जलाकर गीत संगीत नृत्य के माध्यम से खुशियों को व्यक्त करना आदि दृश्यों को प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के सभी बच्चों ने नवरात्र सेलिब्रेशन में एक से बढ़कर एक मनमोहक डांडिया-गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में अपनी धार्मिक संस्कृति के प्रति सकारात्मक संदेश और सामाजिक जागरूकता फैलती है।

## शिव मंदिर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**बरवाडीह।** बरवाडीह के ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर में पर्यटन स्वच्छता अभियान के तहत बीडीओ स्वच्छता विभाग के प्रखंड समन्वयक सुनील कुमार व प्रखंड की जलसहिया के नेतृत्व मे चलाया गया पर्यटन स्वच्छता अभियान। बताते चले कि झारखंड सरकार की मुहिम पर्यटन स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। जिसे लेकर बरवाडीह प्रखंड के भी विभिन्न पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर शुक्रवार को पहाड़ी शिव मंदिर मे स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा पर्यटन स्थल का साफ सफाई अवश्य रखना चाहिए ताकि हमारे क्षेत्र दूसरे जगह से आये लोगों को दिखे की हम स्वच्छता के प्रति कितने सजग है।

## कैरो में वाहन चेकिंग अभियान चला



**कैरो।** कैरो चेटर मुख्य सड़क एड़ादोन के समीप उपेंद्र सिंह की अगुवाई में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई।वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गयी। इस दौरान हेलमेंट नही पहनने व वाहन से संबंधित कागजात लेकर नही चलने वाले लोगों को सख्त हिदायत दी गयी। मौके पर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने पर जोर दिया। इस दौरान थाना के दलबल मौजूद थे।

## सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन



बरवाडीह। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में हर शुक्रवार की भांति इस शुक्रवार को भी जनसमस्याओं को लेकर बीडीओ सह सीओ की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कु सिंह उर्फ पिंटू, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद गुप्ता राजस्व कर्मचारी सहित अंचल के अन्य कर्मी उपस्थित हुए।जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े एक आवेदन प्राप्त हुए शेष पूर्व से लंबित मामले चले आ रहे थे। उन सभी मामलों को जोड़कर शुक्रवार को दर्जनों फरियादियों की फरीयाद का निष्पादन जनता दरबार में त्वरित किया गया। बीडीओ की अध्यक्षता में बारी-बारी से जमीन से जुड़ी मामले पर दोनों पक्षों को सुनने के उपरांत मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के लोग जमीन संबंधित विवाद को लेकर पहुंचे थे। सभी फरियादियों को इसी प्रकार जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं का समाधान मिल बैठकर सुलझाना चाहिए। इससे समाज में आपसी सौहार्द बना रहता है।

## फाइलेरिया और कृमिमुक्त दवा का वितरण



**लोहरदगा।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत कल्याण अस्पताल में फाइलेरिया तथा कृमिमुक्त दवा का वितरण किया गया। इस क्रम में लोहरदगा के कल्याण अस्पताल बसारडीह में डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा शुक्रवार को ग्रामीणों के बीच फाइलेरिया से बचाव के लिये कृमिमुक्त दवा वितरण किया गया। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने ग्रामीण जनता से अपील करते हुए कहा कि फाईलेरिया एक खतरनाक बीमारी है। कृमिमुक्त दवा कहा कर पैर को हाथी पांव बनने से बचाये साथ ही डॉ. राजीव रजन ने परिवार नियोजन की जानकारी देते हुए छोटा परिवार सुखी परिवार तथा दो बच्चों के बीच तीन साल का अन्तर के बारे विशेष जानकारी दिया गया। मौके पर चिकित्सा कर्मी शोभा उरांव, मुकेश साहु के अलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## चंदवा में विधायक प्रतिनिधि ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड पंचायत-कामता के ग्राम-हिसरी में झामुमो नेता रतनू गंझु के भाई स्व0बिगू गंझु के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया वही भगवान से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना किया एवं परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति दे। वही पीड़ित परिवार को विधायक प्रतिनिधि ने हरसंभव हरसमय मदद का भरोसा दिलाया साथ ही आर्थिक मदद एवं खाद्यान्न अपने निजी मद से उपलब्ध करवाये। मौके पर छोटू, विनोद गंझु, विशाल कुमार, कामेश उरांव, रमेश गिरी,चंदन कुमार, जागो गंझु, सोहराज गंझु उपस्थित थे।

## एसडीओ बोले, आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई होगी




**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित लव कुशपेट्रोल पंप पर गुरुवार को पेट्रोल के साथ पानी निकलने का मामला सामने आया। जिसके बाद ग्राहकों ने जमकर हंगामा किया था। हालांकि पंप संचालक ने गलती को मानते हुए बताया था कि बारिश का पानी टैंक में जाने के कारण इस तरह का मामला हुआ। वाहन चालकों को रिफंड तथा वापस पेट्रोल दिया गया था।वंही अब ग्रामीणों का कहना है पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को कई तरह की सुविधाएं देने के निर्देश हैं। लेकिन प्रखंड में संचालित पंप पर ग्राहकों को सुविधा के नाम पर बूथ के ऊपरी छत तक की छाया भी नही मिल रही है।हवा भरने के लिए कोई मशीन नहीं है, दस रुपये देकर भरवा रहे है। ग्राहकों की सुविधा के लिए तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंप संचालकों को अनिवार्य रूप से अग्निशमन यंत्र, हवा, पानी और शौचालय की सुविधा देने का निर्देश दिया है। बावजूद ग्राहक सुविधाओं से वंचित है। इस संबध में एसडीएओ अरविंद कुमार लाल से दूरभाष के माध्यम से बात करने पर उन्होंने बताया कि कैरो में संचालित पंप में पेट्रोल के साथ पानी निकलने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका सैम्पल की जांच किया जायेगा। व उसी आधार पर आगे की कार्यवाई किया जायेगा।

## लोहरदगा में मजदूरों को काम से वंचित करने के खिलाफ आजसू ने प्रर्दशन किया




**लोहरदगा।** अखिल झारखंड श्रमिक संघ (आजसू पार्टी) द्वारा पाखर माइंस में हिंडालको के ठेकेदार बालाजी एसोसिएट द्वारा मजदूरों को काम से वंचित करने के खिलाफ मोर्चा निकाला गया एवं धरना प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि 2 महीने से माइंस बंद होने के कारण पाखर के ग्रामीणों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लेकिन लोहरदगा के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह निंदनीय विषय है। पैदल मार्च कचहरी मोड़, लोहरदगा साइडिंग,हिंडालको गेट, मैंना बगीचा, उपायुक्त कार्यालय होते हुए कचहरी मोड़ शहीद सुदर्शन भगत के प्रतिमा के समीप समाप्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। उपायुक्त लोहरदगा को इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया एवं एक सप्ताह के अंदर मजदूरों की जायज मांग को पूरा करने को लेकर हिंडालको से वार्ता कराने को कहा गया अन्यथा पाखरं माइंस में चक्का जाम कराई जायेगी। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से नीरू शांति भगत, सूरज अग्रवाल, अंजू देवी, अरविंद यादव, मालती टोप्पो, मुनिया उरांव, हेमंती देवी, हरि महली फुलदेवनगेसिया, राजेंद्र लोहरा, के साथ अखिल झारखंड मजदूर संघ के अध्यक्ष बाबूलाल नगेसिया के साथ पाखरं माइंस के सैकड़ों महिलाएं पुरुष एवं बच्चे उपस्थित हुए।

## खेल महाकुंभ : विद्या विकास समिति की क्षेत्रीय एवं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# राजकमल धनबाद बना ओवरऑल चैंपियन

**तरुण वर्ग के प्रतिभागियों को 18-19 नवंबर को कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना है : खेल परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कृपाशंकर शर्मा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित क्षेत्रीय एवं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गया। खेल का अयोजन परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में हुआ। इसके पूर्व खेल परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कृपाशंकर शर्मा ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं संरक्षक आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा विद्या भारती शिक्षा के अंतर्गत आंतरिक गुणों का विकास करने की कल्पना करता है। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आह्वान किया इस बार की असफलता में आप संकल्प लें कि अगली बार की प्रतियोगिता में अवश्य विजयी होंगे। खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से आप इतिहास रचने का संकल्प लें। उन्होंने विद्या भारती के खेल इतिहास का परिचय देते हुए कहा 1987-88 में ग्वालियर में पहला खेलकूद प्रतियोगिता हुई थी। गुमला नगरी की सराहना करते हुए कहा यह वह भूमि है जहां पर संसार का सबसे बड़ा एथलीट हनुमान जी का जन्म स्थली आंजन धाम है। उन्होंने कहा तरुण वर्ग के प्रतिभागियों को 18-19 नवंबर को कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना है। झारखंड के खेल प्रतिभा महेंद्र सिंह जैसे राष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी उसने याद किया उन्होंने कहा खेलकूद पढ़ाई का महत्वपूर्ण अंग है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा 2020-21 का कोरोना काल इतिहास रच कर चला गया। 50 वर्ष बाद लोग पढ़ेंगे। दो वर्ष के लिए दुनिया थम गई थी। कोरोना काल के बाद नयी जिंदगी आरंभ हुई, जिसमें दो वर्ष की भरपाई करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। हमें शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से खोए हुए दो वर्षों की क्षति पूर्ति करने का संकल्प लेना है। आगे श्री शर्मा ने छात्रों से कहा कि एकाग्रता के साथ लक्ष्य पर ध्यान रखने वाला ही कामयाबी प्राप्त करता है। आगे उन्होंने आचार्यों को नसीहत देते हुए कहा बेहतर से बेहतर तलाश कर, मिल जाए नदी तो समुद्र तलाश कर, टूट जाता है शीशा पत्थर की चोट से, टूट जाए पत्थर ऐसा शीशा तलाश करें।

तीन दिवस तक चलने वाले खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों को खेल परिषद के राष्ट्रीय मंत्री कृपाशंकर शर्मा ने अपने हाथों से पुरस्कार देकर उनकी हौसला अफजाई की। इससे पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक मोहम्मद वाशिम अहमद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा। मानसिक शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा प्राप्त कर ही व्यक्ति पूर्ण होता है इसलिए हमें पढ़ाई के साथ साथ खेलों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। मंच पर बैठे पीयूष कुमार ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। मंच पर विराजमान प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत कुमार मेटे, जो इस प्रतियोगिता के संयोजक भी रहे साथ में विभाग प्रचारक अखिलेश कुमार, विभाग प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अजीत कुमार सिंह, विभाग संघचालक साहू प्रकाश जी, सुरेश मंडल जी, प्रबंध कारिणी समिति के कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक जी, विद्यालय प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा जी, धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन जी, जो विजेता प्रतिभागियों की घोषणा कर रहे थे और पलामू विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले समस्त कार्यकर्ताओं को, नगरवासियों को, पुरातन छात्र परिषद के भैया, मीडिया कर्मियों को, क्षेत्रीय प्रांतीय, और स्थानीय प्रबंध कारिणी समिति के अधिकारियों को और अनुशासित होकर भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी भैया-बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने खेल प्रमुख आठों विभाग के आचार्यों और सभी विभाग के विविध विद्यालयों से आए भैया बहनों को सहयोग देने वाले प्रबंध कारिणी समिति और प्रधानाचार्य को भी याद करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

चार दिन तक चलने वाले प्रतियोगिता को लगातार बखूबी के साथ नीरज कुमार लाल ने संचालित किया।

बालक ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त करने वालों में राजकमल धनबाद को 27 अंक बसिया को 12 अंक तथा टुंडी देवघर को 10 अंक प्राप्त हुए उसी प्रकार बहनों के बाल वर्ग में सिसई को 18, भूली को 18 और राजकमल धनबाद को 14 अंक प्राप्त हुए।

किशोर वर्ग राजकमल की बहनों ने 40 सीनीडीह की बहनों 33 अंक और सिसई आश्रम की बहनों ने 31 अंक प्राप्त करने का इतिहास रचा। वहीं लड़कों के किशोर वर्ग के अंतर्गत राजकमल धनबाद को 35 अंक बसिया को 29 अंक तथा चतरा को 18 अंक प्राप्त हुए।

तरुण वर्ग की बहनों में सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह ने 69 रन राजकमल धनबाद धनबाद ने 60 अंक तथा सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी ने 27 स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया। उसी प्रकार भैया तरुण वर्ग में सस्वती विद्या मंदिर बाघमारा ने 42 अंक एकलव्य एकलव्य एम बसिया ने 31 अंक तथा तथा सरस्वती विद्या मंदिर भूली ने 29 अंक प्राप्त किया

विदित हो कि प्रत्येक गोल्ड मेडल के लिए 5 अंक सिल्वर मेडल 3 अंक और ब्रॉन्ज में 1 अंक निर्धारित किया गया था सर्वाधिक पॉइंट राजकमल धनबाद ने 200 अंक प्राप्त किए सरस्वती विद्या मंदिर सिनिडीह 112 अंक और एकलव्य बसिया ने 74 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहा।

### ये खिलाड़ी बने चैंपियन

**विद्या विकास समिति झारखंड के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में पूरे प्रांत से 49 सरस्वती विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उनके द्वारा प्राप्त मेडल के अनुसार ओवरऑल चैंपियनशिप एवं मैडल्स के आधार पर अंकों का विवरण इस प्रकार से दिया गया। सात खिलाड़ियों ने तीन गोल्ड मेडल प्राप्त करने का इतिहास रचा, जिसमें भूली के रश्मि खातून व राहुल किशोर, सीनीडीह की बहन श्वेता कुमारी, बाघमारा के भैया जीवन कुमार, राजकमल की बहनें त्रिशा कुमारी और जागृति कुमारी तथा सीनीडीह की बहन अंशु कुमारी प्रमुख रूप से शामिल हैं।**

## भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी को पोस्टकार्ड भेजकर जन्मदिन की बधाई दी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा के तहत गुमला जिला भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तीनों प्रभारी विपिन कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह श्रीमती पायल तिवारी की उपस्थिति में नरेंद्र मोदी को पोस्ट कार्ड के द्वारा जन्मदिन की बधाई दी गई। जिसमें जितने भी उपस्थित पदाधिकारी गण सभी ने नरेंद्र मोदी को उनके जन्म दिवस के अवसर पर उनके कार्य की सराहना करते हुए पोस्टकार्ड पर अपने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही बहुत सारी बधाइयां भी लिखी गई। साथ ही गुमला जिला स्थित स्टार डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल संदीप कुमार के द्वारा सैकड़ों की संख्या में बधाइयां भेजी गई। साथ डी ए वी स्कूल में भी, गुमला जिला से 3000 पोस्ट कार्ड भेजे गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री सतनारायण पटेल, निर्मल गोयल दामोदर कसेरा सरजू प्रसाद फंटून जी, भोला चौधरी संजय साहू सेल मिश्रा ज्योति कुमारी श्री सागर अरोड़ा वालकेश्वर सिंह दिनेश सिंह किरण कुमारी लक्ष्मी विश्वकर्मा, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## प्रताड़ित लड़की को न्याय मिलना चाहिए : सैयदा खातून



गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव गुमला की महिला जिला सचिव सैयदा खातुन ने कहा कि मुरकुंडा के घूंटी टोली निवासी लुझु लोहरा की पुत्री रेणु कुमारी (बदला हुआ नाम) 22 सितंबर को मिशन बदलाव को बहुत बुरी हालत में पालकोट रॉड शक्ति मंदिर के पास मिली थी। उसको पति व ससुराल द्वारा प्रताड़ित किया गया था। मिशन बदलाव टीम एवं समाजसेवी काजल कुमारी ने रेणु कुमारी को 22 सितंबर को नारी निकेतन में पहुंचा दिया था। 28 सितंबर को रेणु कुमारी नारी निकेतन से भाग गई थी। मिशन बदलाव के सदस्यों एवं समाजसेवी काजल कुमार सहित टीम ने रेणु कुमारी को ढूंढकर नारी निकेतन में सौंप कर कागजाती कार्रवाई करके लड़की को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। सैयदा खातुन ने कहा कि लड़की रेणु कुमारी आगे की पढ़ाई करने की ख्वाहिश जाहिर की है। मिशन बदलाव के द्वारा लड़की के मामले को लेकर डालसा सचिव गुमला से मिलकर सभी बातों को अवगत भी कराया जाएगा एवं लड़की को न्याय मिले इसकी पूरी कोशिश की जायेगी।

## भाजयुमो ने सुब्रतो कप विजेता खिलाड़ियों का किया जोरदार स्वागत

**सुब्रतो कप की विजेता बनना गुमला जिला वासियों के लिए गर्व की बात है : रविंद्र सिन्हा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गुमला जिला के कार्यकर्ताओं के द्वारा सुब्रतो मुखर्जी कब 2022 अंडर-17 के विजेता खिलाड़ियों का गुमला आगमन पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने विजेता खिलाड़ियों को फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उन्हें भविष्य के लिए और अच्छा करने हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिन्हा ने कहा कि यह हम सभी गुमला जिला वासियों के लिए गर्व की बात है कि गुमला जिला खेल की नगरी के नाम से जानी जाती है और यहां के खिलाड़ियों में इतनी योग्यता और दमखम है कि वह सुब्रतो मुखर्जी कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की विजेता बन सके। गुमला जिला का एक-एक नागरिक काफी प्रसन्न है कि सुब्रतो मुखर्जी कप 2022 में गुमला के खिलाड़ियों ने पूरे देश में अपना लोहा मनवाया।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिसिर कुजूर विशेष रूप से उपस्थित थे उन्होंने कहा कि सुब्रतो मुखर्जी कब का जीतना गुमला जिला के लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है। गुमला जिला में एक से बढ़कर एक और होनहार खिलाड़ी मौजूद हैं, जो राष्ट्रीय पटल पर जिले का नाम रोशन हमेशा करते आये हैं। सुब्रतो मुखर्जी कप का जीता जाना हम सभी गुमला वासियों के लिए हर्ष का विषय है और यह इस बात को दर्शाता है कि गुमला जिला पुनः खेल नगरी के रूप में अपने आप को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रहा है। मौके पर अनूप कुमार, सूरज सिंह, बादल अग्रवाल, अभिषेक कुमार, सौरभ गुप्ता, नवनीत केशरी सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कामडारा में झामुमो व कांग्रेस ने रैली निकालकर हेमंत सोरेन सरकार का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



कामडारा। झामुमो और कांग्रेस पार्टी कामडारा की अगुवाई में शुक्रवार को हेमंत सोरेन सरकार द्वारा 1932 खतियान झारखंड कैबिनेट में पारित करने को लेकर आभार रैली निकाली गयी। रैली मिशन चौक से निकलकर कामडारा स्टेडियम भवन के समीप पहुंचकर सभा में तब्दील हो गयी।

आभार रैली में बतौर मुख्य अतिथि विद्यायक जिग्गा सुसारन होरो शामिल हुए। रैली में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार का आभार जताया। मौके पर विद्यायक ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार 1932 के आधार पर अब स्थानीय होने का नियम परिभाषित करेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में झामुमो ने जनता से वादा किया था कि सरकार बनने के बाद झारखंड में 1932 का खतियान लागू किया जाएगा। मौके पर निकोलस मुंडा, प्रमुख सुनील सुरीन, अजीत गुड़िया, प्रेम प्रकाश सुरीन ने कहा कि लंबे समय से झारखंड में लोग 1932 का खतियान लागू करने की मांग कर रहे थे। झामुमो का मानना है कि इस खतियान के आधार पर स्थानीयता परिभाषित होने से झारखंड के आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा होगी।

मौके पर अभिषेक लकड़ा, शैल्य कुमार साहु, बीरेन्द्र सुरीन, अनील हेमरोम, यमुना प्रसाद गुप्ता, मुखिया प्रेमचंद मुंडा, लवली तिर्की, सुलेन्दर तिर्की, अंथोनी तोपनो, अजीत केरकेट्टा, मरवारी बिरोहोर, नूतन तोपनो समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### घाघरा में गुमला पुलिस ने किया दंगा रोधी मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदनी चौक में गुमला पुलिस के द्वारा दंगा रोधी मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सार्जेंट रविंद्र कुमार व एसआई सूरज रजक की मौजूदगी में मॉक ड्रिल कार्यक्रम कराया गया। चांदनी चौक में पूर्व से ही आयोजित कार्यक्रम को लेकर के एक भीड़ और पुलिस के बीच होने वाले विवाद का सीन क्रिएट किया गया। जिसके बाद वहां पर भीड़ को भगाने के लिए पानी की बौछार कराया गया व आंसू गैस के गोले छोड़े गये। उसके बाद भी भीड़ अगर नहीं हटती है तो गोली भी चलाने का मॉक ड्रिल किया गया। इस मौके पर सार्जेंट रविंद्र कुमार व थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि यहां के युवाओं को दंगा रोधी मोबाइल कर समझाया गया कि गैर कानूनी गतिविधि करने से बचना चाहिए। पुलिस कार्रवाई में कई तरह की क्षति हो सकती है। कानून व्यवस्था को चलाने में पुलिस को सहयोग करना चाहिए। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई के बारे में भी लोगों को प्रयोग कर दिखाया गया।

### ग्राम प्रधान व पंचायती राज जनप्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायती राज, ग्रामीण कार्य विभाग एवं फिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय ग्राम प्रधान व पंचायती राज जनप्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप अपने-अपने गांव स्तर पर ग्राम सभा की बैठक बुलाकर गांव में रहने वाले सभी लोगों की भागीदारी के साथ गांव के समग्र विकास के लिए योजना बनायें एवं पंचायत स्तर पर पंचायत समिति सदस्य, मुखिया व वार्ड सदस्य मिलकर समाहित करें। इस तरह से योजना के निर्माण करने से गांव के सभी कमजोर वर्गों को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि यह अभियान 2 अक्टूबर 2022 को विशेष ग्राम सभा के आयोजन के साथ प्रारंभ किया जाएगा। अभियान के दौरान ग्राम पंचायतों द्वारा विशेष ग्राम सभा के माध्यम से वार्षिक योजना तैयार होगी, जिसकी प्रविष्टि ग्राम इ-स्वराज पोर्टल में जायेगी। वहीं विशेष ग्रामसभा के लिए पूरे प्रखंड का कैलेंडर तैयार कर इसका आयोजन किया जाएगा। मौके पर सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, प्रखंड कर्मी एवं जेएसएलपीएस कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुब्रतो मुखर्जी कप बालिका फुटबाल की विजेता संत पात्रिक उवि की टीम का किया गया भव्य स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** 61वें राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी कप अंडर-17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए विजेता रही गुमला जिले के संत पात्रिक उच्च विद्यालय की टीम का शुक्रवार को भव्य स्वागत नवजीवन एथलेटिक्स क्लब, ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा, सिसई में किया गया। गीत-संगीत से टीम का स्वागत तुलसी मंडल स्थानीय महिलाओं के द्वारा किया गया। इस दौरान विजयी टीम को अतिथियों व कल्ब के द्वारा शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, बीईईओ जोहानी टोप्पो, ललित उरांव स्टेडियम महुआडीपा सचिव सह पूर्व उप प्रमुख दीपक अधिकारी, स्टेडियम के अध्यक्ष कैप्टन सोहराई उरांव, उपाध्यक्ष सीता उरांव, कोषाध्यक्ष सुबेदार कार्तिक उरांव, डे बोर्डिंग गर्ल्स फुटबॉल कोच रायमुनी उरांव, एथलेटिक्स कोच निर्मला कुमारी, महावीर राम लोहरा, चौठा उरांव, संदीप उरांव, विपीन बिहारी झा, विकास कुमार साहु, अरुण नारायण सिंह, सुखदेव उरांव, गणेश उरांव, रोहित शर्मा, रामा साहू, बिरसा उरांव, मुन्ना उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### कुआं में डूबने से युवक की मौत

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुरसांग थाना क्षेत्र के सुरसांग गांव निवासी अगनु उरांव (25), पिता सोमरा उरांव की कुआं में डूबने से गुरुवार को मौत हो गई। मृतक गढ़वा में मजदूरी का कार्य करता था और गुरुवार को ही वापस अपने गांव आया था। परिजनों के अनुसार मृतक शाम को शराब का सेवन किया और पास के ही कुआं के पास सो गया। रात होने के कारण वहां कोई नहीं गया। सुबह में देखा तो वह कुआं में गिरकर उसकी मौत हो चुकी थी। उसके बाद सुरसांग थाना को सूचना दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कुआं से निकलवा कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया।

## प्रेस कांफ्रेंस : उपायुक्त ने जिले के विकास के लिए की जानेवाली अनूठी पहल एवं योजनाओं की दी जानकारी

# महुआ की खेती किसानों के लिए वरदान साबित हुई है

**उपायुक्त ने महुआ की खेती से भीखराम भगत की सफलता की कहानी साझा की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला श्री सुशांत गौरव ने आज नया समाहरणालय परिसर भवन के सभाकक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के विकास हेतु की जाने वाली अनूठी पहल एवं जिले में संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की।

उन्होंने कृषि विभाग द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए महुआ की खेती से भीखराम भगत की सफलता की कहानी साझा की उन्होंने बताया कि महुआ की खेती किसानों के लिए वरदान के रूप में सामने आई है जिसका एक उदाहरण हमें देखने को मिल रहा है। लालमट्टी ग्राम, प्रखंड सिसई, गुमला के निवासी भीखराम भगत, पिता मंगना भगत द्वारा आज के बदलते परिवेश में महुआ की खेती को आय स्त्रोत हेतु चयन कर अपने तथा समाज के किसानों के लिए आर्दश प्रस्तुत किया गया है । उनके द्वारा आत्मा विभाग द्वारा तकनिकि प्रशिक्षण दिया गया है । प्रशिक्षण प्राप्त कर 4 एकड़ में मडुआ की खेती की गई । उत्पादन काफी अच्छी हुई । साथ ही घरेलु उपयोग के बाद शेष बचे मडुआ फसल को 20 रुपए की दर से स्थानीय हाट बाजार में बिक्री कर कुल 60 हजार तक की आमदनी प्राप्त हुई।

पशुपालन विभाग द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि सितंबर माह में कृत्रिम गर्भधान योजना अंतर्गत कुल 916 एवं कृत्रिम गर्भधान से उत्पन्न संतति की संख्या 82 हैं ।इस योजना से अच्छे ग्रिड के लोकल गाए की संख्या में वृद्धि करते हुए गौ पालकों के आमदनी में वृद्धि की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि वैसे जन वितरण प्रणाली दुकान जहां 95 प्रतिशत से अधिक राशन धारियों का आधार कार्ड शिडिंग किया गया है उन दुकानों को सीएचसी सेंटर में परिवर्तित किया जा रहा है।

सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत राष्ट्रीय पारिवारिक हित लाभ योजना अंतर्गत 81 पेंशनधारियों, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत 52934 पेंशनधारियों, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना के 13168 पेंशनधारियों, पीड़ित व्यक्तियों के लिए राज्य पेंशन योजना के 96 पेंशनधारियों तथा स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वालंबन प्रोत्साहन योजना के 5917 पेंशनधारियों को सितंबर माह की भुगतान राशि दी जा चुकी है , उपायुक्त ने कहा कि सभी पेंशन धारियों को प्रत्येक माह की भुगतान राशि समय पर दिए जा रहे हैं ,एवं आने वाले समय में पेंशन की भुगतान राशि समय से पूर्व ही देने की योजना की जा रही है। साथ ही उन्होंने बताया कि सर्वजन पेंशन योजना के शुभारंभ के उपरांत 15185 लाभुकों की स्वीकृति सदर प्रखण्ड अंचल गुमला स्तर पर किया गया है तथा 15125 पेंशनधारियों की इंट्री ठरअढ - ढढर पोर्टल में दर्ज किया जा चुका है । प्रेस वार्ता में उपायुक्त सुशांत गौरव , जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सीता पुष्पा ,सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## सुनीता बारला हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**शारीरिक संबंध बनाने का विरोध करने पर की गयी हत्या : एसडीपीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** पुलिस ने सुनीता बारला हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया। बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 27 सितंबर को सुबह 6 बजे दलमादी नारोटोली के ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे खेत में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। जिसकी शिनाख्त कोनबीर निवासी सुनीता बारला के रूप में की गयी थी। एसडीपीओ ने बताया कि मतका के पति सिल्वेस्टर कुल्लू के फर्द बयान के आधार पर बसिया थाना अंतर्गत लोयेकेरा निवासी रामानंद खेरवार, पिता भुनेश्वर खेरवार एवं एक अन्य नाबालिग के विरुद्ध बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। जिसके उपरांत एक टीम गठित किया गया। जिसमें थाना प्रभारी छोटू उरांव, एसआइ मंटू कुमार, एएसआई विनोद टोप्पो, हवलदार कृपा सिंधु कूदादा, आरक्षी अनिल भुइयां, आरक्षी सत्येंद्र राम शामिल थे। टीम द्वारा लगातार सूचना संकलन एवं गुप्तचरों द्वारा पूछताछ के क्रम में प्राथमिक अभियुक्त रामानंद खेरवार एवं एक अन्य नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से हत्या के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि हत्या शारीरिक संबंध बनाने का विरोध करने एवं टेम्पू का किराया नहीं देने को लेकर हुई थी। दिनांक 26 सितंबर को सुबह 9 बजे वे लोग सुनीता को लेकर कोलेबिरा होते हुए लचरागढ़ गये थे। वहां से लौटने के क्रम में सुनीता के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहा, जिसका विरोध करने लगी और गाली देते हुए रामानंद और अन्य को लात से मार कर टेम्पू से गिरा दिया। तभी गुस्से में आकर उसको सड़क पर से घसीट कर गिली मिट्टी खेत में धकेल दिया। तभी उन्होंने देखा कि सुनीता की सांस चलना बंद हो गया था। फिर वहां से उठाकर रात 9 बजे सुनीता को नारोटोली दलमादी के पास सड़क किनारे खेत में फेंक कर उसका मोबाइल लेकर भाग गये।

## राज्य सरकार केंद्र को सुखाड़ घोषित करने का प्रस्ताव दे : सांसद

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान दिनांक 27 जुलाई 2022 को शून्य काल के दौरान लोकसभा में पलामू एवं गढ़वा जिलें के साथ-साथ झारखण्ड राज्य को सुखाड़ घोषित करने की मांग की थी। श्री राम ने लोकसभा में कहा था कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू एवं गढ़वा जिले के साथ-साथ झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश नहीं होने के कारण सुखाड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वर्ष 2022 जुलाई माह में झारखण्ड के 23 जिलों में बारिश बहुत कम हुई है विशेषकर 5 जिलों पलामू, गढ़वा, गोड्डा, साहेबगंज एवं पाकुड़ में इस दौरान बारिश बिलकुल ही नही हुई है। विदित है कि राज्य की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर ही निर्भर करती है। वर्षा की कमी के चलते विचड़ा खेत में ही सुख गया। मक्का एवं तेलहन फसल होने की भी कोई उम्मीद नहीं है। वर्ष 2022-23 के लिए खरीफ मौसम के दौरान बारिश में भारी कमी को देखते हुए झारखण्ड राज्य को सुखाड़ घोषित करने तथा आने वाले महिनों में राज्य में खाद्य संकट के किसी भी प्रभाव को कम करने एवं पशुओं की चारा का प्रबन्ध करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। साथ ही साथ झारखण्ड के किसानों को हुयी आर्थिक क्षति का आकलन, पलामू और गढ़वा जिले में सुखाड़ से हुए नुकसान का आकलन, राज्य के फसल पैटर्न का विश्लेषण करने, और राज्य के वर्षा पैटर्न में बदलाव के चलते वैकल्पिक फसल पैटर्न और विधियों के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन करने की मांग की थी। उपरोक्त मांगों के आलोक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भारत सरकार, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी का अर्धशासकीय पत्र सं0 35-25/2022-डीएम, दिनांक 19 सितम्बर 2022, प्राप्त हुआ है। उक्त पत्र में माननीय मंत्री जी के द्वारा बताया गया है कि सभी प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में आवश्यक राहत मुहैया कराए जाने का प्राथमिक दायित्व राज्य सरकारों का है। तत्काल उपाय शुरू करने के लिए राज्य सरकार के पास राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के तहत निधियां उपलब्ध होती हैं। गंभीर स्वरूप की प्राकृतिक आपदाओं के लिए एसडीआरएफ के अलावा राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) से अतिरिक्त सहायता देने पर विचार किया जाता है। सूखे की घोषणा राज्य सरकार के कार्य क्षेत्र में आता है। सूखा प्रबंधन के लिए मैनुअल, 2016 में निर्धारित विभिन्न मापदंडों के अनुसार राज्य सरकार केंद्र सरकार को एनडीआरएफ से अतिरिक्त सहायता हेतु ज्ञापन भेज सकती है। राज्य द्वारा प्रस्तुत किये गए ज्ञापन तथा एसडीआरएफ/एनडीआरएफ से अतिरिक्त सहायता अनुमोदित किया जाता है। झारखण्ड सरकार ने एनडीआरएफ से वित्तीय सहायता के लिए वर्तमान वर्ष में सूखा से सम्बन्धित अभी तक कोई भी ज्ञापन प्रस्तुत नहीं किया है। झारखण्ड सरकार को 2022-23 के लिए एसडीआरएफ के तहत 635.20 करोड़ रुपए (केंद्रीय हिस्से के रूप में 476.80 करोड़ रुपए और राज्य के हिस्से के रूप में 158.40 करोड़) आवंटित किया गया है। सांसद श्री राम ने कहा कि झारखण्ड सरकार ने अभी तक केन्द्र सरकार को झारखण्ड राज्य को सुखाड़ घोषित करने हेतु कोई भी प्रस्ताव नहीं दिया है तथा केन्द्र सरकार द्वारा एसडीआरएफ के तहत 635.20 करोड़ रुपए (केंद्रीय हिस्से के रूप में 476.80 करोड़ रुपए और राज्य के हिस्से के रूप में 158.40 करोड़) राशि आवंटित करने के बावजूद भी झारखण्ड सरकार ने राज्य की जनता को सुखाड़ से राहत देने संबंधी कोई भी घोषणा नही की है। राज्य के किसानों को सूखे के कारण नाना प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अत: राज्य सरकार शीघ्र पलामू एवं गढ़वा जिला के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों को भी सुखाड़ ग्रस्त घोषित करने का कार्य करें।

## दुर्गा पूजा को लेकर अधिकारियों ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के एनएच 98 मेन बाजार में शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में मुख्य रूप से बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण,सीओ बासुदेव राय तथा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास शामिल थे। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नवरात्र के इस माहौल में श्रद्धालुओं का आना-जाना ज्यादा रहता है, किंतु रास्तों पर अतिक्रमण से उन्हें एक साथ कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और प्रशासन को भी लोगों का आक्रोश झेलना पड़ता है। लोगों को हो रही परेशानियों के मद्देनजर सड़क किनारे स्थित फुटपाथी दुकानों, मुर्गा,मछली स्टॉलों को जनहित में अविलम्ब हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।ताकि आवागमन के दौरान लोगों को कठिनाइयों से निजात दिलाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है ।सड़क किनारे किसी भी व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण करने की दोबारा शिकायत मिलने पर शख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर शहरवासी के अलावे पुलिस जवान मौजूद थे।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल छतरपुर के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान सार्वजनिक स्थानों एवं मंदिरों के आसपास मांस एवं अंडों की दुकान को सप्तमी तिथि से नवमी तक तीन दिन बंद कराने की मांग करते हुए विश्व हिदू परिषद बजरंगदल छतरपुर के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी शेखर कुमार को ज्ञापन दिया है। विश्व हिदू परिषद बजरंग दल के जिला सहसंयोजक मोनु गुप्ता ने बताया कि पुजा आयोजन स्थल के आस पास दुकान एवं ठेला पर मांस मछली अंडा की बिक्री होती है जिससे मांस अवशेष,गंदे पानी, प्लास्टिक दोना इधर उधर फेंकें जाते हैं इससे मंदिर, पुजा पंडालों में पूजा-अर्चना करने जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होने के साथ धार्मिक भावनाएं आहत होती है । इस मौके पर प्रखण्ड संयोजक सोनु सिंह, अंकित दास, राहुल राय, अमित ठाकुर, टोन वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

# पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी रद्द

## सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने का निर्देश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा और दशहरा में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी है. सभी कर्मियों और पदाधिकारियों को 02 से 05 अक्टूबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है। अगर विशेष परिस्थिति में किसी को छुट्टी पर जानी हो तो जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त से विशेष अनुमति लेनी होगी।

**संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति**

दशहरा पर्व को लेकर जिले के सभी थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर पांच दिनों तक दंडाधिकारियों व सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व सशस्त्र बल 01 अक्टूबर के अपने निर्धारित स्थान पर तैनात होंगे और 05 अक्टूबर की संध्या तक बने रहेंगे। इस आशय का संयुक्त आदेश उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी किया गया है। संयुक्त आदेश में डीसी-एसपी ने दशहरा पर्व को लेकर विशेष सतर्कता का निर्देश दिया है । इस दौरान प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को सोशल मीडिया पर भी नजर रखने का विशेष तौर पर निर्देश दिया गया है। विशेष कर मोबाइल एसएमएस, फेसबुक, ट्यूटर, वाट्सएप आदि माध्यमों से यदि किसी प्रकार का आपत्तिजनक मैसेज के आदान-प्रदान पर पूरी तत्परता से नजर रखने को लेकर निर्देश जारी किए गये हैं। वहीं संयुक्त आदेश में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं उन पर सतत निगरानी रखने को कहा गया है । वहीं जुलूस पर पूर्णतया नियंत्रण रखने को कहा गया है. जिला प्रशासन द्वारा जारी मार्गों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने की अनुमति दी गयी है. इसे दृढ़तापूर्वक पालन कराने को कहा गया है. वहीं दो व पांच अक्टूबर को जिले के सभी शराब दुकान पूरी तरह से बंद रहेंगे. अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को 02 अक्टूबर से लेकर 06 अक्टूबर तक प्रत्येक दिन का खैरियत प्रतिवेदन जिला नियंत्रण कक्ष में देने का आदेश दिया गया है. जिला मुख्यालय के परिसदन भवन में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसमें अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह को जिले में संपूर्ण विधि व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेवारी दी गयी है.

## जात-पात की नहीं हम विकास की बात करते हैं : रामचंद्र चंद्रवंशी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद व सिगसिगी पंचायत को जोड़ने हेतु भलुही गांव के पास खुटिसोत नदी पर पांच करोड़ की लागत से पूल का निर्माण होगा। पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को प्रस्तावित पूल का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री संतोष राम ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि हम जात-पात की नही सिर्फ विकास की बात करते है। क्षेत्र का संपूर्ण विकास ही मेरा लक्ष्य है। विकास कार्यो में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित करता हूँ। बगैर किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास हेतु प्रयासरत हूं। उन्होंने कहा कि जब 1995 में पहली बार विधयक बना था। तब क्षेत्र में न तो पूल-पुलिया था। और न ही ग्रामीण क्षेत्रो में सड़कों का कोई नाम था। हम ने अपने कार्यकाल के दौरान लगभग जरूरी सारे पूल-पुलिया बनवा दिये है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़को का जाल बिछ चुका है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार चौबे,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,सिगसिगी पंचायत की मुखिया किरण देवी,भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, सुनील कुमार चौधरी, रजनीश कुमार, शिववंश मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, संजय ठाकुर, अनुज कुमार चौधरी, पिंटू चौधरी, सुरेंद्र मालाकार, दिलीप तिवारी, अर्चना देवी, कुंती देवी, मालती देवी, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, शिधनाथ चौबे, मुकेश चौबे, मनोज चौबे, गिरधारी साव, भिखारी साव, रामजी चौबे, राम किशुन यादव,गोपीनाथ विश्वकर्मा, हरिनाथ विश्वकर्मा सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## प्राकृतिक कलश यात्रा में पर्यावरणविद ने मंत्रोच्चार के साथ कन्याओं के साथ प्रकृति कलश की स्थापना की

- **छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के भेलवाड़ीह एकलव्य विद्यालय में 500 कन्याओं को प्रकृति कलश पौधा के रुप में उपलब्ध कराई**
- **नवरात्र में अपनी खुख,शांति के लिए लोग कन्याओं को भोजन- पानी कराते हैं उसी प्रकार धरती व ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को पौधा पानी देने का अलग महत्व है : कौशल**




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ बलरामपुर जिले के भेलवाड़ीह एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर 500 कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा पानी उपलब्ध कराया। उन्होनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है इसलिए लोगों के बीच फलदार पौधों को निशुल्क वितरण भी किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि पहले की तरह इस वर्ष भी पूरे नवरात्र में प्रकृति कलश यात्रा के तहत करीब 6 जिलों में लगभग पांच हजार कन्याओं को पौधा पानी देने का कार्य शुरू किया गया है। उसी के तहत पलामू के गजानन धाम से शुरू लातेहार जिले के हेरहंज और गारू प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय होते हुए आज छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के भेलवाड़ीह एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय में कन्याओं को पौधा पानी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण, चलने वाली पेड़ और पेड़ भी स्त्री और पुरुष होते हैं समेत कई महत्वपूर्ण बातों की चर्चा करते हुए पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाया। उन्होंने कलश यात्रा का समापन आज भगवान शिव के समान वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। स्कूल के प्राचार्य धनेश्वर राम ने पर्यावरणविद कौशल के द्वारा लंबे अरसे से सामाजिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें दोबारा पुनः आने का न्योता दिया । प्रकृति कलश यात्रा में स्कूली कन्याओं के साथ शिक्षक रामनिवास पटेल, मृत्युंजय कुमार, समर सरकार, नटवर राम, स्वरूप राय, अंकित दास, गोपाल सिंह, साहिल कुमार, सुनील गुप्ता, आदि शामिल थे।

## जिप सदस्य राजू मेहता ने क्षेत्र की समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखण्ड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू कुमार मेहता उर्फ एसपी मेहता ने पलामू उपायुक्त के नाम का एक ज्ञापन उपविकास आयुक्त मेघा भारद्वाज को देकर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया है ।दिए गए पत्र में जिप सदस्य राजू कुमार मेहता ने लिखा है कि हार्वे उच्च विद्यालय को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा दिया जाय ।देवरी खुर्द पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय को हाई स्कूल का दर्जा दिया जाय ।उत्क्रमित उच्च विद्यालय मलवरिया में पठन पाठन सहित गणित के शिक्षक की प्रतिनियुक्त करते हुए विद्यालय में 100 टेबुल डेस्क दिया जाय ।देवरी खुर्द पंचायत में चौक से लेकर बनकट स्कूल तक पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाय एवम मलवरिया उच्च विद्यालय में भवन बनकर तैयार है,जिसे हैंडओवर किया जाय साथ ही दंगवार ,बडेपुर व देवरी कला पंचायत में पीसीसी पथ निर्माण कराया जाए,देवरी खुर्द पंचायत में अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र का स्वीकृति दिलाने समेत सहित कई जनसमस्यो से अवगत कराया है ।इस पत्र की प्रतिलिपि उच्च शिक्षा के सचिव को भी दिया है।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस अध्यक्ष के लिए किया नामांकन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिये शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया । त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकार के अध्यक्ष मधुसूदन मिस्त्री को सौंपा । त्रिपाठी के अलावा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर ने भी कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। ज्ञात हो कि त्रिपाठी कांग्रेस से जुड़े इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (त्रिपाठी गुट) के अध्यक्ष रहे हैं । ज्ञात हो कि त्रिपाठी कांग्रेस से जुड़े इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (त्रिपाठी गुट) के अध्यक्ष रहे हैं । मीडिया से बात करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि देश के सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र जिन्दा है। जहां एक किसान का बेटा भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकता है। केएन त्रिपाठी डाल्टनगंज से विधायक एवं झारखंड के पिछले सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने रमगध फाउंडेशनर का गठन किया है, जिसका उद्देश्य मगधकालीन अखंड भारत की प्राचीन गरिमा को पुनर्स्थापित करना है।

## सुलतानी पीएनबी में कर्मियों की कमी से ग्राहकों को हो रही परेशानी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सुलतानी पंजाब नेशनल बैंक में कर्मी की आभाव में ग्राहकों का कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है ।जामा निकासी को लेकर सुबह 9 बजे से ग्राहकों की भींड़ शाखा में लग जाती है ।इसके बाद शाखा के कर्मी आराम से 11 बजे से लेन देन सुरु करते हैं ।वहीं सिंगल काउंटर रहने के कारण दूर दराज के आये ग्राहक दो तीन बजे घर वापिस लौटते हैं ।यह मामला सिर्फ त्यौहारों में ही नहीं बल्की सालों भर की है ।इस पर आज तक न शाखा प्रबंधक और नहीं रिजनल शाखा के अधिकारी ग्राहकों की समस्या को समझने की कोशिस की है ।जबकि उक्त शाखा दोपहर दो बजे तक ही खुली रहती है ।बाद में आये ग्राहकों को यह कह कर लौटा दिया जाता है कि दो बजे के पहले आया करो अब लेन देन नहीं होगा। वहीं शाखा प्रबंधक अनिल कुमार ने बैंक कर्मियों की कमी स्वीकार करते हुए कहा कि शाखा में कर्मियों की आभाव के कारण कई कार्य वाधित हो रहे हैं।

## विधायक को ज्ञापन सौंप कर आरोपी शिक्षक पर कार्रवाई की मांग



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के ग्रामीणों की ओर से विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय का एक सरकारी शिक्षक इरफान अंसारी स्कूल में बच्चों को जबरन इस्लाम धर्म की पुस्तकें पढाता है। बच्चो के बीच इस्लाम धर्म का पुस्तक भी बंटता है। बच्चो को इस्लाम धर्म अपनाने के लिये दबाब बनता है। इसको लेकर कई बार हंगामा भी हो चुका है। अगर आरोपी शिक्षक पर समय रहते कार्रवाई नही की गयी तो विश्रामपुर के गंगा-जमुना तहजीब पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। विधायक श्री चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस मामले से पलामू उपायुक्त को अवगत कराकर कार्रवाई की मांग करूँगा। जरूरत पड़ी तो विधान सभा मे भी आवाज उठाऊंगा। मौके पर धर्मेंद्र गुप्ता,गोपाल सोनी,रितेश कुमार,दिलीप कुमार ठाकुर,अशोक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरकारी योजनाओं पर रखें कड़ी नजर,अनियमितता नही करें बर्दास्त : ददई दुबे



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय भवन में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का कार्यालय खुला। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने फीता काट कर किया। ददई दुबे ने कहा कि बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति का राज्य सरकार के योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिसे प्रखंड कमेटी पूरी ईमानदारी से निभाए। बीस सूत्री के पदाधिकारी व सदस्य सरकारी योजनाओं पर कड़ी नजर रखे.योजनाओं में अनियमितता बर्दास्त नही करें। इससे पहले ददई दुबे के प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू,एनामुल हक गुड्डू,अशोक सिंह,ललित चौबे,कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय,मणिभूषण पांडेय,रमेश चौबे,रवींद्र चौबे,सुमंत चौबे, ओम प्रकाश पांडेय,सुनील पांडेय,आलोक चौबे,बच्चा चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

LOOKING FOR ONE STEP SOLUTIONS FOR EQUIPMENTS AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"

CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं-
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY

Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

# राजगंज के जूस कारोबारी की हत्या में दो से अधिक लोग शामिल, मिले दो और हथियार

**राजगंज के जूस व्यवसायी हत्याकांड में पुलिस को मिले कुछ अहम सुराग, जांच जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र में खरनी मोड़ के पास गुरुवार की देर शाम जूस व्यवसायी ज्योति रंजन की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके दूसरे दिन यानी शुक्रवार की सुबह राजगंज पुलिस ने सनसाइन कंट्री कॉलोनी में छानबीन के दौरान मुख्य गेट के समीप खाली जमीन से दो हथियार, एक कारतूस और मैगजीन बरामद किया। जब्त हथियार में से एक देसी कट्टा और एक ऑटोमेटिक पिस्टल है। पुलिस मान रही है कि वारदात को अंजाम देने आए अपराधियों की संख्या दो से अधिक होगी। बतातें चलें कि गुरुवार की रात भी वारदात के बाद मृतक की कार से पुलिस ने मैगजीन एवं कारतूस बरामद किया था। हथियार बरामदगी की सूचना पर ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन राजगंज थाना पहुंचीं। यहां उन्होंने काफी देर तक पुलिस पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। वहीं, फॉरेंसिक टीम भी शुक्रवार को राजगंज थाना पहुंची और कार के शीशे में लगे खून के नमूंने जांच के लिए लैब ले गई।

## कई टीम बनाकर की जा रही जांच

जानकारी के अनुसार, हत्याकांड में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं। पुलिस के पास कई नाम हैं, जो जांच के दायरे में हैं। वरीय पुलिस अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश पर अलग-अलग टीम बनाई गई है, जो घटना के संबंध में मिले सुराग के आधार पर छानबीन कर रहे हैं। इधर, कारोबारी ज्योति रंजन के स्वजनों से भी पुलिस ने पूछताछ की है। कतरास के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयराम प्रसाद एवं राजगंज थानेदार संतोष कुमार शुक्रवार की दोपहर मृतक के घर पहुंचे। स्वजनों से मृतक कारोबारी के करीबी लोगों एवं संपर्क में रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मृतक का मोबाइल लेकर कॉल डिटेल्स एवं व्हाट्स एप चैट की जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन फोनलॉक होने के कारण पुलिस कुछ भी पता नहीं लगा सकी। स्वजनों ने बताया कि ज्योति दो मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने दोनों फोन का नंबर जांच के लिए टेक्निकल सेल को भेजा है।

**तनाव : ग्रामीणों ने आरोपी युवकों को बंधक बनाया, काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस को सौंपा**

# विशेष समुदाय के एक सिरफिरे युवक ने शिव मंदिर में की तोड़फोड़, मूर्तियों को किया खंडित

**धनबाद के गोविंदपुर कुबरीटांड़ में सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नवरात्र पर एक तरफ जहां पुलिस-प्रशासन के लेकर बुद्धिजीवी-आमजन शांति व सौहार्द बनाए रखने की बात कर रही हैं। वहीं शुक्रवार को महापंचमी के अवसर पर एक सिरफिरे युवक द्वारा शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर आपसी सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित जमडीहा पंचायत के कुबरीटांड की है। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक आरोपी युवक को पकड़कर बंधक बना लिया। वहीं, घटना की सूचना मिलने ही ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन, डीएसपी अमर कुमार पांडेय, गोविंदपुर के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद सिंह, बीडीओ संतोष कुमार और सीओ रामजी वर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं और काफी जद्दोजहद के बाद स्थिति को काबू में किया। साथ ही मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले युवकों इम्तियाज अंसारी को पुलिस के हवाले कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण अधिकारियों से न्याय की मांग की। वहीं, पुलिस ने आरोपित को कठोर सजा दिलाने का भरोसा दिया।





मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले युवक को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस। मौके पर पहुंची ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन व अन्य।

## पूर्व में भी दो बार दे चुका है घटना को अंजाम

ग्रामीण संजय व रोहित मंडल ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 9.30 बजे युवक ने मंदिर परिसर में प्रवेश किया और वहां स्थापित मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर रहा था। उसने मंदिर में कुछ लोगों को देखा तो भागने लगा, लेकिन शोर मचाकर ग्रामीण ने उसे पकड़ लिया। उसे मंदिर परिसर में रस्सी से बांधकर पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी युवक ने छह माह पूर्व टुंडी थाना क्षेत्र के कोटालडीह गांव में भी मंदिर एवं भगवान की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया था। 15 जनवरी 2016 को नावाटांड़ में भी उसने भगवान की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था।

# जर्मनी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक-2023 के लिए भारतीय दल को प्रायोजित करेगा सेल-बीएसएल



बोकारो (आजाद सिपाही)। खेल को बढ़ावा देने और समावेशी विकास के लिए सेल-बोकारो स्टील प्लांट ने बर्लिन स्पेशल ओलंपिक-2023 के लिए भारतीय दल को प्रायोजित करने के लिए स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओबी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर कर अहम कदम उठाया है। एमओए पर जीएम (सीएसआर-बीएसएल) सीआरके सुधांशु और एयर कोमोडोर (सेवानिवृत्त) एवं ईडी-एसओबी एलके शर्मा ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, अधिशासी निदेशकों और बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस एमओए के तहत बर्लिन स्पेशल ओलंपिक के लिए एसओबी के कोच और अधिकारियों सहित 250 से अधिक खिलाड़ियों वाले भारतीय दल का प्रायोजन शामिल है। जिसके माध्यम से सेल-बीएसएल बर्लिन स्पेशल ओलंपिक में भारतीय दल की भागीदारी से संबंधित सभी खर्चों को वहन करेगा। उल्लेखनीय है कि स्पेशल ओलंपिक में शामिल कुल 14 खेलों में से बोकारो स्टील प्लांट ने बैडमिंटन, साइकिलिंग, फुटबॉल और फुटसल के नेशनल कोचिंग कैंप और चयन के लिए ट्रॉयल्स की मेजबानी पिछले दिनों की है। अन्य खेलों के लिए कोचिंग कैंप सह चयन ट्रायल देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किए गए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि सेल-बीएसएल और बोकारो स्टील सिटी के लिए बर्लिन स्पेशल ओलंपिक के लिए भारतीय दल को प्रायोजित करना गर्व कि बात है। उन्होंने एथलीटों को विशेष ओलंपिक के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों और एथलीटों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सेल-बीएसएल के प्रयासों का एक हिस्सा है। एयर कोमोडोर (सेवानिवृत्त) एवं ईडी -एसओबी एलके शर्मा और सतबीर सिंह सहोता, क्षेत्रीय निदेशक (एसओबी), झारखंड ने बर्लिन स्पेशल ओलंपिक-2023 के लिए भारतीय दल को प्रायोजित करने के लिए सेल-बीएसएल के प्रति आभार प्रकट किया।

# मिल्लत एकेडमी के पूर्व प्रधानाध्यापक का निधन, साहित्य और शिक्षा जगत में शोक



झरिया (आजाद सिपाही)। ऊपर कुल्हि स्थित मिल्लत एकेडमी माध्यमिक के पूर्व प्रधानाध्यापक मो इसराइल का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनके निधन की खबर से मिल्लत एकेडमी स्कूल परिवार, छात्र-छात्रा सहित साहित्य और शिक्षा जगत के लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके जनाजे की नमाज होरलडीह कब्रिस्तान में अदा की गई जिसके बाद उन्हें सपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जामाडोबा रमजानपुर निवासी मो इसराइल 1970 से लगातार मिल्लत एकेडेमी विद्यालय में अपनी सेवा दे रहे थे। बाद में पदोन्नति पाने के बाद वह प्रधानाध्यापक बने और 2003 तक अपनी सेवा दी। रिटायरमेंट के बाद भी उन्होंने छात्र- छात्राओं को पढ़ाना जारी रखा। खास कर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पढ़ाया करते थे। उनसे शिक्षा लेकर वर्तमान में सैकड़ों छात्र देश और विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

# मजदूर नेता का निधन, क्षेत्र में शोक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ के पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष सह लोयाबाद क्षेत्र के पत्रकार रत्नेश पांडेय के बड़े चाचा राधारमण पांडेय (82) का शुक्रवार की शाम उनके आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। स्व पांडेय जमसं के स्थापना काल से ही जुड़े थे और स्व सूर्यदेव सिंह के करीबी थे। इसके अलावे क्षेत्र में सामाजिक कार्यों के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन की खबर से आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गयी। वे मजदूरों की समस्या को लेकर हमेशा मुखर रहते थे। उनके निधन पर प्रबुद्धजनों ने गहरा शोक जताया। उनका अंतिम संस्कार बनारस में किया जाएगा। वर्तमान में उनके अनुज जयप्रकाश पाण्डेय जमसं के केंद्रीय सदस्य हैं।


# पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची।

इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार दिनांक–02.10.2022 से दिनांक–05.10.2022 तक मनाया जाऐगा, जिसमें दिनांक–05/06.10.2022 को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर राँची शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी।

(क) भारी वाहनों का परिचालन मार्ग :–

1. पिस्का मोड़ होकर हजारीबाग रोड जाने वाली सभी बड़ी गाड़ियॉ तिलता चौक, रिंग रोड, लॉ यूनिवर्सिटी होकर हजारीबाग रोड की ओर जाऐगी। इसी प्रकार हजारीबाग रोड से लातेहार, पलामू, गढ़वा, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा तथा पिस्का मोड़ की ओर जाने वाले वाहन रिंग रोड, लॉ यूनिवर्सिटी, तिलता चौक होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। खूँटी के तरफ से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए हजारीबाग की ओर जा सकेंगे एवं उसी मार्ग से हजारीबाग रोड से खूँटी की ओर जाऐंगे।
2. जमशेदपुर रोड से हजारीबाग रोड जाने वाले सभी भारी वाहन रिंग रोड होकर परिचालन कर सकेंगे। इसी प्रकार हजारीबाग रोड से जमेशदपुर जाने वाली सभी बड़े वाहन रिंग रोड होकर परिचालन कर सकेंगे।
3. गुमला रोड, लोहरदगा रोड, खूँटी रोड से जमशेदपुर जाने वाले वाहन एवं जमशेदपुर रोड से गुमला रोड लोहरदगा रोड खूँटी रोड जाने वाले वाहन रिंग रोड (सिठियो) होकर गमनागमन करेंगे।

दिनांक–02.10.2022 से दिनांक–05.10.2022 तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

(ख) निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन मार्ग :–

दिनांक–02.10.2022 से दिनांक–05.10.2022 तक प्रतिदिन 16:00 बजे अपराह्न से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन निम्न प्रकार होगी :–

1. सभी प्रकार के निजी वाहन/ऑटो/ई–रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट/जी.ई.एल. चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेंगे।
2. सभी प्रकार के ऑटो/ई–रिक्शा का परिचालन बिरसा चौक से डोरण्डा, सुजाता चौक, मुण्डा चौक, बहुबाजार, कर्बला चौक, मिशन चौक, प्लाजा चौक, न्यूक्लियस मॉल चौक होकर अपने गंतव्य तक होगा। वापसी में ऐसे वाहन जेल चौक, लालपुर चौक, डंगराटोली चौक, कांटाटोली चौक, बहुबाजार चौक, सुजाता चौक, राजेन्द्र चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
3. पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन 16:00 बजे अपराह्न से प्रातः 04:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहाँ से हरमू चौक की ओर होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातु रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातु रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाऐंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बी0जे0पी0 कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़/हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाऐंगे।
4. कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियॉ जाकिर हुसैन पार्क/रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियॉ जे0पी0एस0सी0 कार्यालय तक, बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियॉ लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियॉ मिशन चौक तक ही आ सकेंगी।
5. लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन–वे रहेगा, सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाऐंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियॉ कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी।
6. हरमू रोड से छोटी गाड़ियॉ अरगोड़ा चौक, कडरु, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती है।
7. कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है।
8. मेन रोड में 16:00 बजे से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
9. समय 16:00 बजे अपराह्न से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
10. शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां प्रातः 04:00 बजे से 08:00 बजे के बीच ही आ सकेगी।

(ग) उक्त अवसर पर निम्नांकित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है :–

| | रुट | | पार्किंग स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | डोरण्डा/सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी एवं दो पहिया वाहन। | – | सैनिक मार्केट/जी.ई.एल. चर्च कम्प्लेक्स। |
| 2. | फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के निजी एवं दो पहिया वाहन। | – | जिला स्कूल/बाल कृष्ण स्कूल कैम्पस /राँची विश्वविद्यालय कैम्पस। |
| 3. | डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन | – | मिशन चौक के पास/संत जॉन्स स्कूल के सामने। |
| 4. | स्टेशन रोड स्थित पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ/रेलवे पार्किंग। |
| 5. | लालपुर से कोकर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | साधु मैदान/बिजली ऑफिस। |
| 6. | खेलगॉव से कोकर पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | राम लखन यादव कॉलेज कैम्पस। |
| 7. | कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | न्यू मार्केट ऑटो स्टैण्ड। |
| 8. | हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं | – | बड़ा तालाब नदी ग्राउण्ड के वाहन के पास। |
| 9. | पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | दुर्गा मंदिर से पहले जयसवाल पेट्रोल पम्प के सामने। |
| 10. | बरियातु रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन | – | नागाबाबा खटाल पार्किंग/जाकिर हुसैन पार्क के पास पार्किंग। |
| 11. | हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वाले वाहन | – | मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे। |
| 12. | हरमू चौक के पास अवस्थित पूजा पण्डाल | – | हरमू मैदान। |
| 13. | बरियातु हाउसिंग के पास पूजा पण्डाल | – | बरियातु मैदान में पार्किंग। |
| 14. | सी.एम.पी.डी.आई के पास पूजा पण्डाल | – | कैंब्रियन स्कूल के आगे पार्किंग। |

(घ) निम्नांकित स्थानों में ड्रॉप गेट/स्लाईडिंग बैरियर लगाया जाऐगा :–


1. कचहरी चौक से शहीद चौक जाने वाले मार्ग में वाहन प्रवेश वर्जित। ड्राप गेट कचहरी चौक में।
2. पुराना नगर निगम से कमिश्नरी चौक जाने वाले मार्ग पर इण्डिया होटल के पास ड्रॉप गेट।
3. स्टेट बैंक से कमिश्नरी चौक आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
4. पुराना नगर निगम वाले मार्ग (डी0डी0सी0 कार्यालय) के पास ड्रॉप गेट।
5. जयपाल सिंह स्टेडियम के पास सदर कोर्ट जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
6. वेण्डर मार्केट के बगल अपर बाजार निकलने वाले रास्ते में स्लाईडिंग बैरियर।
7. सुभाष चौक से गाँधी चौक एवं भूतहा तालाब रोड पर ड्रॉप गेट।
8. शहीद चौक से गाँधी चौक जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
9. पुस्तक पथ में कोतवाली थाना के सामने ड्रॉप गेट।
10. जैन मंदिर के आगे बकरी बाजार जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
11. जैन मंदिर के पीछे से सेवा सदन जाने वाले रास्ते पर स्लाईडिंग बैरियर।
12. चुरूवाला चौक के पास ड्रॉप गेट।
13. बारूद चौक के पास ड्रॉप गेट।
14. बारूद चौक से राजस्थान मित्र मण्डल (सेवा सदन) जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
15. सेवा सदन के आगे लक्ष्मी नारायण मन्दिर के पास ड्रॉप गेट।
16. सेवा सदन के पहले नालन्दा फर्निचर के पास ड्रॉप गेट।
17. बड़ा तालाब छठ घाट के पास स्लाईडिंग बैरियर।
18. रंगरेज गली से बकरी बाजार जाने वाले रास्ते पर स्लाईडिंग बैरियर।
19. गाँधी चौक से बकरी बाजार जाने वाले रास्ते पर स्लाईडिंग बैरियर।
20. नॉर्थ मार्केट रोड से बकरी बाजार जाने वाले तीनों रास्ते पर ड्रॉप गेट।
21. किशोरी यादव चौक से महाबीर चौक अपर बाजार आने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
22. नागाबाबा खटाल से महाबीर चौक जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
23. नागाबाबा खटाल के बगल न्यू सब्जी मार्केट से महाबीर चौक जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
24. किशोरी यादव चौक के बगल से गौशाला कटिंग जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
25. भूतहा तालाब चौक के पास 02 (दो) ड्रॉप गेट।
26. जालान रोड स्थित चौक पर ड्रॉप गेट।
27. न्यू मार्केट चौक के आगे लोहा पट्टी अपर बाजार जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
28. गौशाला कटिंग के आगे किशोरी यादव चौक निकलने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
29. शनि मंदिर चौक से बकरी बाजार जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
30. गाड़ीखाना चौक से बकरी बाजार जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
31. किशोरगंज से बड़ा तालाब के रास्ते पर ड्रॉप गेट।
32. किशोरगंज चौक में गाड़ीखाना से जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
33. मिनाक्षी सिनेमा हॉल गली के पास ड्रॉप गेट।
34. दुर्गा मन्दिर चौक के पास ड्रॉप गेट।
35. पहाड़ी मन्दिर से सटे सुखदेवनगर थाना मोड़ पर ड्रॉप गेट।
36. हॉटलिप्स से दुर्गा मन्दिर जाने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
37. मुक्तिधाम के पास सहजानन्द से आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
38. पहाड़ी मन्दिर सुलभ शौचालय के पास ड्रॉप गेट।
39. गौशाला कटिंग से पहाड़ी मन्दिर जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
40. गाड़ीखाना के पास इरगुटोली रोड पर ड्रॉप गेट।
41. न्यू मार्केट चौक पर पिस्का मोड़ जाने वाले दोनों लेन पर ड्रॉप गेट।
42. पिस्का मोड़ पर ड्रॉप गेट।
43. जज कॉलोनी के पास ड्रॉप गेट।
44. चापुटोली से पुरानी अरगोड़ा वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
45. चडरी से फिरायालाल आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
46. फिरायालाल से प्लाजा जाने वाले मार्ग पर के0डी0 दूकान के पास स्लाईडिंग बैरियर।
47. एस.एन. गांगुली/लालजी हिरजी/विष्णु गली/बुधिया गली में ड्रॉप गेट।
48. राधेश्याम गली में दोनों तरफ ड्रॉप गेट।
49. काली मन्दिर से चर्च रोड जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
50. डेली मार्केट के पूरब कपड़ा मार्केट वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
51. उर्दू लाईब्रेरी से लेक रोड जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
52. उर्दू लाईब्रेरी से चर्च रोड जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
53. उल हाउस से चर्च रोड जाने वाले मार्ग पर स्लाईडिंग बैरियर।
54. रतन पी.पी. के पास फिरायालाल आने वाले रास्ते पर ड्रॉप गेट।
55. विक्रांत चौक पर चर्च रोड में ड्रॉप गेट।
56. मुण्डा चौक के पास स्टेशन जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
57. रेलवे भर्ती बोर्ड के पास स्टेशन जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
58. चुटिया थाना मोड़ के पास ड्रॉप गेट।
59. इन्दिरा चौक, चुटिया पर ड्रॉप गेट।
60. राँची रेलवे स्टेशन से रेलवे भर्ती बोर्ड जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
61. पटेल चौक से स्टेशन जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
62. कोकर से तिरिल मोड़ आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
63. राम लखन सिंह यादव कॉलेज के पास ड्रॉप गेट।
64. मिशन चौक से सर्जना जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
65. प्लाजा चौक के पास ड्रॉप गेट।
66. जेल चौक से चडरी जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
67. जे0पी0एस0सी0 कार्यालय के पास ड्रॉप गेट।

(ड़) निम्नांकित स्थानों पर भारी वाहनों के लिए प्रवेश निषेद्य हेतु ड्रॉप गेट लगाया जाऐगा :–

1. कटहल मोड़ के पास दोनों मार्ग पर ड्रॉप गेट।
2. तिलता चौक से रातु रोड आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
3. लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पास ड्रॉप गेट।
4. वेटनरी कॉलेज रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
5. बोड़ेया रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
6. बी0आई0टी0 रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
7. बुटी मोड़ में बरियातु जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
8. खेलगॉव से कोकर जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
9. दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
10. दुर्गा सोरेन चौक से मकचुन्द टोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
11. रामपुर के पास ड्रॉप गेट।
12. खरसीदाग के पास ड्रॉप गेट।
13. ब्रीजफोर्ड स्कूल के पास ड्रॉप गेट।
14. सतरंजी ओवरब्रीज के पास ड्रॉप गेट।
15. बिरसा चौक के पास ड्रॉप गेट।
16. शहीद मैदान के पास ड्रॉप गेट।

पुलिस अधीक्षक यातायात, राँची।

**DROP GATE AND PARKING FOR RANCHI DURGA PUJA 2022**




PR 278930 Police(22-23)D

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बारबाटी विधायक मोहम्मद मुकिम को 3 साल की जेल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक बारबाटी के कोंग्रेस विधायक मोहम्मद मुकिम को गुरुवार को ओडिशा ग्रामीण आवास और विकास निगम (ओआरएचडीसी) भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई करते हुए एक विशेष सतर्कता अदालत ने 3 साल की जेल की कठोर सजा सुनायी है। अदालत ने पूर्व आईएएस अधिकारी विनोद कुमार कंपनी सचिव श्वस्थि रंजन महांती और मेट्रो बिल्डर्स निदेशक पीयूष महांती को भी दोषी पाया है और प्रत्येक को 3 साल की जेल की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार, इन सभी को जेल की सजा के साथ-साथ 50,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। 50,000 रुपये का जुमार्ना अदा न करने पर प्रत्येक मामले में 6 महीने की अवधि के लिए अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। विजिलेंस ने कहा कि अभिराम कर पूर्व डीएसपी विजिलेंस सेल कटक ने मामले की जांच की और हेमंत कुमार स्वाईं स्पेशल पीपी विजिलेंस भुवनेश्वर ने अभियोजन पक्ष की ओर से मामले का संचालन किया। सूचना मुताबिक कि महांती और मुकिम मेट्रो बिल्डर्स के प्रमुख थे, जो साल 2001 के दौरान ऋण घोटाले में लाभार्थियों में से एक था। आरोप था कि इस अवधि के दौरान अयोग्य लाभार्थियों को ओआरएचडीसी ने ऋण दिया था, जिसमें मेट्रो बिल्डर्स को 150 लाख रुपये का ऋण मिला था।

### जैन श्वेतांबर तेरापंथ समाज का नवरात्र पर भक्तामर स्त्रोत यंत्र दिव्य शक्ति अनुष्ठान




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** तेरापथं भवन में तेरापथं महिला मंडल भुवनेश्वर द्वारा आयोजित भक्तामर स्त्रोत यंत्र दिव्य शक्ति अनुष्ठान 26 सितंबर से 4 अक्टूबर तक रखा गया है। प्रातः 5:30 बजे से 7 बजे तक अनुष्ठान का समय रखा गया है। मुनिश्री डॉ ज्ञानेंद्र कुमार यह अनुष्ठान विधि विधान से करवाते हैं। मुनिश्री डॉ ज्ञानेंद्र कुमार भक्तामर अनुष्ठान के विशिष्ट संत है। वे डेढ़ घंटे तक यह मंत्र अनुष्ठान करवाते हैं। मंत्र शक्ति से वातावरण शुद्ध होता है और कष्टों का निवारण होता है। इस प्रकार का आध्यात्मिक अनुष्ठान भुवनेश्वर में पहली बार तेरापथं महिला मंडल ने आयोजित किया है। मंडल की पुर्व अध्यक्षा मुन्नी बेताला तथा मंडल सदस्य मोनिका कोचर ने सभी सदस्यों के नाम लिये। अनुष्ठान की समाप्ति पर सीद्द मंत्र की तस्वीर तथा पुस्तक सभी भाग लेने वालों को दी जायेगी। तेरापथं सभा, तेरापथं महिला मंडल तथा युवक परिषद के सदस्य सहयोग कर रहे हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जानकी बल्लभ की पत्नी जयंती पटनायक का निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जानकी बल्लभ पटनायक की धर्मपत्नी जयंती पटनायक का बुधवार रात को निधन हो गया। वे 90 साल की थीं। मौत के समय उनके पुत्र पृथ्वी पटनायक, वधु सस्मिता पटनायक, बेटी सुदत्ता पटनायक, दामाद सौम्यरंजन पटनायक उपस्थित थे। गुरुवार को पुरी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू, राज्यपाल प्रो गणेशीलाल मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शरत पटनायक समेत अनेक मान्यगण्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। श्रीमती जयंती पटनायक चार बार सांसद रहीं। साल 1981 में वह पहली बार कटक लोकसभा सीट से उप-चुनाव में जीत कर सांसद बनी थीं। इसके बाद साल 1984 में दूसरी बार वह कटक से सांसद बनीं। इसी तरह 1996 व 1998 में वह ब्रह्मपुर लोकसभा सीट से सांसद बनी थीं।

# एनटीपीसी की चौथी कोयला खदान चट्टी बरियातू कोयला उत्पादक लीग में शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी ने गुरुवार को को झारखंड के हजारीबाग जिले में स्थित चट्टी-बरियातू कोयला खदान से कोयला उत्पादन शुरू किया है। हजारीबाग की उपायुक्त आइएएस नैंसी सहाय की गरिमामयी उपस्थिति में कोयला उत्पादन का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे, पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी; बीएम सिंह, परियोजना प्रमुख, चट्टी-बरियातू; फैज तैयब, परियोजना प्रमुख, केरेदारी, टीके कोनार, जीएम (टीएस), सीएमएचक्यू और एनटीपीसी और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस उपलब्धि के साथ, चट्टी-बरियातू एनटीपीसी की चौथी कोयला उत्पादक खदान बन गयी है। 25.04.2022 को चट्टी-बरियातू में खनन कार्य शुरू हुआ और एक महीने के भीतर (21.05.2022 को) एनटीपीसी ने कोयला सीम को छू लिया। इस खदान की पीक-रेटेड क्षमता 7 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगी, जिसे 4 वर्षों में प्राप्त किया जाना है। इस खदान से निकलने वाले कोयले का इस्तेमाल एनटीपीसी के पावर स्टेशनों में किया जायेगा।



इस ऐतिहासिक अवसर पर पार्थ मजूमदार ने परियोजना प्रमुख, चट्टी-बरियातू और उनकी पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। ऋत्विक-एएमआर, एमडीओ; कोयला उत्पादन शुरू करने के लिए ग्रामीणों और नेताओं सहित सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने डीसी हजारीबाग और उनकी टीम से प्राप्त निरंतर समर्थन और सहयोग की सराहना की ।

हजारीबाग उपायुक्त और हजारीबाग एसपी ने श्री को बधाई दी। पार्थ मजूमदार और उनकी पूरी कोयला खनन टीम ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने के लिए ग्रामीणों और अन्य हितधारकों के साथ अच्छे संपर्क बनाए रखने सहित उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर बीएम सिंह ने जिला प्रशासन और सभी ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चट्टी-बरियातू से कोयला शुरू में एनटीपीसी के उत्तरी करनपुरा एसटीपीपी को भेजा जायेगा।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, एनटीपीसी चट्टी-बरियातू खान साइट कार्यालय में डीसी हजारीबाग, एसपी हजारीबाग और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

## एनटीपीसी और ग्रिडको के बीच समझौते पर हस्ताक्षर




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** महारत्न पब्लिक सेक्टर कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड और ग्रिडको लिमिटेड के बीच बिजली बिक्री समझौते (पीएसए) पर हस्ताक्षर किये गये। उमाकांत साहू निदेशक ग्रिडको लिमिटेड और सुबोध कुमार प्रधान अतिरिक्त महाप्रबंधक वाणिज्यिक एनटीपीसी इआर2-मुख्यालय ने निकुंजा बिहारी धल आईएएस मुख्य सचिव ऊर्जा ओडिशा सरकार, त्रिलोचन पंडा प्रबंध निदेशक ग्रिडको और अमिय कुमार पाढ़ी महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) एनटीपीसी इआर 2-मुख्यालय की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत एनटीपीसी भारत सरकार का अंडर टेकिंग ग्रिडको को 200 मेगावाट सौर ऊर्जा बेचने और उपलब्ध कराने के लिए सहमत हो गया है। इसी तरह के एक पीएसए पर एनटीपीसी और ग्रिडको के बीच 18 अप्रैल 2022 को 200 मेगावाट के लिए हस्ताक्षर किये गये थे। इसके साथ एनटीपीसी इस डेवलपर मोड के तहत ग्रिडको को 400 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति करेगा।

## हिंदी पूरे देश को एकसूत्र में पिरोती है : ओम प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में गुरुवार को राजभाषा पखवाड़ा, 2022 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह ओम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में केशव राव, निदेशक, पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जुगल कुमार बोरा, निदेशक तथा अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक एमसीएल, जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्षा सरिता पटेल एवं रस्मिता बेहुरा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षीय संबोधन में सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि हिंदी पूरे देश को एकसूत्र में पिरोती है, जो देश के बहुत बड़े भू-भाग के आपसी संवाद का माध्यम है। हिंदी हम सबको जोड़ती है और हम राजभाषा हिंदी के उपयोग एवं प्रचार-प्रसार में जितना अधिक अपना योगदान देंगे, देश की एकता को उतना ही बल मिलेगा। हमारे कार्यालयों में राजभाषा के क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार में दिनोदिन वृद्धि हो रही है। उन्होंने राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी ।



केशव राव, निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी, हिंदीतर भाषी राज्यों में एक-दूसरे की संपर्क भाषा के रूप में उभर रही है। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

सौमेन घोष, महाप्रबंधक ने वहॉ उपस्थित अतिथियों/ प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि जो राजभाषा पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुसंख्यक अधिकरी/ कर्मचारी शामिल हुए हैं, इससे साबित होता है कि लोगों में हिंदी के प्रति लगाव बढ़ा है। कार्यक्रम में राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन पुरस्कार, 2021-22 के लिए चयनित क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय के विभागों को अध्यक्ष महोदय तथा निदेशकगण द्वारा मेमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इसी दौरान एमसीएल की गृह पत्रिका राजभाषा दर्पण के ई-पत्रिका के तृतीय अंक एवं दैनिक कार्यालयीन कार्यों में प्रयुक्त होने वाले छोटी-छोटी टिप्पणियों की बुकलेट का भी विमोचन निदेशक मंडल एवं जागृति महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे हास्य कविगण पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा (दिल्ली), कुमार ब्रिजेंद्र (रांची), अनिल चौबे (वाराणसी), कृष्णकांत अग्निहोत्री (कानपुर), ज्ञानरंजन होता (कटक), एवं अना देहेलवी (दिल्ली) द्वारा अपनी प्रस्तुति दी।

## जिंदल स्टील ओड़िशा के अंगुल में 19.2 एमटीपीए स्टील प्लांट के लिए जनसुनवाई सफलतापूर्वक पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल में जिंदल स्टील ओडिशा द्वारा 19.2 एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए जनसुनवाई बैठक बुधवार को अंगुल के सभाघर हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गयी है। जनसुनवाई में प्रस्तावित परियोजना के प्रभावित गांवों के 600 से अधिक लोगों ने भाग लिया और परियोजना के विस्तार के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता अंगुल के एडीएम रजनीकांत स्वाईं ने की। बैठक का संचालन राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनूप मलिक ने किया। बैठक में बैतूरा दीप उप-जिलापाल अंगुल और ईशानी पंडा एलएओ अंगुल उपस्थित थे। इस प्रकल्प पूरा होने के बाद अंगुल में जेएसओएल के इस्पात संयंत्र की क्षमता 25.2 एमटीपीए हो जायेगी, जो इसे एक ही स्थान पर दुनिया का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बना देगा।



कार्यक्रम की शुंआत में जिंदल स्टील एंड पावर के पर्यावरण विभाग के प्रमुख आलोक साहू ने इस परियोजना में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी इस विस्तार परियोजना पर 1,19,952 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। जिसके तहत 9400 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिसमें स्थानीय क्षेत्र से अकुशल, अर्ध कुशल और मुख्य रूप से स्थानीय क्षेत्रों और बाहर से कुशल कर्मियों को शामिल किया जायेगा।

जिंदल स्टील एंड पावर के अधिकारियों ने बताया कि बहुत जल्द प्रकल्प एरिया में एक मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना की जायेगी। इस बैठक में छेन्डीपदा विधायक सुशांत कुमार बेहेरा, अंगुल पौरापालिका अधक्ष अक्षय कुमार सामंत, संबलपुर सांसद प्रतिनिधि अगस्ती बेहेरा के साथ इसके कार्यकारी निदेशक हृदयेश्वर झा, उपादक्ष एसके शर्मा व उपाध्यक्ष आशीष पांडेय कंपनी की ओर से उपस्थित थे।

### रूस ने यूक्रेन के चार राज्यों को अपने में किया शामिल

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन के 4 राज्यों को रूस ने शुक्रवार को अपने इलाके में शामिल कर लिया। ये इलाके हैं- डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जपोरिजिया। क्रेमलिन में एक खास समारोह में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इन चारों राज्यों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में समझौते पर दस्तखत किये।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**